4 रायपुर संभाग
ग्रामीण के शिकायत पर बिना जांच किए एसडीएम ने ...

6 अभिमत
चुनावों की घोषणा जनता की इच्छा

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंस के फैमिली...

10 संस्कारधानी
किवंदती बन चुकी माताओं के दर्शनार्थ उमड़े नागरिक...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-59 मूल्य 3.00 ₹

चिक न्यूज़

भारत का मानवाधिकार रिकार्ड बेजोड़, कई देशों से काफी आगे : धनखड़

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत का मानवाधिकार रिकॉर्ड बेजोड़ है और

विशेष रूप से अल्पसंख्यकों, हाशिए पर रहने वालों तथा समाज के कमजोर वर्गों के मानवाधिकारों के संरक्षण में वह अन्य देशों से काफी आगे है। धनखड़ ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 31वें स्थापना दिवस पर वृद्ध व्यक्तियों के अधिकारों पर एक समारोह और राष्ट्रीय सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना 12 अक्टूबर 1993 को की गई थी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग घटनाएं भारत और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड को परिभाषित नहीं कर सकतीं।

राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर

शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में 21 अक्तूबर, 1959 को सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा घात लगाकर किए हमले में पुलिस के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन शहीदों एवं ड्यूटी के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले अन्य सभी पुलिसकर्मियों की स्मृति में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारत ने पापुआ न्यू गिनी को 12 हेमो-डायलिसिस मशीनें दीं

नयी दिल्ली। भारत ने प्रशांत महासागर के द्वीप समूह में स्थित पापुआ न्यू गिनी को पोर्टेबल आरओ इकाइयों के साथ 12 हेमो-डायलिसिस मशीनें प्रदान की हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा है कि भारत प्रशांत द्वीपीय परिवार के साथ खड़ा है। तृतीय फिपिक शिखर सम्मेलन में की गई भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए, पोर्टेबल आरओ इकाइयों के साथ 12 हेमो-डायलिसिस मशीनों की पहली खेप गुजरात के पिपावाव बंदरगाह से पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी के लिए रवाना हुई। जायसवाल ने कहा कि भारत की यह सहायता पापुआ न्यू गिनी की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करेगी।

भारतमाला परियोजनाः भू - अधिग्रहण में करोड़ों रूपए की गड़बड़ी

एक ही परिवार के सदस्यों को 70 करोड़ से अधिक का भुगतान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर/धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतमाला परियोजना में भू-अधिग्रहण को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे है। राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर की टीम ने मामले की पड़ताल की तो मुआवजे के आंकड़ो ने हैरान कर दिया। दरअसल में अभनपुर बेल्ट में 9.38 किलोमीटर के लिए 324 करोड़ की मुआवजा राशि निर्धारित की गई। जिसमें से 246 करोड़ रूपए मुआवजा प्रदान किया जा चुका है। वहीं 78 करोड़ रूपए अभी भुगतान किया जाना शेष है। हैरत की बात यह है कि धमतरी-कुरूद बेल्ट में 51.97 किलोमीटर के लिए 108 करोड़ की मुआवजा राशि निर्धारित है जिसके लिए अभी तक 96 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष राशि विभिन्न कारणों से लंबित है। अब सवाल यह उठता है कि अभनपुर में 9.38 किलोमीटर के लिए 324 करोड़ रूपए अवार्ड राशि तय की गई। वहीं कुरूद और धमतरी बेल्ट में 51.97 किलोमीटर के लिए महज 108 करोड़ रूपए की मुआवजा राशि तय

फाइल फोटो

हुई कैसे? यह बात जरूर हो सकती है कि अभनपुर और कुरूद-धमतरी की जमीनों की दर में अंतर होगा। लेकिन इतने बड़े अंतर को लेकर सवाल तो खड़े होंगे ही। इतना ही नहीं महासमुंद जिले के एक ही परिवार के सदस्यों को 70 करोड़ रूपए की मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। बहरहाल जांच होने पर इसमें और भी हैरान करने वाले तथ्य आ सकते हैं।

वहीं इस मामले को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने 300 करोड़ रूपए से भी अधिक की गड़बड़ी का आरोप लगाया है। बहरहाल विस्तृत जांच में गड़बड़ी के वास्तविक आंकड़ों का खुलासा हो सकेगा। आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा रायपुर विशाखापट्टनम भारतमाला राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए किलोमीटर 43.600 से किलोमीटर 79.800 दुर्ग-रायपुर खण्ड हेतु अर्जित की गई भूमि के प्रभावित ग्राम बगतरा में कुल खसरा 54 में अर्जित की गई भूमि में करोड़ों रूपये की फर्जीवाड़े की शिकायत की है। आरटीआई कार्यकर्ता साहू द्वारा रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर भारतमाला परियोजना सड़क निर्माण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभनपुर, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी द्वारा पद का दुरूपयोग करते हुए जानबूझकर भू-माफियाओं से सांठ-गांठ कर भू-अर्जन व मुआवजा राशि के भुगतान में शासन को करोड़ों रूपये की आर्थिक क्षति पहुंचाकर भ्रष्टाचार किए जाने की जांच कर विधिपूर्ण कार्यवाही के लिए लिखित में शिकायत दस्तावेजों के साथ शासन को किया गया है। जिसके बाद कलेक्टर रायपुर द्वारा जांच कमेंटी का गठन कर अपर कलेक्टर विरेन्द्र कुमार पंचभाई एवं निधि साहू को जांच अधिकारी बनाया गया था। जांच पश्चात जिला कलेक्टर रायपुर द्वारा सचिव राजस्व विभाग को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। रायपुर से विशाखापटटनम इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क निर्माण के लिए भारत का राजपत्र सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के अनुसार प्राप्त होने के पश्चात जिम्मेदार एवं सक्षम अधिकारी 30.01.2020 के पश्चात सडक निर्माण में प्रभावित निजी भूमि के मूल खसरा एवं रकबा को टुकडा-टुकडा उपखण्डों में विभाजित कर मुआवजा राशि के निर्धारण में अर्जन की जाने वाली निजी भूमि के बदले प्रभावितों को गलत ढंग से अधिक मुआवजा देकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाया गया है। कृष्णकुमार साहू ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिम्मेदार एवं सक्षम प्राधिकारी भू-अर्जन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी अभनपुर तथा राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी द्वारा क्षेत्र के भू-माफियाओं से सांठगांठ कर दस्तावेजों में हेरफेर कर भारी घोटाला किया गया है। जिसके संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर सहित जिले के वरिष्ठ आधिकारियों को इस संबंध में शिकायत की है।

जिम्मेदार लोक सेवकों द्वारा जानबुझकर अपने पद कर्तव्य का दुरूपयोग कर

शासन को आर्थिक क्षति पहुचाने का अपराधिक कृत्य किया गया है। वैधानिक कार्यवाही के लिए आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों में प्राथमिकी दर्ज होना चाहिए।

- कृष्ण कुमार साहू

पीएम मोदी आज कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' - राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के अनुकूल सिविल सेवा की कल्पना की गई है। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह (एनएलडब्ल्यू) अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा जो सिविल सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास की दिशा में नई प्रेरणा प्रदान करेगा। यह पहल सीखने और विकास के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करेगी। एनएलडब्ल्यू का लक्ष्य 'एक सरकार' का संदेश देना, सभी को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ जोड़ना और आजीवन शिक्षण को बढ़ावा देना है।

सुप्रीम कोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कार्यवाही बंद की

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु जग्गी वासुदेव के कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन के खिलाफ दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय की कार्यवाही का दायरा बढ़ाने को शुक्रवार को अनुचित करार दिया और कार्यवाही बंद कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने महसूस किया कि उच्च न्यायालय द्वारा बंदी प्रत्यक्षीकरण कार्यवाही के दायरे को बढ़ाना अनुचित था, क्योंकि उच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र अच्छी तरह से परिभाषित है। इस मामले में उच्च न्यायालय की ओर से कार्यवाही का विस्तार करना अनावश्यक था। शीर्ष अदालत ने पाया कि 39 और 42 वर्ष की दो महिलाओं ने इस अदालत के साथ-साथ पुलिस के समक्ष अपने बयान दिए थे कि वे स्वेच्छा से और अपनी स्वतंत्र इच्छा से आश्रम में रह रही थीं। सुनवाई करते हुए पीठ ने फाउंडेशन से यह भी कहा कि वह धर्मनिरपेक्ष कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करे।

रक्षा क्षेत्र में 'भागीदारी' से नेतृत्व की ओर बढे निजी क्षेत्र : राजनाथ

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निजी क्षेत्र से रक्षा क्षेत्र में 'भागीदारी' से 'नेतृत्व' की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया है और भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र तथा दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक बनाने के लिए सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। सिंह डीआरडीओ भवन में रक्षा प्रौद्योगिकी को बढावा देने पर आयोजित डीआरडीओ-उद्योग कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों , शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने हाल के दिनों में रक्षा क्षेत्र में बदलाव पर विचार साझा करते हुए कहा कि, आज, प्रौद्योगिकी ने पारंपरिक युद्ध को अपरंपरागत युद्ध में बदल दिया है।उन्होंने कहा, ÷आधुनिक युद्ध में ड्रोन, साइबर युद्ध, जैव-हथियार और अंतरिक्ष रक्षा जैसे नए आयाम जोड़े गए हैं। इस परिवर्तनकारी चरण में, रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाएगा। हमारे वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और युवा उद्यमियों को इस प्रयास में एक साथ काम करते हुए देखना खुशी की बात है। यह निजी क्षेत्र के लिए नेतृत्व करने का समय है क्योंकि इसमें तेजी से बदलावों को अपनाने और नए नवाचार की क्षमता है। सिंह ने गैर परंपरागत युद्ध में बढत हासिल करने के लिए लीक से हटकर विचारों को अपनाने का एकमात्र तरीका बताया। इसे एक कठिन कार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रयास में युवाओं, वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों और एमएसएमई को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र को और अधिक नवीन और प्रौद्योगिकी-उन्मुख बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। अनुसंधान एवं विकास परिदृश्य को मजबूत करने और वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ावा देने के लिए डीआरडीओ द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना पात्र उद्योगों को अनुदान सहायता के रूप में कुल परियोजना लागत का 90 प्रतिशत तक प्रदान कर रही है।

सभी के लिए अवसर पैदा करने की भी चुनौती है : सीतारमण

वार्ता ➤ मैक्सिको सिटी
www.dailypioneer.com

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए, चुनौतियाँ केवल विकास के आसपास ही नहीं हैं, बल्कि अंतर को पाटना और सभी के लिए अवसर पैदा करना भी है, और इसके लिए जिम्मेदार पूंजीवाद की जरूरत है। सीतारमण ने ग्वाडलजारा के चैंबर ऑफ कॉमर्स में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की, जिसमें 'भारत और मैक्सिको के बीच तकनीकी सहयोग को मजबूत करना' पर चर्चा की गई। उन्होंने समान स्थिति वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए अवसर और जिम्मेदारियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे भारत मैक्सिको एक दूसरे के साथ लाभ उठा सकते हैं और सहयोग कर सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि मैक्सिको निकटवर्ती क्षेत्र के माध्यम से फल-फूल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच सहयोग हुआ है और प्रतिभाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त प्रयास संभव हुए हैं। वित्त मंत्री ने 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते हुए भारत में हो रहे तेजी से बदलाव पर प्रकाश डाला। भारत मैक्सिको के बीच विकास और सहयोग के नए क्षेत्रों का हवाला देते हुए सीतारमण ने उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के संबंध में की गई प्रमुख बजट घोषणा का उल्लेख किया और स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा, कृषि और टिकाऊ शहरों में ए आई के क्षेत्रों में काम करने के लिए भारत में हाल ही में पहचाने गए और घोषित उत्कृष्टता केंद्र के बारे में जानकारी साझा की।

बेनामी लेनदेन कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने 2022 का अपना फैसला लिया वापस

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को वर्ष 2022 के अपने उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 3(2) को असंवैधानिक घोषित किया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि असंशोधित बेनामी लेनदेन अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिकता को मूल कार्यवाही में कभी नहीं उठाया गया या इस पर बहस नहीं की गई। शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार की समीक्षा याचिका स्वीकार कर ली। पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि बेनामी लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 के असंशोधित प्रावधान की धारा 3 (2) को स्पष्ट रूप से मनमाना और संविधान के अनुच्छेद 20 (1) का उल्लंघन करने के कारण असंवैधानिक घोषित किया गया था। शीर्ष अदालत ने पाया कि 2016 के संशोधन से पहले असंशोधित अधिनियम की धारा 5 के प्रावधानों को इस आधार पर असंवैधानिक घोषित किया गया है कि वे स्पष्ट रूप से मनमाने हैं। पीठ ने कहा, ÷यह निर्विवाद है कि असंशोधित प्रावधान की संवैधानिक वैधता को कोई चुनौती नहीं दी गई थी। वास्तव में, पीठ के समक्ष विचार के लिए उठे प्रश्न से यह स्पष्ट है कि समीक्षा की अनुमति दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, इन परिस्थितियों में हम 23 अगस्त 2022 के फैसले को वापस लेते हैं और समीक्षा याचिका को अनुमति देते हैं। इस तरह सिविल अपील को प्रशासनिक पक्ष पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा नामित पीठ के लिए नए सिरे से निर्णय के लिए बहाल किया जाता है। पीठ ने हालांकि, स्पष्ट किया कि समीक्षा पीठ प्रावधानों की वैधता पर कुछ भी नहीं कह रही थी और मामले को नए सिरे से विचार के लिए छोड़ दिया गया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से मेहता ने तर्क दिया कि फैसले से ही यह स्पष्ट था कि दोनों पक्षों में से किसी ने भी असंवैधानिकता के बारे में कोई दलील नहीं दी। उन्होंने कहा कि फैसले ने असंशोधित प्रावधानों को खारिज कर दिया, जबकि उन्हें 2016 में संशोधित किया गया था। शीर्ष अदालत के अगस्त 2022 के फैसले में कहा गया कि बेनामी अधिनियम में 2016 के संशोधन का पूर्वव्यापी प्रभाव नहीं होगा।

अवैध शराब और नशे के कारोबार पर कड़ाई से लगाया जाए अंकुश

अपराधों पर नियंत्रण के लिए सख्ती से की जाए कार्यवाही : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में कानून और व्यवस्था बहाल रखना चाहिये। पुलिस त्वरित कार्यवाही करे और चौकन्ना रहे। बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर होनी चाहिए और इन घटनाओं के संभावित परिणाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जाए। गांजा, अवैध शराब, ड्रग्स की तस्करी पर मुस्तैदी से कार्यवाही हो। साय ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में पुलिस की गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए।

पुलिस के आला अफसर भी अनिवार्य रूप से पेट्रोलिंग करें। रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, हवाई अड्डों के साथ ही संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से पुलिस की पेट्रोलिंग होती रहनी चाहिए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शॉपिंग मॉल, दुकानों, होटलों आदि रात्रि के समय पर निर्धारित समय पर बंद होनी चाहिए। बियर बार एवं होटल निर्धारित समय पर बंद हो ऐसे होटल जहां शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिलती है उन पर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सायबर क्राईम को रोकने के लिए तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित गृह विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के हित में काम करने वाला एक विशाल संगठन है लघु उद्योग भारती

भिलाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उद्यमी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता के विकास और प्रदेश में नये निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लघु उद्योग भारती द्वारा सम्मेलन का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के हित में काम करने वाला एक विशाल संगठन है। देश में इस संगठन की करीब 1000 इकाईयां और 65000 सदस्य होना सचमुच गौरव की बात है। सरगुजा और बस्तर जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी संगठन ने अपना विस्तार किया है। इससे निश्चित ही इन क्षेत्रों में भी लघु और सूक्ष्म उद्योगों को ताकत मिल रही है और उद्यमिता का विकास हो रहा है। हमारे प्रदेश में खनिज सम्पदा का भंडार है। यहां का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। हमारे प्रदेश में मेहनतकश किसान है, इसलिए छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां पर उद्योग की बहुत अच्छी संभावना है। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि आगामी माह नवम्बर में प्रदेश की नई उद्योग नीति 2024-29 लांच करने की तैयारी है। इस नीति में छोटे और मझोले उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से प्रावधान किये जा रहे हैं। उद्यमियों की मांग पर मुख्यमंत्री साय ने लघु उद्योग भारती के लिए नया रायपुर में भूमि एवं मध्यप्रदेश के समान छत्तीसगढ़ में भी एमएसएमई (माइक्रो एंड स्माल मिडियम इंटरप्राइजेस) मंत्रालय के अधीन स्थापित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने लघु उद्योग भारती की 'छत्तीसगढ़ उद्योग दर्पण 2024' पुस्तक का विमोचन किया। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि हमारी सरकार उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

सरकार ने वायु प्रदूषण कम करने के निरंतर काम किया : गोपाल राय

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहा है लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदूषण स्तर को कम करने की दिशा में लगातार

काम हुआ है। राय ने प्रदूषण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहा है। हमारी सरकार बनने के बाद दिल्ली के वायु प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए लगातार काम किए हैं। विंटर एक्शन प्लान के तहत निर्धारित किए गए 21 फोकस बिंदुओं के आधार पर विशेष कदम उठाये जा रहे हैं। सर्दी के मौसम में हॉटस्पॉट में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, जिसको लेकर आज सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ की संयुक्त बैठक की गई। हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान बनाई गई है। साथ ही इसके लिए नोडल विभाग भी बनाया गया जो प्रदूषण को काम करने के लिए कार्य करेगा। 'आप' नेता ने कहा कि दिल्ली के सभी 13 हॉटस्पॉट वाले स्थानों पर कार्य योजना बनाने के लिए दिल्ली नगर निगम के उपायुक्त को प्रभारी बनाया गया है।

महाराष्ट्र में सरकार ने लोगों के दस हजार करोड़ रुपये डकार लिए : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने नियम बदल कर करदाताओं की जेब पर डाका डाला है और उनके 10 हजार करोड़ रुपए निकालकर उन कंपनियों को दे दिये, जिन्होंने चुनावी बांड के जरिए भाजपा को चंदा दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन कंपनियों ने चुनावी बांड्स के जरिए चंदे लेकर महाराष्ट्र सरकार को दिया और सरकार ने दूसरे हाथ से उन कंपनियों को मालामाल कर दिया। उनके लिए नियम बदले गये और नियमों में परिवर्तन कर उनको लाभ पहुंचाने का काम किया गया है। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लूट करार दिया और कहा कि यह ठीक वैसी ही कहानी जैसी हम बचपन से सुनते आए हैं कि जब भी कोई चोर बैंक में चोरी करने जाता है, तो वह सुरंग बनाता है और अक्सर ऐसी चोरी में चौकीदार की चोर से मिलीभगत होती है। महाराष्ट्र में ऐसा ही एक कांड हुआ है, जिसमें 10 हजार करोड़ की डकैती खुद महायुति सरकार ने कराई है। ये 10 हजार करोड़ रुपए महाराष्ट्र की जनता के हैं, जो सरकार को टैक्स के रूप में दिए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा, ÷पहले 'चंदा दो-धंधा लो' की स्कीम चल रही थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे रोक दिया। जब से कोर्ट ने इनकी स्कीम को रोका है, तब से पैसे बटोरने की नई-नई स्कीमें बनाई जा रही हैं। जब टेंडर निकलते हैं तो उसके कई मापदंड होते हैं, जिन्हें कई गाइडलाइन को ध्यान में रखकर बनाया जाता है लेकिन इन सारे मापदंडों को बदल दिया गया। नियमों में बदलाव का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा एक मापदंड है कि किसी भी एक कंपनी को दो से ज्यादा प्रोजेक्ट नहीं मिल सकते लेकिन दो कंपनियों को 4-4 प्रोजेक्ट दे दिए गए हैं।

प्रदेश में केमिकल, फार्मा, पेट्रो केमिकल और प्लास्टिक जैसे उद्योगों के लिए है बेहतरीन इकोसिस्टम : यादव

एजेंसी ◄ मुंबई/भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में केमिकल, फार्मा, पेट्रो-केमिकल और प्लास्टिक जैसे उद्योगों के लिए बेहतरीन इको-सिस्टम विद्यमान है। डॉ. यादव मुंबई में इंडिया केम- 2024 के 13वें संस्करण को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नडडा के साथ 'इंडिया केम-2024 एडवांटेज भारतः इंडियन केमिकल्स एंड पेट्रो-केमिकल्स पेविंग द फ्यूचर' के 13वें द्वि-वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं रसायन-उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी सहित फिक्की के पदाधिकारी और विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री कैटालाइजिंग इंडिया ऑन केमिकल एंड पेट्रो-केमिकल स्ट्रेटजीज फॉर ग्लोबल इंटीग्रेशन एंड ग्रोथ विषय पर फिक्की और अर्नेस्ट एंड यंग द्वारा तैयार 'नॉलेज पेपर' के विमोचन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीना में भारत पेट्रोलियम की 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पेट्रो-केमिकल परियोजना का भूमि-पूजन किया गया, जिसका कार्य आरंभ हो गया है। प्रदेश में 35 हजार करोड़ की गेल इंडिया की वृहद पेट्रो-केमिकल परियोजना का काम तेजी से जारी है, इससे 25 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। प्रदेश में केमिकल और पेट्रो-केमिकल क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनियां कार्यरत हैं। प्रदेश में 275 फार्मा यूनिट्स स्थापित हैं, जिनसे 160 से अधिक देशों को दवाएं निर्यात हो रही हैं। डॉ यादव ने कहा कि दवा निर्यात में मध्यप्रदेश का देश में चौथा स्थान है। वर्ष 2023-24 में 11 हजार 889 करोड़ रुपये के फार्मा प्रोड्क्ट का एक्सपोर्ट हुआ है। इस क्षेत्र में और अधिक निवेश आकर्षित करने तथा गतिविधियों को विस्तार देने के लिए राज्य सरकार आकर्षक फार्मा पॉलिसी बनाने जा रही है। हम एक फ्यूचर रेडी स्टेट हैं, रसायन और उर्वरक के क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयास, आने वाले समय में विकास की नई कहानी लिखने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर है। भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से बढ़कर 5वें पायदान पर आया है। मध्यप्रदेश, औद्योगिक गतिविधियों और निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में वर्तमान में 250 फार्मेसी और 35 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। केमिकल पेट्रो-केमिकल उद्योग के लिए प्रदेश में आवश्यक अधोसंरचना तैयार है। रायसेन जिले के तामोट, ग्वालियर के बिलोवा में प्लास्टिक पार्क तथा रतलाम में वृहद फार्मा बायोटेक केमिकल जोन का विकास हो रहा है। झाबुआ में मेघनगर के औद्योगिक क्षेत्र में केमिकल उद्योग के लिए आधुनिक अधोसंरचना, धार के पास बदनावर में पीएम मित्रा पार्क और भोपाल तथा ग्वालियर में केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान सीपेट की शाखाएं स्थापित की गई हैं। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिकीकरण तथा निवेश के क्षेत्र में केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन आरंभ किया गया है। अब तक उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो चुकी हैं। अगली इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शीघ्र ही रीवा में होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सभी प्रकार के उद्योगों के लिए संभावनाएं विद्यमान हैं। उद्योग समूहों तथा निवेशकों को इससे अवगत कराने और राज्य सरकार की नीतियों के बारे में बताने के उद्देश्य से मुम्बई सहित कोयंबटूर, बैंगलुरू और कोलकाता में रोड-शो किए गए हैं। प्रदेश में निवेश के लिए कई उद्योग समूहों ने पहल की है। उन्होंने कहा कि पेट्रो-केमिकल क्षेत्र में मध्यप्रदेश प्रगति करेगा। राज्य सरकार 'स्टेट ऑफ दी आर्ट पेट्रो-केमिकल इन्वेस्टमेंट रीजन' बनाने की योजना पर भी कार्य कर रही हैं। सीहोर-आष्टा एक प्रकार से देश का मध्य क्षेत्र है जहां विमानतल और रेल लाइन सहित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं विद्यमान हैं। रतलाम, झाबुआ और इन्दौर में भी फार्मा क्षेत्र में गतिविधियों के विस्तार के लिए कार्य किया जा रहा है। केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री नड्डा ने प्रदेश के बीना की भारत पेट्रोलियम पेट्रो-केमिकल परियोजना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेट्रो-केमिकल, फार्मा, रसायन और उर्वरक क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों से निवेश और रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन-उर्वरक राज्य मंत्री पटेल, गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल और ओडिशा के मुख्यमंत्री मांझी ने भी संबोधित किया।

फिक्की के पदाधिकारियों और विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने भी इंडिया केम-2024 में अपने विचार रखे।

स्पेशल काउंसिल मामले में मुख्यमंत्री मुख्य सचिव का नाम हटाने के निर्देश

एजेंसी ◄ नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कथित रूप से नियमों को ताक पर रखकर सरकारी मामले की पैरवी के लिये स्पेशल काउंसिल नियुक्त करने और लाखों खर्च रुपये भुगतान करने को दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को निर्देश दिये कि वह इस मामले से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव का नाम हटाये। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ में हुई। आदेश की प्रति मिल पाई। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता भुवन पोखरिया की ओर से जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया कि सरकारी मामले की सुनवाई के लिये बिना अनुमति के स्पेशल काउंसिल नियुक्त किया गया और लाखों रूपये का भुगतान भी कर दिया गया। इसके लिये न तो मुख्य सचिव और न ही न्याय विभाग से अनुमति ली गयी।

आगे कहा गया कि अदालत द्वारा पारित आदेश में विशेष काउंसिल का नाम भी पैरोकार के रूप में अंकित नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से इस मामले में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के अलावा अन्य लोगों को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत से मामले की जांच की मांग की गयी। महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को प्रतिवादी बनाये जाने का विरोध किया गया। अदालत ने भी इसे गंभीरता से लिया और याचिकाकर्ता को निर्देश दिये कि वह इस मामले से दोनों का नाम हटाये। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिये 26 दिसंबर की तिथि तय कर दी।

स्वार्थी सियासत का भी सूपड़ा साफ करना होगा : नकवी

वार्ता ◄ रामपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि बलवाइयों पर रहम, बाहुबलियों पर करम और समाज पर सितम की स्वार्थी सियासत का सूपड़ा साफ़ करना होगा। नकवी यहां भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम में नकवी ने कहा कि आज बलवाइयों, बाहुबलियों, बकैतों की सुरक्षा व संरक्षण नहीं बल्कि समाज की सुरक्षा, सौहार्द मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकता है। दंगों, दबंगों, बलवों, बलवाइयों से मुक्त और सुरक्षा, सौहार्द से युक्त समाज किसी भी सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। नकवी ने कहा, दंगों, दबंगों, बलवों, बाहुबलियों की आफ़त के सबसे बड़े शिकार बेगुनाह आम इन्सान होता रहा है, दंगा इन्सान ही नहीं इंसानियत को भी लहूलुहान करता है,चाहे वह किसी धर्म, जाति, समुदाय का हो। मोदी-योगी सरकार द्वारा आज अराजकता को किसी भी रुप में बर्दाश्त ना करने की स्पष्ट नीति ने समाज में भरोसा और समाज विरोधियों में भय सुनिश्चित किया है। नकवी ने कहा कि हमें सामंती सियासी सूरमाओं के सुल्तानी सांप्रदायिक साज़िश से सावधान रहना होगा, संवैधानिक पंथनिरपेक्षता और समावेशी समृद्धि के लिए समाज में सौहार्द और सुरक्षा सर्वाधिक ज़रूरी है। नकवी ने इस अवसर पर भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान के अन्तर्गत पार्टी की अपनी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण भी किया। नकवी ने कहा, भाजपा से एलर्जी को भाजपा विरोधियों की एनर्जी में जुटे कुछ गुमराह लोगों को भी हमें हमराह लाने का प्रयास करना होगा, भाजपा विकास में कमी नहीं करती तो विश्वास में कंजूसी नाजायज़ है।

पीलीभीत में युवती के साथ दुष्कर्म

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में गैर समुदाय के एक युवक ने अपनी पहचान छुपाकर हिंदू समुदाय की युवती से दोस्ती कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुनगढ़ी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि सोशल मीडिया पर 'राहुल' नाम से एक आईडी से उसकी बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने होली के त्योहार पर उसे मिलने के लिए पीलीभीत बुलाया और एक कैफे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसका वीडियो बनाकर उसे धमकी दी कि यदि उसने इस घटना की जानकारी किसी को दी, तो वह वीडियो वायरल कर देगा। आरोप है कि उसने कई बार युवती के साथ दुष्कर्म किया। 13 अक्टूबर को, जब आरोपी रामलीला के मेले में युवती से मिलने आया, तब उसने उसे जबरदस्ती अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। युवती ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसका गला दबा दिया। इस दौरान आरोपी ने अपनी असली पहचान बताई, जो 'जावेद' थी, और युवती को अपने साथ ले जाने तथा धर्म परिवर्तन करने के लिए धमकाया। सुनगढ़ी कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

आर्य समाज की विचारधारा और गुरुकुल की परम्परओं को बढ़ाने की जरूरत है : देवव्रत

एजेंसी ◄ अजमेर
www.dailypioneer.com

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा है कि मौजूदा विषम सामाजिक परिस्थितियों में आर्य समाज की विचारधारा और गुरुकुलों की परम्पराओं को बढ़ाने की जरूरत है। आचार्य देवव्रत राजस्थान में अजमेर स्थित ऋषि उद्यान पर आयोजित 'ऋषि मेले' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह वर्तमान में जो कुछ भी हैं, उसके पीछे ऋषि दयानंद और आर्य समाज है। वह इसे सौभाग्य मानते हैं कि हमारा परिवार अब भी गुरुकुल परम्परा का पालन कर रहा है। आचार्य देवव्रत ने कहा, मैं भी अपने बच्चों को कान्वेंट में पढ़ा सकता था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। आचार्य देवव्रत ने कहा कि सोशल मीडिया और साइंस का विश्व में तेजी से प्रचार हो रहा है, लेकिन हमारे गुरुकुल आधुनिकता के साथ भी जुड़े और प्राचीन परम्पराओं को भी साथ लेकर चलें। हमें इस बात पर चिंतन करना होगा कि हम कैसे लोग पैदा कर रहे हैं। मोबाइल लेने पर बच्चा ही मां- बाप का दुश्मन बन जाता है। उन्होंने धरती मां को जहरीला बनाने पर भी सवाल उठाये और कहा कि ऋषि दयानंद के समय प्राकृतिक खेती होती थी । लोग स्वस्थ और निरोगी होते थे, लेकिन अब खेती में वह बात कहां है।

समाजवादी पार्टी के डीएनए में अराजकता और दंगा फसाद : पाठक

देवरिया। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) के डीएनए में केवल अराजकता और दंगा फ साद है। देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में करीब चार करोड़ 39 लाख से निर्मित अधिवक्ता चेम्बर का का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही है। बहराइच की घटना को शासन ने बहुत ही गम्भीरता से लिया है और पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच चल रही है। इस मामले में जो भी दोषी होगा उन्हें कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह भी देखा जा रहा है कि इस मामले में अगर लापरवाही हुई है, तो किस स्तर पर हुई है और ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा के डीएनए में केवल अराजकता और दंगा फ़साद है। सपा बहराइच की घटना को दूसरे चश्मे से देख रही है जबकि भाजपा की सरकार उत्तर प्रदेश की जनता की सुविधा, कानून का राज तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्रावस्ती में इनामी बदमाश गिरफ्तार

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में बलरामपुर के एक वांछित अपराधी को पुलिस ने गुरुवार की रात को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इस अपराधी पर 50 हजार रुपये का इनाम था। मुठभेड़ में एक अदद

तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस 315 बोर और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बताया कि गुरुवार रात लगभग पौने ग्यारह बजे भिनगा पुलिस और सर्विलांस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बदमाश जो इनामिया है, नेपाल की ओर भाग रहा है। सूचना के आधार पर भिनगा के जंगल में घेराबंदी की गई। इस दौरान अपराधी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायर किया। मुठभेड़ में अपराधी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि घायल अपराधी की पहचान सोनू निवासी थाना इकौना के रूप में हुई है। यह अपराधी थाना इकौना का हिस्ट्रीशीटर है और इसके विरुद्ध बलरामपुर, गोण्डा, बहराइच और श्रावस्ती में बीस से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। इसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई है। सर्विलांस प्रभारी और थानाध्यक्ष भिनगा तथा उनकी टीम ने इस इनामी बदमाश को पकड़ने में सफलता हासिल की है, जिससे क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई को एक नई दिशा मिली है। पुलिस प्रशासन ने इस सफलता पर संतोष व्यक्त किया है और कहा है कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

सर्वोत्तम वोटर शिक्षा, जागरूकता मुहिम-2024 के लिये मीडिया पुरस्कार का ऐलान

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2024 के दौरान वोटर शिक्षा और चुनाव जागरुकता को उत्साहित करने के लिये मीडिया के शानदार प्रयत्नों को मान्यता देने के मद्देनज़र विशेष मीडिया पुरस्कारों का ऐलान किया है। यह पुरस्कार उन मुहिमों को सम्मान के तौर पर दिये जायेंगे, जिन्होंने मतदान प्रक्रिया, मतदान सम्बन्धी आई. टी. एप्लीकेशनों और अन्य मुख्य चुनाव विषयों के बारे जागरुकता पैदा करके मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान डाला है। पुरस्कार, एक प्रशंसा पत्र और मोमेंटो के रूप में होंगे, जो कि राष्ट्रीय वोटर दिवस, 25 जनवरी, 2025 को दिये जायेंगे। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि यह पुरस्कार चार श्रेणियों, प्रिंट मीडिया, टेलीविज़न, रेडियो और ऑनलाइन/ सोशल मीडिया को दिये जायेंगे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इन पुरस्कारों का मूल्यांकन वोटर जागरुकता मुहिमों की गुणवत्ता, पेश की गयी जानकारी की भरोसे योग्यता और मुहिम द्वारा कवर किये दायरे पर आधारित होगा। निर्वाचन आयोग के पत्र अनुसार, 'हम ऐसी मुहिमों की तलाश कर रहे हैं।

प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है : कंषाना

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार ने खरीफ में किसानों को आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया है और रबी में भी इसी प्रकार से किसानों की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध करायेगें। कंषाना श्यामला हिल्स स्थित निवास पर मीडिया से चर्चा में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि फसलों के लिये नाईट्रोजन, फास्फोरस और पोटास की आवश्यकता होती है। डीएपी से नाइट्रोजन एवं फास्फोरस की ही पूर्ति हो पाती है, जबकि एनपीके के उपयोग से नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीनों तत्वों की पूर्ति हो जाती है। इसलिये किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह दी जा रही है। केन्द्र सरकार ने डीएपी उर्वरक पर सब्सिडी बढ़ा दी है जिससे कि किसानों को किसी तरह की समस्या न हो। एक बैग यूरिया की कीमत 2 हजार 265 रूपये है। जबकि सरकार इसे सस्ते दर पर किसानों को 266.50 रूपये में उपलब्ध करा रही है। इसी प्रकार डी.ए.पी की एक बैग की कीमत 2 हजार 446 रूपये है, जबकि सरकार इसे किसानों को 1 हजार 350 रूपये प्रति बैग उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों को खरीफ के मौसम में दी जाने वाली सब्सिडी की गणना करें तो यह यूरिया के लिए 7 हजार 32 करोड़ रूपये एवं डीएपी के लिये 1 हजार 258 करोड़ रूपये होगी। यह सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में डीएपी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव का कारण यूक्रेन और इजराइल संघर्ष है। इनके संघर्ष के कारण आपूर्ति में बाधाओं का सामना करना पड़ा है। फिर भी किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि खरीफ 2024 में किसानों को 32.97 लाख मीट्रिक टन की मांग के विरूद्ध 33.69 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध कराया गया है, जबकि पिछले वर्ष खरीफ 2023 में 32.62 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध कराया गया था। इसी प्रकार रबी 2024 में 41.10 लाख मीट्रिक.टन की मांग के विरूद्ध 01 अक्टूबर 2024 से अभी तक 19 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। जिसमें 7.74 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 5.21 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 6.05 लाख मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रबी 2024 के लिए भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जो उर्वरकों का अग्रिम भंडारण करता है ताकि किसानों को उर्वरक की कोई कमी न हो। रबी सीजन की शुरुआत में राज्य ने पहले ही 6.55 लाख मीट्रिक टन अग्रिम भंडारण कर लिया था। उन्होंने कहा कि भारत सरकार से पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने का आश्वासन मिला है और लगातार उर्वरक प्राप्त भी हो रहे है।

धान लिफ्टिंग नहीं करने के विरोध में आढ़तियों का अनिश्चितकालीन बहिष्कार शुरू

एजेंसी ◄ फगवाड़ा
www.dailypioneer.com

पंजाब और केंद्र सरकार द्वारा शैलरों से धान की लिफ्टिंग के लिये त्वरित कार्रवाई न करने के खिलाफ अपना रोष व्यक्त करते हुये आढ़तियों ने आज से दाना मंडी फ़ावाड़ा में अनिश्चित काल के लिये सभी कार्यों का बहिष्कार शुरू कर दिया है। यह निर्णय आढ़ती एसोसिएशन फगवाड़ा के सदस्यों/ नेताओं की एक हुई बैठक में लिया गया, जो धान की लिफ्टिंग न होने के चल रहे मामले के संबंध में नरेश भारद्वाज जिला अध्यक्ष कपूरथला आढ़ती एसोसिएशन और कुलवंत राय पब्बी ब्लॉक अध्यक्ष आढ़ती एसोसिएशन फगवाड़ा के नेतृत्व में दाना मंडी फगवाड़ा में हुई थी। आढ़ती एसोसिएशन फगवाड़ा के सदस्यों/ नेताओं ने कहा कि जब तक राज्य और केंद्र सरकार शैलरों से धान की लिफ्टिंग के लिए कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं करती है बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने दाना मंडी फगवाड़ा में धान की खरीद/ लिफ्टिंग का सारा काम रोक दिया गया है। नेताओं ने चर्चा की कि शैलरों में जगह न होने के कारण फगवाड़ा दाना मंडी से धान का उठान नहीं हो पाया है। नेताओं ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में स्थानीय एसडीएम फ़ावाड़ा से मुलाकात की है।

सोनीपत में एक लाख 14 हजार 141 टन धान की खरीद

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत जिला में गत सायं तक एक लाख 14 हजार 141टन धान की खरीद की जा चुकी है। यह जानकारी शुक्रवार को उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि खरीद धान में कॉमन धान 931 टन, ग्रेड-ए 1147 टन, बासमती 65 टन तथा 1509 किस्म एक लाख 11 हजार 998 टन शामिल है। इसके अलावा जिला की सभी खरीद केंद्रों पर अब तक किसान 470.5 टन बाजरा लेकर पहुंचे हैं, जिसकी खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि धान और बाजरा की खरीद के लिये प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की गयी हैं। किसान के धान और बाजरे के एक-एक दाने को खरीदा जायेगा।

रेशनेलाइजेशन के बाद जिले में 1926 पोलिंग बूथ : डॉ अग्रवाल

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुकत डॉ हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों अनुसार जिले में मतदान बूथों की रेशनेलाइजेशन (युक्तिकरण) की प्रक्रिया शुरू की गयी थी, जिसके पूरा होने के बाद अब जिले में 1951 की बजाय 1926 पोलिंग बूथ रह गये हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में नयी स्थापित कालोनियों, मतदाताओं की संख्या और मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये संबंधित मतदाता पंजीकरण अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों की रेशनेलाइजेशन की गयी है। उन्होंने कहा कि रेशनेलाइजेशन के बाद विधानसभा क्षेत्र 37-जालंधर कैंट में दो और पोलिंग बूथ बनाये गये हैं और इस प्रकार अब इस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 212 हो गयी है, जबकि विधानसभा क्षेत्र 33-करतारपुर में 226 पोलिंग बूथों में रेशनेलाइजेशन उपरांत 27 पोलिंग बूथ कम किये गये हैं और अब इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 199 पोलिंग बूथ रह गये हैं।

ऊहल परियोजना से जल्द शुरू होगा विद्युत उत्पादन : सुक्खू

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र के अपने प्रवास के दूसरे दिन आज ऊहल परियोजना के तृतीय चरण का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने मौके पर ही इस परियोजना की सॉवरन गारंटी के रूप में 85 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी इस वर्ष मार्च, 2024 में 100 करोड़ रुपए परियोजना को प्रदान किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई सालों से इस परियोजना का कार्य चल रहा है और इस कारण इसकी लागत भी बढ़ी है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने अब इस परियोजना के कार्यों को गति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार की तकनीकी और अन्य जांच करने के उपरांत दिसंबर अंत या जनवरी, 2025 तक इसमें विद्युत उत्पादन शुरू होने की संभावना है। परियोजना के निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी कंट्रोल के तहत टाटा पावर लिमिटेड को दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में विद्युत उत्पादन शुरू होने से हिमाचल प्रदेश को अतिरिक्त आय प्राप्त होना आरंभ हो जाएगी। उन्होंने परियोजना प्रबन्धकों को इस परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत उत्पादन से ही हिमाचल प्रदेश समृद्ध बन सकता है और प्रदेश सरकार इसके दोहन के लिए ठोस कदम उठा रही है। हिमाचल को वर्ष 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदेश में पन विद्युत, सौर ऊर्जा तथा ग्रीन हाइड्रोजन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार अनुदान के रूप में विद्युत बोर्ड को लगभग 2200 करोड़ रुपए प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार का प्रयास बोर्ड को आत्मनिर्भर बनाने का है और इसके लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। ऊर्जा उत्पादन से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को शक्तियों के हस्तांतरण पर भी प्रदेश सरकार विचार कर रही है।

इससे पूर्व ऊहल परियोजना के चरण-तीन के प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को एक वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से परियोजना कार्य की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जौनपुर में पेट्रोलपंप कर्मी को लूटने वाले दो गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश मे जौनपुर जिले के खेतासराय क्षेत्र में पेट्रोल पंप कर्मी के साथ 14 अक्टूबर को हुई लूट की घटना का अनावरण करते हुए पुलिस ने दो लाख 40 हजार रुपये के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि खेतासराय थाना प्रभारी दीपेन्द्र सिंह ने मानीकला अब्बोपुर मार्ग पर पेट्रोलपम्प कर्मी से हुए तीन लाख 55 हजार रुपये लूट का सफल अनावरण करते हुए मुखबिर की सूचना पर बरंगी (प्रतानगर) बेसो नदी पुलिया के पास से दो अभियुक्तों को लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बजाज पल्सर के साथ गिरफ्तार कर लिया।

गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा के आयोजनों से बचें : एम के स्टालिन

वार्ता ◄ चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा पर आधारित आयोजनों से बचने और संबंधित राज्यों में मान्यता प्राप्त सभी शास्त्रीय भाषाओं की समृद्धि का जश्न मनाने वाले विशेष आयोजन करने का आग्रह किया। मोदी को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में स्टालिन ने चेन्नई दूरदर्शन के स्वर्ण जयंती समारोह के बारे में असंतोष व्यक्त किया, जिसे आज हिंदी माह समारोह के समापन के साथ जोड़ा गया है। इस समारोह की अध्यक्षता तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि कर रहे हैं। यह देखते हुए कि संविधान किसी भी भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा नहीं देता है, स्टालिन ने कहा कि हिंदी और अंग्रेजी का उपयोग केवल आधिकारिक उद्देश्यों जैसे कानून, न्यायपालिका और संघ और राज्य सरकारों के बीच संचार के लिए किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी परिस्थितियों में भारत जैसे बहुभाषी देश में हिंदी को विशेष स्थान देना और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी माह मनाना अन्य भाषाओं को नीचा दिखाने का प्रयास माना जाता है। इसलिए मेरा सुझाव है कि गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा पर आधारित ऐसे आयोजनों को टाला जा सकता है या यदि केंद्र सरकार अभी भी ऐसे आयोजन करना चाहती है, तो संबंधित राज्यों में स्थानीय भाषा माह का आयोजन भी समान गर्मजोशी के साथ किया जाना चाहिए। स्टालिन ने कहा इसके अलावा मेरा यह भी सुझाव है कि भारत सरकार संबंधित राज्यों में मान्यता प्राप्त सभी शास्त्रीय भाषाओं की समृद्धि का जश्न मनाने के लिए विशेष आयोजन कर सकती है।

बीएसएफ 135 वीं वाहिनी द्वारा फुटबॉल टेलेंट हंट प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कीड़ा परिसर मैदान नारायणपुर में 135वी वाहिनी बी.एस.एफ. के कमांडेंट नवल सिंह व तेदट फुटबॉल क्लब नारायणपुर के सहयोग से बीएसएफ अबूझमाड़ टेलेंट हंट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया गया, जिसके विशेष अतिथि विपिन मांझी, आई.ए.एस./ जिला अधिकारी, नवल सिंह, कमांडेंट 135वीं बटालियन बीएसएफ, प्रभात कुमार, आई.पी.एस./ एसपी, नारायणपुर, विरेन्द्र बहादुर पंचभाई, आई.ए.एस./ अपर केलेक्टर, पंकज जैन व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस फुटबॉल मैच का आयोजन का उद्देश्य पुछने पर कमांडेंट नवल सिंह, 135वी बटालियन बी. एस. एफ. ने बताया कि हम चाहते है की सुदूर गांव में छिपी प्रतिभा को सामने लाना व बच्चों के बीच शिक्षा के साथ-साथ खेलकुद में भी आगे बढ़ने में मदद करना है तथा खेल के साथ-साथ मुख्य धारा में जोडन का मौका मिले व देश के सुरक्षा बलों और सरकार के प्रति सदभाव पैदा हो। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में नारायणपुर जिले के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों व सुदूर गांव की 16 टीमे भाग ले रहीं है। इस टूनामेंट का फाईनल मैंच का आयोजन 23 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित है। आज कोड़ा परिसर नारायणपुर में चल रहे फुटबॉल मैंच को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति थी और उनका उत्साह व जोश देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस फुटबॉल टुनामेंट के आयोजन से खेलो इंडिया की ओर एक महत्वपूर्ण पहल है।

डीएवी की छात्रा मुस्कान कश्यप ने प्रेरणा कार्यक्रम में राज्य का किया प्रतिनिधित्व

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

प्रेरणा कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की कार्यान्वयन एजेंसी के तहत शुरू किया गया एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम है इसका मकसद कक्षा नवमी से 12 वीं तक के चयनित छात्रों को नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करना एवं अनुभवात्मक शिक्षा देना है।भारत के विभिन्न राज्यों के दो छात्रों का चयन विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा होता है एवं चयनित छात्रों को एक सप्ताह के आवासीय कार्यक्रम में भाग लेने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाता है।दंतेवाड़ा जिला से मुस्कान कश्यप डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल का चयन निबंध लेखन द्वारा जेएनवी बारसूर में हुआ मुस्कान कश्यप एवं एक और प्रतिभागी छात्र मनीष ठाकुर के साथ गुजरात के वडनगर में देश भर के 20 छात्रों का चयन हुआ यह कार्यक्रम 6 अक्टूबर 2024 से 12 अक्टूबर 2024 तक चला।जिसमें छात्रों को भारतीय विरासत संस्कृति परंपरा एवं ज्ञान प्रणालियों की जानकारी दी गई।प्रेरणा योजना का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं को अनुभवात्मक शिक्षा में शामिल करके उन्हें देश के लिए प्रेरित करना है इस कार्यक्रम में मुस्कान कश्यप ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुत किया छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए लोकगीत गाया एवं विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया छात्रों के साथ गार्जियन शिक्षिका के रूप में रेखा सिंह ने भी इस प्रेरणादाई कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने मुस्कान कश्यप को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। मुस्कान कश्यप का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होना यह सिर्फ किरंदुल ही नहीं वरन् संपूर्ण दंतेवाड़ा जिला के लिए गौरव की बात है ।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से कावेराम हो रहा आर्थिक रूप से सशक्त

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम भुरवाल निवासी कावेराम, पिता हिरूराम, जो खेती किसानी करके अपने एवं परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर रहे थे। जब उनको उद्यानिकी विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिली तब वे विभागीय योजनाओं के विस्तार से जानकारी ली और उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत और विभागीय योजनाओं से मिले लाभ का नतीजा सामने आने लगा है। कावेराम ने 2.00 हेक्टेयर रकबा में उन्नत तकनीक से करेला और टमाटर खेती शुरू किया, जिससे उनकी पहले की आय की अपेक्षा अधिक आय में वृद्धि हुई। किसान कावेराम हमेशा धान की फसल लगाता था, समय के साथ साथ उत्पादन में कमी आने लगी और लागत मे वृध्दि होने से आमदनी में कमी होती थी। उद्यानिकी विभाग द्वारा कावेराम को उद्यानिकी फसल करेला एवं टमाटर खेती करने का सुझाव दिया गया और अब वह 35 से 40 क्विंटल करेला एवं टमाटर का उत्पादन कर रहा है, जिससे कावेराम की आमदनी में बढोत्तरी होने लगी है। कावेराम को इस खेती से 01 लाख 14 हजार से अधीक रूपए की आमदनी प्राप्त हुआ है और उनकी घर की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। जिसे देखकर आसपास कृषक भी उद्यानिकी की खेती कर रहे है। उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषक को वर्ष 2023-24 में पैक हाउस निर्माण हेतु अनुदान राशि प्रदान किया गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर ने किया नगरपालिका परिषद् आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली का प्रकाशन

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी द्वारा नगरपालिका परिषद् नारायणपुर आम निर्वाचन 2024 हेतु तैयार की गई निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन आज 16 अक्टूबर को कार्यालय कलेक्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया गया, जिसका आम नागरिकों के लिए निरीक्षण हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नारायणपुर, तहसील कार्यालय एवं नगरपालिका परिषद् में चस्पा किया गया है। नगरपालिका परिषद् के 15 वार्डों में दावा आपत्तियां प्राप्त करने हेतु नियुक्त किये गये कुल 20 प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा वार्डवार निर्धारित मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति प्राप्त की जाएगी। प्ररूप-क में नाम सम्मिलित करने हेतु आवेदन, प्ररूप-क-1 में दावा आपत्ति निराकरण के अंतिम तिथि तक विधानसभा के निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कर लिये जाने के कारण नगरपालिका के निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने का आवेदन, प्ररूप-ख में निर्वाचक नामावली में दर्ज प्रविष्टियों में संशोधन करने के लिए आवेदन तथा प्ररूप-ग में निर्वाचक नामावली से नाम हटाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। 16 से 23 अक्टूबर 2024 तक दावा आपत्तियां की जा सकती है तथा 24 से 29 अक्टूबर तक दावा आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। नगरपालिका परिषद नारायणपुर अंतर्गत 01 से 15 वार्डो में कुल 16195 मतदाताएं हैं, जिसमें 8 हजार 504 महिलाएं, 7 हजार 690 पुरूष तथा 01 अन्य मतदाता हैं। प्ररूप-क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04 नवम्बर, प्ररूप-क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति के निराकरण करने की अंतिम तिथि 08 नवम्बर 2024 निर्धारित किया गया है। नगरपालिका परिषद् नारायणपुर के निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को किया जाएगा। नगरपालिका क्षेत्रों में वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक फ्लैक्स लगाकर एवं मुनादी करा कर जाबो कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता संबंधी कार्य किया जा रहा है, साथ ही सभी स्कुलों एवं शासकीय कार्यलयों में 05 सितम्बर एवं 02 अक्टुबर 2024 को शपथ कार्यकम किया गया है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को त्रुटि रहित निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु एजेंट नियुक्ति प्रपत्र 1 एवं प्रपत्र 2 उपलब्ध कराया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीएम वासु जैन, स्थानीय उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग सहित पत्रकारगण उपस्थित थे।

मातृशक्ति को सशक्त बनाने गांव में होगा महतारी सदन का निर्माण : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश सरकार महिलाओं को अब गांव में ही रोजगार प्रदान करने के क्षेत्र में कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रीमंडल द्वारा महिलाओं को रोजगार के साथ जोड़ने के लिए नई योजना का शुरुआत की गयी है । बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किए जा रहे इस योजना का नाम महतारी सदन योजना है। इस योजना में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में महतारी सदन बनाने की घोषणा की गई है। महतारी सदन के निर्माण से महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। महतारी वंदन योजना के बाद अब विष्णुदेव सरकार महतारी सदन के माध्यम से गांव की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान सशक्त करना चाहती है। महतारी सदन सर्व सुविधायुक्त होगा जहां महिलाओं के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। नारायणपुर विधानसभा के पांच गांवों में बनेगा महतारी सदन नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत केसरपाल, मुंडागांव, भानपुरी, करंदोला और सोनारपाल में महतारी सदन का निर्माण कराया जायेगा। महिलाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर इन महतारी सदनों के तहत महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार का अवसर सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना को शुरू करने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

कलेक्टर हरिस ने जिला कोषालय का किया वार्षिक निरीक्षण

जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस.ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला कोषालय का वार्षिक निरीक्षण कर अमले की उपलब्धता एवं कार्यालयीन कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान अभिलेखों एवं पंजियों का अवलोकन किया और व्यवस्थित संधारण को देखकर सराहना व्यक्त की। कलेक्टर हरिस ने रोस्टर के अनुरूप डबल लॉक का वार्षिक निरीक्षण कर डबल लॉक में सुरक्षित मूल्यवान वस्तुओं सहित स्टाम्प एवं अन्य सामग्रियों के बारे में जानकारी ली और सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉम्प वेण्डरों को समय पर स्टॉम्प जारी किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने कोषालय में कार्यालयीन कामकाज एवं अमले के बारे में अवगत कराया।

मेरा जीवन समाज के शोषित वंचित व अंतिम व्यक्ति के लिए समर्पित है : दीपिका

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य के आधी आबादी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए गठित राज्य महिला आयोग में महिला सदस्यों की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 26 सितम्बर 2024 को की गई। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रिक्त 05 पद पर सदस्यों की नियुक्ति की गई। आपको बता दें की सुकमा में विगत कई वर्षो से महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा एवं उनके उत्थान को लेकर कार्य कर रही छोटे से ग्राम पाकेला की निवासी अधिवक्ता दीपिका शोरी को छत्तीसगढ़ महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अन्य चार सदस्यों के साथ 17 अक्टूबर को अपना पदभार ग्रहण किया। महिला आयोग कार्यालय में सदस्यगण जशपुर की प्रियंवदा सिंह जूदेव, महासमुन्द की सरला कोसरिया, दंतेवाड़ा की ओजस्वी मंडावी और बलौदाबाजार की लक्ष्मी वर्मा ने आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही दीपिका नेता कहा मेरा जीवन समाज के शोषित वंचित व अंतिम व्यक्ति के लिए समर्पित है। ज्ञात हो कि राज्य महिला आयोग के पुराने सदस्यों का कार्यकाल 27 जून 2024 को समाप्त हो गया था, और महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ के सरकार ने इन सदस्यों की नियुक्ति की है। अगर हम छत्तीसगढ़ की पिछली भाजपा सरकार की बात करें तो सुकमा जिले को पहली दफा किसी आयोग,मंडल में स्थान मिला है, सुकमा जिले के निवासियों का कहना है की यह सुकमा जिले के लिए बहुत ही गौरव की बात है की हमारे जिले की शिक्षित, योग्य और युवा अधिवक्ता दीपिका शोरी को महिला आयोग में सदस्य के रूप में स्थान मिला है।

प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि

जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 05 परिवारों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बस्तर ग्राम रेटावण्ड निवासी कनकीबाई की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र बलदेव को, तहसील नानगुर ग्राम चेरबहार कैकागढ़ निवासी नीलावती की मृत्यु पानी में डूबने से पति जलधर को, ग्राम टोण्डापाल निवासी आरव कश्यप की मृत्यु सांप काटने से पिता बल्लू कश्यप को, ग्राम नानगुर निवासी मनोराम बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि पुरनी बघेल और ग्राम बड़ेबादाम निवासी सुकरी कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र मोतो कश्यप प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

लच्छू राम नुरेटी को मिला जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर में प्रवेश

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम वाला, ग्राम पंचायत कोंगे, तहसील कोहकामेटा निवासी लच्छू राम नुरेटी, पिता कटिया राम नुरेटी बालक आश्रम तोके विकासखण्ड ओरछा में कक्षा 5वीं का छात्र है। छात्र लच्छू राम नुरेटी का आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 में जे पी इंटरनेशनल कांकेर में चयन हुआ है। चयन परीक्षा में 5 वीं में अध्ययनरत जिले भर के परिक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें छात्र लच्छू राम नुरेटी अपने मेहनत के बदौलत मेरिट सूची में जिले में प्रथम स्थान हासिल कर अपने संस्था का मान बढ़ाया। साथ ही आगे कि पढ़ाई के लिए अपना सीट पक्का कर लिया। अब यह छात्र लाखों फीस देकर अध्ययन करने वाले स्कूल में 12वीं तक निःशुल्क अध्ययन करेगा। छात्र लच्छू राम के शिक्षा का सम्पूर्ण खर्च छत्तीसगढ़ शासन उठाएगी, जिसके लिए लच्छू राम नुरेटी ने छत्तीसगढ़ शासन और आदिम जाति कल्याण विभाग और आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश कुमार सुखदेवे और अधीक्षक बुधराम कुमेटी को धन्यवाद दिया।

दुःख कि पहाड़ के बीच संघर्ष कर सफलता प्राप्त किया

विगत कुछ माह पूर्व छात्र लच्छू राम नुरेटी की माँ का सड़क दुर्घटना में मौत हुयी और छात्र के जीवन से उसकी माँ का साथ छोड़ जाना एक छोटे से बच्चे के ऊपर क्या बीतता होगा यह वही जान सकता है। छात्रावास में अधीक्षक बुधराम कुमेटी जब भी उसको शांत देखते तब तब उसे हिम्मत देते रहते थे। विगत कई वर्षों में बालक आश्रम तोके ने 50 से अधिक बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए बड़े संस्थानों में जैसे जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, संस्कार सिटी इंटरनेशनल, एकलव्य आवासीय विद्यालय और जे पी इंटरनेशनल जैसे कई अन्य बड़े संस्थाओं में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रवेश दिलाया है। छात्र लच्छू राम नुरेटी के प्रवेश के समय आने जाने एवं अन्य खर्च का व्यय अधीक्षक बुधराम कुमेटी द्वारा किया गया। इस हेतु अधीक्षक बुधराम कुमेटी को शिक्षक दिवस के दिन मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह में शिक्षादूत सम्मान पुरुस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

मशहूर भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी सुरमयी प्रस्तुति से जीता सभी का दिल

बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला के अवसर पर लालबाग मैदान में गुरुवार की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मशहूर भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने अपनी सुरमयी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

हंसराज रघुवंशी, जिनकी गाथा गीतों और भजनों के लिए विशेष पहचान है, ने अपनी धुनों और भक्ति रस से सराबोर गीतों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध गीत ÷मेरा भोला है भंडारी÷ के साथ एक के बाद एक लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए, जिनमें जय शिव शंकर, मेरे भोलेनाथ और अन्य कई प्रसिद्ध गीत शामिल थे। रघुवंशी ने अपनी प्रस्तुति के दौरान दर्शकों से गीत में सहयोग और तालियों से सहभागिता की अपील की, तो दर्शकों ने भी बराबर सहायता की। कार्यक्रम में नारायणपुर के प्रसिद्ध अबुझमाड मलखंभ अकादमी के हुनरबाज मलखंभ प्रदर्शन, बादल अकादमी की प्रस्तुति सहित स्थानीय लोकनृत्य दलों ने भी प्रस्तुति दी। दर्शकों की हजारों की संख्या में पहुँचने वाले बस्तरवासियों के साथ ही समीपवर्ती जिलों और ओड़िसा राज्य के भी जन पहुँचे थे। शासन और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस बस्तर मड़ई और सरस मेला क्षेत्र भी चहल-पहल से भरा रहा, जहां विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी तथा स्व-सहायता समूहों के उत्पाद और हस्तशिल्प के स्टॉल ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मेला में आई भीड़ ने न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया, बल्कि बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति और शिल्प का भी अनुभव किया।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 7वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031, फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV-A, (नियम 8(6) और 9(1) का परंतुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) कॉलम (iii) के अनुसार, को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों कॉलम (iv) के अनुसार जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) के निम्नवर्णित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) से कॉलम (i) के अनुसार, प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांकों को बेचा जाएगा।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट अर्थात www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र. सं.	(i) मांग सूचना की राशि	(ii) एग्रीमेंट आईडी	(iii) कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम	(v) आरक्षित मूल्य	(vi) ईएमडी राशि	(vii) नीलामी की तिथि एवं समय	(viii) ईएमडी नीलामी की तिथि एवं समय	(ix) निरीक्षण की तिथि एवं समय	(x) प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं.
1	रु. 10,71,450.80 मांग सूचना की तिथि 08.02.2023	45848810	रविकांत मोदी और नेहा मोदी	रु. 1440000.00/-	रु. 144000.00/-	21.11.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 01.00 बजे तक	20.11.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 05.00 बजे तक	14.11.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक	नाम- मनीष देशमुख संपर्क नं. 9424691202 नाम: संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796
(iv) बंधक सम्पत्ति का विवरण: सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रिहायशी प्लॉट नं. ई-14, क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट, खसरा सं. 213/1 का हिस्सा, "हर्षित नियो सिटी" नामक कॉलोनी, ग्राम: अमलेश्वर पीएच नं. 5 आर.आई.सी.-भिलाई, तहसीलः पाटन, जिलाः दुर्ग (छ.ग.), तथा चौहद्दीः पूरब में कॉलोनी इंटरनल रोड, पश्चिम में – प्लॉट नं. ई-34, उत्तर में – प्लॉट नं. ई-15, दक्षिण में – प्लॉट नं. ई-13								
2	रु. 5,41,25,511.03 मांग सूचना की तिथि 15.01.2020	1891660 और 3288432	दिनेश जैन, कामिनी रामपुरिया, शांति रामपुरिया, त्रिलोक्चनद रामपुरिया, पुष्पा जैन, जैनम इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, जितेंद्र रामपुरिया और राजेश कुमार रामपुरिया	रु. 37509000.00/-	रु. 3750900.00/-	21.11.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपरा. 01.00 बजे तक	20.11.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 05.00 बजे तक	14.11.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक	नाम- विनय सोनी संपर्क नं. 8319378592 नाम: संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796
(iv) बंधक संपत्ति का पता : सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि म्युनिसीपल मकान नं. ओल्ड-30/390 और 16/630 और नया 16/746 भाग तत्यापारा वार्ड नं. 16, रायपुर रायपुर, छत्तीसगढ़-492001									

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई हो, तो अचल संपत्ति पर उपस्थित हों।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)

दिनांकः 19.10.2024

ग्रामीण के शिकायत पर बिना जांच किए एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित, पटवारी संघ लामबंद

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

देवभोग ब्लॉक 27 हल्का के पटवारी की कलेक्टर जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायत की जांच किए बिना एसडीएम द्वारा पटवारी को निलंबित करने से नाराज पटवारियों ने मोर्चा खोल निलंबन को शून्य करने के लिए ज्ञापन सौंपा है। जानकारी अनुसार बीते 30 सितंबर सीनापाली जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान सरगीगुडा के किसान दुर्गा ठाकुर द्वारा हल्का पटवारी ओंकार सोरी के खिलाफ भूमि नाप नामांतरण खाता विभाजन सिंचित असिंचित करने के लिए पैसे मांगने का शिकायत दर्ज किया है, जिसके आधार पर एसडीएम तुलसी मरकाम ने 1 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस जारी करते जवाब मांगा, जिस पर पटवारी ओंकार सोरी ने भी 4 अक्टूबर को भू-मापन बंटवारा सिंचित असिंचित किसी प्रकार का काम नहीं करने के आरोप को निराधार एवं द्वेषपूर्ण बताया, जिसे एसडीएम मरकाम संतोषजनक नहीं होने का और शिकायतकर्ता ओर गवाह के कथनुसार को अंतिम सत्य मानते पटवारी ओंकार सोरी को बीते 17 अक्टूबर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जिसके बाद पटवारी संघ एसडीएम के कार्यवाही के खिलाफ मोर्चा खोल निलंबन को शून्य नहीं करने पर आगामी 22 अक्टूबर से पूरा राजस्व रिकॉर्ड बस्ता जमाकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पटवारियों ने यह भी कहा शिकायत पर किसी प्रकार जांच नही सिर्फ कारण बताओ नोटिस जारी कर निलंबित करना न्यायसंगत नहीं क्योंकि इस तरह के शिकायत अपने अपने इच्छा अनुसार कार्य नही होने नाराज अक्सर दर्ज करा लेते इसलिए जमीनी स्तर पर जांच कर कार्यवाही करने का आग्रह भी किया है।

प्रभार लेने से किया इंकार

एसडीएम मरकाम द्वारा ओंकार सोरी को निलंबित कर उनके स्थान पर दूसरे हल्का के पटवारी छबिलाल ध्रुव को मौखागुडा सरगीगुड़ा सुकलीभांटा हल्का का अतिरिक्त प्रभार लेने का आदेश निकला, लेकिन छबिलाल ध्रुव ने 6 हल्का का कार्यभार शारीरिक और मानसिक रूप में असमर्थ होने की बात कहकर प्रभार लेने से पल्ला झाड़ लिया। इसके अलावा पटवारियों के ओंकार सोरी के हल्का का प्रभार कोई भी पटवारी नहीं लेने की चर्चा काफी है। ऐसे में गिरदावरी संशोधन कार्य सौम्यतय योजना बच्चो के आय जाति प्रमाण पत्र बनाने जैसे अन्य कार्य में काफी ज्यादा प्रभाव पड़ेगा जिसका संकेत साफ साफ दिखाई पड़ रहा है।

ग्रामीण उतरे पटवारी के समर्थन में

सबसे खास बात तो यह की जिस गांव के दुर्गा ठाकुर द्वारा पटवारी के खिलाफ शिकायत दर्ज किया। उसी सरगीगुड़ा के किसान ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्यवाही को शून्य करने की मांग किया। जिसमें दानवर ठाकुर खेमराज सिंह ठाकुर प्रेमलाल ठाकुर डिंगर नागेश सहित अन्य शामिल रहे। ज्ञापन सौंपने आए किसानो यह भी कहा कि पटवारी ओंकार सोरी द्वारा पारदर्शिता के साथ नियमानुसार बिना लाभ लालच के राजस्व काम काज सम्पादित किया जाता है। ऐसे में झूठी शिकायत पर कार्यवाही किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसलिए कार्यवाही को शून्य करते नियमानुसार जांच करने के लिए एसडीएम तुलसीदास मरकाम से निवेदन किया है।

सामूहिक अवकाश लेकर कलेक्टर को कराएंगे अवगत

ओंकार सोरी के निलंबन के बाद पटवारी संघ काफी ज्यादा आक्रोश देखने को मिल रहा है। बकायदा जिलाधीश दीपक अग्रवाल को मामले की पूरी वस्तु स्तिथि को अवगत कराने के लिए पटवारी संघ ने तहसीलदार को सामूहिक अवकाश के लिए ज्ञापन देते बताया कि आने वाले 21 अक्टूबर को कलेक्टर से मुलाकात किया जाएगा और अगर निलंबन की कार्यवाही शून्य नहीं होने की स्तिथि में बस्ता जमाकर तहसील कार्यालय परिसर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का आव्हान किया है।

ग्राम करनापाली में नवधा रामायण का आयोजन

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम करनापाली विकासखंड बसना में नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में प्रति दिवस दूरस्थ अंचलों से कलाकार आकर रामायण की कथा के साथ-साथ भजन कीर्तन का प्रदर्शन कर रहे हैं गांव तथा आसपास के गांव के सभी लोग कथा में सम्मिलित होकर भगवान राम के चरित्र को सुन रहे हैं एवं आत्मसात कर जीवन को श्रेष्ठ तरीके से जीने के लिए संकल्प ले रहे हैं। इस आयोजन में समस्त ग्रामीण जनों ने आज एक बहुत सुंदर पहल किया है जो अन्य गांव के ग्रामीणों को भी बहुत अधिक उत्साहित करने वाला है रामायण समिति के सभी लोगों ने शासकीय प्राथमिक शाला करना पाली में पढ़ रहे सभी बच्चों मैं अपने आराध्य श्री राम का रूप देखकर उन्हें नेवता भोजन हेतु बुलाया ग्रामीणों द्वारा सभी बच्चों की पूजा अर्चना की गई तिलक लगाया गया एवं स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। ग्रामीणों द्वारा इस प्रकार अपने बच्चों का पूजा अर्चना कर उन्हें नेवता भोज कराना स्थानीय समाज द्वारा विद्यालय के प्रति प्रेम को दर्शाता है । इस प्रकार यदि सभी समाज विद्यालय के विकास में अपना योगदान दें तो विद्यालय को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है विद्यालय के प्रति लोगों के स्नेह को देखकर विद्यालय परिवार से प्रधान पाठक डॉक्टर गिरधारी साहू एवं शिक्षक डॉक्टर वीरेंद्र का ने भी अत्यंत हर्ष व्यक्त किया एवं आगे भी विद्यालय को समाज सदैव स्नेह पूर्वक सहयोग करें इस हेतु प्रेरित किया।

छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसियेशन का मासिक बैठक हथंबद में संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार जिला के सिमगा में छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का समीक्षा मासिक बैठक गुरुवार को सिमगा ब्लॉक के हथबंद में बैठक आहुत किया गया था जो की बैठक शंतिपूर्वक संपन हुआ। मिडिया एसोसियेशन द्वारा प्रतिमाह बैठक आयोजित कर एसोसियेशन से संबंधित व जनहित के बारे में चर्चा किया गया। एवं मिडिया एसोसियेशन में सदस्यता ग्रहण करने के लिए पत्रकार साथीगण ने अपनी इच्छा जाहिर की और बैठक में अपनी उपस्थिति दी। बैठक में मुख्य रूप से (प्रदेश कार्यकारणी सदस्य) एवं जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत व रायपुर जिला मीडिया प्रभारी अजय नेताम ब्लॉक अध्यक्ष थानेश्वर साहू समाचार प्रकाशन से लेकर पत्रकार के हित में विभिन्न पहलो पर विचार विमर्श भी किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारणी सदस्य व जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपुत, जिला मिडिया प्रभारी अजय नेताम, सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष थानेश्वर साहू, ब्लाक महासचिव तिल्दा से सौरभ यादव सिमगा ब्लॉक उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, सिमगा ब्लॉक सचिव ओंकार साहू, मनीषा टंडन ब्लाक महासचिव, राजेंद्र वर्मा सदस्य दिलीप यादव रामेश्वर जांगड़े एवं पत्रकार साथी गण भी उपस्थित थे।

आरआई, पटवारी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में सक्रियता से दे योगदान : कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने वन विभाग के ऑक्सन हॉल में जिले के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजस्व प्रकरण निराकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर प्रकरणों के निराकरण में सक्रियता से योगदान देने के निर्देश दिये। उन्होंने पटवारी प्रतिवेदन के लिए लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तत्परता से प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आधार सीडिंग, आपदा क्षतिपूर्ति प्रकरण, धान खरीदी पंजीयन, ऋण पुस्तिका एवं राजस्व अभिलेखों में स्थानीय स्तर पर होने वाले त्रुटि सुधार के संबंध में जानकारी लेकर प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन, नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की भी जानकारी लेकर निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारीगण मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने स्वामित्व योजना की स्थिति, डिजिटल हस्ताक्षर, पटवारी की डिजिटल हस्ताक्षर से अभिलेखों के सत्यापन की स्थिति, मसाहती व असर्वेक्षित ग्रामों का सर्वेक्षण, नक्शों के जियोरेफेरेसिंग, आदि के संबंध में ग्रामवार जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने भू-नक्शा अद्यतीकरण की स्थिति, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार प्रकरणों का निराकरण की स्थिति, वन अधिकार पट्टा हेतु आवेदन जांच हेतु आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेकर लंबित प्रकरणों को तेजी से निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन अधिकार पात्रता पत्र धारको की प्रविष्टि ऑनलाईन भुईयां सॉफ्टवेयर में अद्यतन किये जाने के संबंध में समीक्षा कर ऑनलाईन प्रविष्टी समय-सीमा में सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ली।

सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समिति का होगा गठन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत में नवीन बहुद्देशीय पैक्स समिति, दुग्ध, मत्स्य सहकारी समितियों का गठन, पैक्स में वृहद अनाज भण्डार केंद्र की स्थापना, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर स्थापना, सामान्य सेवा केंद्र स्थापना, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र संचालन तथा राष्ट्रीय स्तर की निर्यात, जैविक एवं बीज़ सहकारी समितियों में सदस्यता लेने के सबंध में विस्तार से चर्चा की गई।कलेक्टर सोनी ने जिले के सभी 519 ग्राम पंचायतों में से शेष 330 पंचायतों में सहकारी समिति गठित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत अमेरा, लाहोद और वटगन में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोलने हेतु सभी तैयारियां एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए। इसीप्रकार विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसांकरा व फरहदा, विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत भरसेला, मुण्डा व बरदा, विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत दतरेगी, जर्वे, छेरकापुर, वटगन व पलारी, विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत लेवई व टेहका, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत छरछेद, पिसीद रिकोला व अमोदी में वृहद अनाज भण्डार केंद्र की स्थापना में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। बताया गया कि जिले में कुल 378 पंजीकृत सहकारी समिति हैं जिसमें 129 प्राथमिक कृषि साख समिति, 3 प्राथमिक गैर कृषि साख सहकारी समिति, 1 जिला सहकारी संघ, 6 प्राथमिक विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्थाएं, 1जिला अंत्यवसायी सहकारी संस्था, 3 प्राथमिक सहकारी भंडार एवं केंटीन, 80 खाद्य सुरक्षा पोषण एवं सहकारी संस्थाएं, 34 प्राथमिक दुग्ध समितियां, 1 जिला वनोपज सहकारी संघ,17 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां, 78 मत्स्य सहकारी समिति, 7 प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति, 2 गृह निर्माण समिति, 3 बहुउद्देशीय सहकारी समिति, 5 श्रमिक सहकारी समिति एवं 5 बीज़, फल -फूल कृषि उत्पादक सहकारी समिति शामिल हैं।

किसानों को मिला डेबिट कार्ड - इस अवसर कलेक्टर सोनी ने 5 किसानों को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का डेबिट कार्ड, 5 कॉमन सर्विस संचालकों तथा 2 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र संचालकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। डेबिट कार्ड प्राप्त करने वाले किसानों में भरुवाडीह निवासी सुरेश कुमार वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, भरसेला के गोवर्धन निर्मलकर, बलौदाबाजार के कमलेश यादव एवं बैजू राम यादव शामिल हैं। सीएससी सेंटर लवन, दतरेंगी, मुण्डा, रोहांसी,वटगन तथा प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र अमेरा व लाहोद को प्रणाम पत्र प्रदान किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सु दिव्या अग्रवाल,संयुक्त आयुक्त सहकारिता डी.पी टावरी सहित कृषि, मछली पालन, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार 23 और 24 अक्टूबर को

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के तहत राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण हब एवं जिले में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण हब स्थापित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगरानी एक्का ने बताया कि मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय हब संचालन के लिए 8 संविदा पदों की पूर्ति हेतु 702 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से पात्र, अपात्र की सूची जारी करने के बाद जिले को प्राप्त 37 दावा.आपत्ति का निराकरण चयन समिति द्वारा किया गया। पात्र अभ्यर्थियों का 1:10 में वरीयता सूची जारी की गई है, जिनका कौशल परीक्षा 23 अक्टूबर एवं साक्षात्कार 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को उनके पते पर कार्यालय द्वारा पत्र जारी कर प्रेषित किया गया है। साथ ही जिले की वेबसाईट पर भी सूचना अपलोड की गई है।

राजधानी के महामाया मंदिर में 21 अक्टूबर तक श्रीमदभागवत कथा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रीरामलला सदन, देवस्थान ट्रस्ट रामकोट, अयोध्या के अध्यक्ष स्वामी राघवाचार्य महाराज के श्रीमुख से राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में श्रीमदभागवत कथा की गंगा बह रही है। ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा का आयोजन शाम तीन बजे से सात बजे तक किया गया है। श्रीमदभागवत कथा 21 अक्टूबर तक स्वामी राघवाचार्य महाराज के श्रीमुख से श्रवण लाभ प्राप्त किया जा सकता है। चौथे दिन शुक्रवार को स्वामी राघवाचार्य महाराज ने भगवान की पावन चर्चा की शुरूआत भगवान नाम के संकीर्तन से कथा अनुष्ठान की शुरूआत की। जब भगवान की विशेष कृपा होती है तो जीव को सत्संग का सौभाग्य प्राप्त होता है। संस्कृत चक्र में जीव के भ्रमण को देखकर, अपने कर्मो के परिणाम स्वरूप विविध योनियों में दुख को पाते देखकर भगवान के हृदय में जब करुणा उत्पन्न होती है तो भगवान ऐसी कृपा करते हैं कि उस जीव को सत्संग मिले और सत्संग में आकर भगवान की लीला को सुनकर, भगवान ही सार तत्व हैं को समझकर और भगवान का अनुगत होकर भक्ति के पथ पर चल पड़े और परम कल्याण को प्राप्त करे, यही भगवान की परम कृपा है। बिना सत्संग और बिना भगवान की कथा के भगवत तत्व और परमात्म तत्व को कोई जान नहीं सकता है। परम तत्व को कोई नहीं जान सकता है। स्वामी ने कहा कि वेद भगवान ने कहा कि पहले सुनने का अभ्यास करना चाहिए। अगर सुनने का अभ्यास कर लिया तो आगे सबकुछ हो जाएगा। चार घंटे अगर सावधान होकर श्रवण करें और एक एक शब्दों पर विचार करें तो यही श्रवण विधि और यही श्रवण भक्ति है। अगर भगवान की कथा में अनुराग हो जाए तो यह समझना चाहिए कि भक्ति जीवन में आ गई है। देवर्षि नारद जी भक्ति की चर्चा करते हुए स्वामी ने कहा कि देवर्षि ने भक्ति के लक्षण में महर्षि गर्ग के मत का वर्णनन करते हुए कहा है कि भगवान की कथा में प्रीति उत्पन्न हो जाए यही भक्ति है।

जहां बचपना बीता, वहां अतिथि बनकर आना मेरा सौभाग्य : चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

जिस गांव के गलियों में मेरा बचपना बीता, जहां मेहनत मजदूरी करके पढ़ाई की और जहां के लोगों का आत्मीय स्नेह मुझे सदैव मिला उस गांव में अतिथि बनकर आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उपरोक्त व्यक्तव्य सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने अपने मायके ग्राम जोगनी पाली में शरद पूर्णिमा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के द्वारा कही। मेला स्थल पहुंचने पर आयोजक समिति की महिलाओं और ग्रामवासियों ने बाजे गाजे के साथ विधायक नंद का धूमधाम से स्वागत किया। तत्पश्चात ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर विधायक नंद ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में विधायक नंद ने ग्रामीणों की मांग पर सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। कार्यक्रम में डोंड और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित ग्रामीणों मन मोह लिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी, मोहसिन मेमन, परशु चौहान, दीपक साहू, कैलाश तांडी, जेपी साहू, गंगा बाई, मनोहर, मिलाप चौहान, प्रियांशु चौहान, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कृषक विद्यालय में विश्व विद्यार्थी दिवस का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कायक्रम अधिकारी सोमेश्वर प्रसाद नायक सहायक जन्मजय पटेल के निर्देशन में विद्यालय सभागृह में 15 अक्टूबर को भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिन को विश्व विद्यार्थी दिवस तथा ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के रूप में मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे, स्वामी विवेकानंद एवं डॉ कलाम जी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कायक्रम अधिकारी नायक ने बताया कि डॉ. कलाम का पूरा नाम अबुल पाकीर जैनुलअब्दीन अब्दुल कलाम था इनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु में एक तमिल मुस्लिम परिवार में हुआ था। डॉ.कलाम एक शिक्षक, वैज्ञानिक थे इन्होंने साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया, इनका अधिकांश समय छात्रों ,युवाओं को प्रेरित करने ,मार्गदर्शन करने में व्यतीत हुआ दुनिया भर के विद्यार्थियों के उन्नति तरक्की के प्रति समर्पण को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र वर्ष 2010 में उनके 79 वा जन्म दिवस को इनके सम्मान में पहली बार वर्ल्ड स्टूडेंट डे के रूप में मनाने पर सहमति बनी,तब से प्रत्येक वर्ष 15 अक्टूबर को पूरे विश्व में विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 अक्टूबर को ही विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर जे. जे. पटेल जी ने बताया कि कोरोना काल के बाद प्रायः प्रत्येक व्यक्ति को हाथ धोने के महत्व समझ आ चुका है पर कोरोना काल के गुजर जाने के बाद भी हाथ धोते रहना आवश्यक है क्योंकि बहुत से बीमारियों का कारण हमारे दूषित हाथ होते हैं ,हाथ धोने के तरीका बताते हुए समय-समय पर हाथ धोते रहने के लिए प्रेरित किया । कायक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कु. खिलेश्वरी दास,नवीना दास, विमला प्रधान, हेमलता यादव,जागेसिनी मानिकपुरी, मानसी विशाल, पूजा सिदार, रश्मि साहू, चन्द्रशेखर सिदार,चन्द्रशेखर साव, दीपेश भोई, गोकुल चौहान, खीरसागर पटेल, रोशन पटेल, सत्यम सेठ, यशवन्त साव, यशवन्त दास , अनिशा सारथी, चांदनी दास, दिव्या भोई,दिव्या साव, काजल दास, किरण बरिहा, निशा निषाद, रंजना यदु, सुहानी बरिहा, दिनेश विशाल, गजेन्द्र साहू, हितेश दास, किशन चौहान,मितेश प्रधान, निखिल सेठ, ओमप्रकाश साव, तरुण बरिहा, तारक पटेल, योगेश डंडसेना ,स्टाफके शिक्षक गण, एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

75 दिनों की धान खरीदी में 35 दिन अवकाश : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन और खराब होती जा रही है। रायपुर राजधानी में 20 लाख की लूट हो गयी। 10 करोड़ का सोना पकड़ा गया। भानूप्रतापपुर में तो एक बेरोजगार भाजयुमो नेता के पास उसके कार में करोड़ो रूपये दिखाई दे रहा है। वह कहता है रिश्तेदार का पैसा है, कही वो रिश्तेदार किसी मंत्री के यहां पदस्थ तो नहीं है? लगातार सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। हत्या, बलत्कार, लूटपाट, चोरी रोजाना हो रहा है। मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक ले रहे है। गृहमंत्री भी इस बैठक में शामिल हुये। गृहमंत्री अपराध रोकने में असफल रहे। सरकार में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा हैं। 10 महीने हो गये जो काम चल रहे थे वो भी रूक गये है। सरकार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है, हजारो करोड़ का कर्जा ले चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अभी धान खरीदी सामने है जब भाजपा विपक्ष में थी तो 1 नवंबर से धान खरीदी करने के लिये बोला करती थी। अब जब भाजपा खुद सरकार में आ गयी है तो धान खरीदी लेट से क्यों कर रही है? पिछले पांच सालों कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया उसके कारण किसानों की स्थिति में अच्छा परिवर्तन आया और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। खेत बनाने से लेकर सिंचाई और आधुनिक खेती का काम हुआ। पूर्ववर्ती कांग्रेस के कारण किसानों के जीवन में समृद्धि आयी है। यह सरकार 14 नवंबर को धान खरीदी करेगी और 31 जनवरी तक धान खरीदी करेगी। इससे सरकार के नीयत में शक हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि सरकार धान खरीदना चाह रही है कि नहीं। इन खरीदी के दौरान लगभग 35 दिनों का बहुत सारी सरकारी अवकाश रहेगा। जिससे धान खरीदने में परेशानी आयेगी। धान खरीदने के लिये सरकार को कम समय मिलेगा। अभी ऐसी स्थिति है कि सरकारी समिति वाले हड़ताल में चल दिये है और आपरेटर भी हड़ताल में है। ऐसी और कोई बाधा आएगी तो धान खरीदी 40 दिन में भी नहीं हो पायेगी। पिछले साल जो धान खरीदी हुआ है उसका सरकार ने अभी तक निष्पादन नहीं कर पाई है। सरकार की नीयत पर शक हो रहा है कि यह धान खरीदी कर पाएगी या नहीं? इस साल फसल आ चुका है धान कटाई शुरू हो चुकी है। दीपावली के पहले लगभग 30 से 40 प्रतिशत धान की कटाई हो चुकी है। सरकार को धान खरीदी का समय बढ़ाना चाहिये। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय रिकार्ड तोड़ धान खरीदी होती थी और किसानों के खाते में पैसा आता था। धान खरीदी करने के लिये सरकार के नीयत साफ नहीं है। इस साल फसल आ चुकी है कई बार फसल लेट से आता है। 1 नवंबर के आसपास कटाई शुरू होती है। इस समय तो दशहरा के समय कटाई शुरू हो गयी है, जो लंबे अवधि का फसल है वह भले रूक जायेगा। लेकिन धान की कटाई शुरू हो जाये। सरकार को 25 अक्टूबर से धान खरीद लेना चाहिये। फसल किसान के हाथ में आ चुका है। सरकार को किसानों का धान खरीदना चाहिए, नहीं तो किसान कोचियों को बेचने मजबूर हो जायेगा।

कौशल पखवाड़ा के तहत 18 अक्टूबर को लगेगा प्लेसमेंट कैम्प

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र धमतरी द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल पखवाड़ा के तहत जिले के चारों विकासखण्डों में 18 अक्टूबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 820 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। इनमें धमतरी विकासखण्ड के लाईवलीहुड कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में 465 पद, जनपद पंचायत कुरूद में 85, जनपद पंचायत मगरलोड में 245 और जनपद पंचायत नगरी में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में 25 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक, जिनकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई और स्नातक उत्तीर्ण हो, वे इस प्लेसमेंट कैम्प के साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए आवेदक को सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालोद (छ.ग.)

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

निविदा क्रं. 24 से 29/ले.शा./ज.जी.म/का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2024 बालोद, दिनांक : 17/10/2024

// ई-प्राक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //

ऑनलाईन निवदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण - बालोद जिले के वि.खं. गुण्डरदेही डौण्डी, डौण्डीलोहारा तथा गुरूर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलकूप खनन कार्य।

	नि.सू. क्रं./सिस्टम नं	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
1	24/160040	विकासखंड गुण्डरदेही के विभिन्न ग्रामों में 09 नग नलकूप खनन कार्य।	रू. 11.07 लाख
2	25/160041	विकासखंड डौण्डी के विभिन्न ग्रामों में 09 नग नलकूप खनन कार्य।	रू. 9.99 लाख
3	26/160042	विकासखंड डौण्डी के विभिन्न ग्रामों में 09 नग नलकूप खनन कार्य।	रू. 11.07 लाख
4	27/160043	विकासखंड डौण्डीलोहारा के विभिन्न ग्रामों में 10 नग नलकूप खनन कार्य।	रू. 12.30 लाख
5	28/160044	विकासखंड डौण्डीलोहारा के विभिन्न ग्रामों में 10 नग नलकूप खनन कार्य।	रू. 12.30 लाख
6	29/160046	विकासखंड डौण्डीलोहारा तथा गुरूर के विभिन्न ग्रामों में 11 नग नलकूप खनन कार्य।	रू. 12.31 लाख

1. बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि - 19/10/2024
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 07/11/2024

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 19/10/2024 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

G-242503297/3

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही, त्रुटि सुधार के प्रकरणों को शीघ्र निपटाये

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विगत दिवस जिले के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पटवारी हल्कावार लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर प्रकरणों को तेजी से निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को छोटे-छोटे राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए भटकना ना पड़े, इसके लिए राजस्व अमला मुस्तैदी और सक्रियता से कार्य करें। निर्धारित दिवस में पटवारी अपने कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मैदानी भ्रमण कर लोगों की समस्याओं से अवगत होकर उनका समय-सीमा में निराकरण करे। इसके अलावा पटवारी मुख्यालय में ही निवास करना सुनिश्चित करें। पक्षकारों को पता होना चाहिए कि पटवारी कब और कहा मिलेंगे। कलेक्टर ने लंबे समय से लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर तत्काल बिना विलंब प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। साथ ही त्रुटि सुधार के भी मामलों को स्थानीय स्तर पर निपटाने और लोगों को बार-बार अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर लगाना न पड़े, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि लोगों की सहुलियत के लिए तथा उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करे। लोगों की समस्याएं नहीं सुलझने के संबंध में शिकायत नहीं आनी चाहिए। कलेक्टर ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब करने और ढिलाई बरतने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि आगामी धान खरीदी के दौरान अवैध धान के आवक एवं खरीदी बिक्री पर भी कड़ी नजर बनाये रखे। अवैध खरीदी-बिक्री में संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में कहा कि ज्यादातर उच्च कार्यालयों में कई प्रकरण पटवारी प्रतिवेदन अप्राप्त होने के कारण लंबित पाये जाते है। इस पर गंभीरता से कार्य करते हुए प्रतिवेदन समय-सीमा में प्रस्तुत करे। जिससे लोगों की सहुलियत के लिए प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जा सके। उन्होंने क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा प्रकरणों के भी प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक विलंब के कारण प्रतिवेदन अप्राप्त होने पर संबंधितों पर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं के समाधान के लिए पटवारियों को अपने हितग्राहियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिये। जिससे आमजनों को आसानी से अपने क्षेत्र के पटवारी के संपर्क में रहकर राजस्व समस्याओं का त्वरित समाधान पाने में सहूलियत होगी। कलेक्टर ने राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों को अपने क्षेत्र में सूचना तंत्र मजबूत करने के निर्देश दिये। जिससे स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं एवं समस्याओं का न्यूनतम समय में जानकारी हासिल किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग के अमले द्वारा सक्रियता एवं गंभीरता पूर्वक कार्य करने से राजस्व विभाग की छवि बेहतर होगी, साथ ही लोगों का शासन प्रशासन के ऊपर विश्वास भी बढ़ेगा।

जिले में प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 का आयोजन प्रारंभ

कार्यक्रम स्थल भारती विश्वविद्यालय पुलगांव में तैयारियां पूर्ण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में 18 से 22 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 के लिए जिले में जोर-शोर से चल रही तैयारियां पूर्ण हो गई है। कार्यक्रम स्थल भारती विश्वविद्यालय पुलगांव में प्रतिभागियों के लिए आवास, भोजन, प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अस्पताल इत्यादि की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा आगामी 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके अनुसार सर्वप्रथम दल प्रभारियों के द्वारा सभी प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए शिविर स्थल में रूकने की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रभारियों द्वारा सभी जिलों को आवश्यकतानुसार रूम आबंटित किया जाएगा, जिसमें गद्दे, तकिए, चादर एवं कंबल इत्यादि की व्यवस्था रहेगी। शिविर स्थल में रेडक्रॉस के सम्मानित अधिकारी, स्टाफ सदस्य एवं शिविर के सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए रूम आबंटित किया जाएगा। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं शिविर स्थल पर सपन्न होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए विशाल मंच तैयार किया गया है। मंच के चारों ओर छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति नृत्य की झांकी प्रदर्शित की गई है, जिसमें जिले या संभागवार उद्घाटन, समापन सहित प्रतियोगिताएं सम्पन्न होगी। इसके सफल संचालन हेतु प्रभारियों एवं निर्णायक दल का गठन किया गया है। सभी प्रकार के प्रशिक्षण एवं कार्यशाला जिले में उपलब्ध प्रशिक्षकों के द्वारा दी जाएगी। साथ ही रेडक्रॉस के इतिहास, संगठन एवं रेडक्रॉस की गतिविधियों के विषयों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सभी प्रतिभागियों को पंजीयन के दौरान एक किट दिया जाएगा। इस किट में शिविर पुस्तिका, पेन, बैच, कैप. स्कार्फ, वागल रहेगा। शिविर स्थल में ही लगभग 20-30 स्टालों निर्माण किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ शासन के विभागों के द्वारा प्रदर्शनी, माडल की स्थापना की जाएगी।

गंज मंडी काम्प्लेक्स की दुकानों के लिए दस्तावेज जमा के साथ अतिशीघ्र प्रीमियम करें जमा आयुक्त

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

गंज मंडी के दुकानों का आबंटन शुरू कर दिया गया है। दुकानों का टेंडर पश्चात् प्रीमियम राशि जमा करने पत्र भेजा गया है,नगर पालिक निगम द्वारा अपील कर कहा कि किसी को पत्र नहीं मिला हो तो निगम में संपर्क करें एवं अतिशीघ्र प्रीमियम जमा करें, बता दे कि गंज मंडी में सी मार्ट 6 दुकानों में खोला गया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि साहिल हुसैन, सुखलाल चक्रधारी, धनश्री भानुशाली, मो.वसीम, डॉ ममता राय, मनोज गुप्ता, मनोज शर्मा,हर्ष जैन, मुरली शर्मा, कालीकृष्ण यादव, लक्ष्मी कांत राजपूत, गोपी शर्मा, भुनेश्वर परासर, शशि सोनी, शब्बीर चौहान, कुमारी मोहनी राखोडे, अशोक राखोडे, अंकित मनहरे, भारती छाजड़े जैन, लिनादेवी जैन, प्रीति जैन के अलावा राजू लाल साहू शामिल है। सभी नगर कार्यालय में पहुँचकर अपना आबंटन हेतु प्रीमियम अतिशीघ्र जमा करें।

गरियाबंद में सफाई कर्मचारियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

■ जागव वोटर जाबो के अंतर्गत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला गरियाबंद अंतर्गत नगरीय निकायों में स्थानीय निर्वाचन से पूर्व मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के द्वारा सभी निकायों को छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में गरियाबंद नगर में आज नगर पालिका गरियाबंद के सभी सफाईकर्मियों के द्वारा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएमओ के नेतृत्व में अपने शहर के मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल होने के लिये प्रेरित करने हेतु जागव वोटर जाबो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गरियाबंद मयंक अग्रवाल के द्वारा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरुकता शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान नायब तहसीलदार डोनेश्वर साहू, अर्वतिका गुप्ता और नगरपालिका गरियाबंद सीएमओ चंदन मानकर उपस्थित रहे। विदित हो कि आगामी स्थानीय निकायों के निर्वाचन से पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत नगरीय निकायों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया गया है। 23 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक नागरिकों को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जागव वोटर जाबो अभियान चलाया जा रहा है।

जूनियर रेडक्रॉस मीट के दौरान 18 से 22 अक्टूबर तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

■ एस.ए.एफ बटालियन में दायरा बस्तर की प्रस्तुति होगी विशेष आकर्षक

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में 18 से 22 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक मंच पर विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इस दौरान एस.ए.एफ बटालियन नेहरू नगर में दायरा बस्तर की प्रस्तुति विशेष आकर्षक होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी संयुक्त कलेक्टर एवं आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली मोनिका वर्मा से मिली जानकारी अनुसार 18 अक्टूबर 2024 को खैरागढ़ विश्वविद्यालय की प्रस्तुति, स्थानीय स्तर पर तैयार, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और प्रतिभागी बच्चों द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति होगी। 19 अक्टूबर 2024 को कैलान बर्रे पंथी दल की प्रस्तुति, गिरधारी विश्वकर्मा राउत नाचा की प्रस्तुति, विभिन्न संभाग द्वारा तैयार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और रेणु साहू द्वारा पंडावानी की प्रस्तुति होगी। 20 अक्टूबर 2024 को खैरागढ़ विश्वविद्यालय की प्रस्तुति, त्रिवेणी संस्कृति की प्रस्तुति, राधेश्याम बारले पंथी दल की प्रस्तुति और अजय चतुर्वेदी पंथी दल की प्रस्तुति होगी।

21 अक्टूबर 2024 को कार्यक्रम स्थल एस.ए.एफ बटालियन नेहरू नगर में अंकित तिवारी द्वारा दायरा बस्तर की प्रस्तुति होगी। इसी प्रकार 22 अक्टूबर 2024 को संतोषी साहू एवं टीम द्वारा कर्मा नृत्य प्रस्तुति, मलमख की प्रस्तुति और विभिन्न जिलों से आये चयनित बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

आज स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपक नगर में शिक्षक पालक बैठक

मेगा पीटीएम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

को स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपक नगर में शिक्षक पालक बैठक मेगा पीटीएम का आयोजन हुआ। जिसमें शाला के अध्यक्ष अनूप गटागट दीपक नगर वार्ड पार्षद मीना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, दीपक नगर में 1161 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है जिसमें से 774 छात्रों के पालकों ने इस मेगा पेटीएम में अपनी उपस्थिति दी। अध्यक्ष अनूप गटागट प्राचार्य शेफाली सोनी तथा मीना सिंह द्वारा पालकों से परस्पर वार्तालाप किया गया तथा उनसे बच्चों के अनुशासन, शाला में उपस्थित तथा अध्ययन में आ रही समस्याओं के हल के बारे में चर्चा की गई। पालकों को अपार आईडी तथा नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी गई। तिमाही परीक्षा के रिजल्ट के बारे में कक्षा शिक्षकों ने पालकों से चर्चा की मिडिल प्राइमरी तथा हायर सेकेंडरी के छात्रों द्वारा अलग-अलग मॉडल कि प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया, प्राचार्य शेफाली सोनी ने बताया की बच्चों के उन शैक्षणिक क्षेत्रों में ध्यान दिया जाएगा जिस पर उन्हें ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है तथा पालकों से भी उन्होंने सहयोग की अपेक्षा की।

चौक-चौराहों सहित डिवाइडर के दोनों तरफजमी धूल की सफाई में लगातार जुटे निगम कर्मी

■ स्थल निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व अमले के साथ सफाई व्यवस्था देखी

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निरन्तर शहर क्षेत्र में विभिन्न वार्डों के अलावा पटेल चौक, मालवीय चौक,स्टेशन रोड,पुलगांव चौक सहित शहर के अन्य मार्गो की साफ-सफाई कर कचरे का उठाव किया गया। शहर के मुख्य मार्गो में डिवाइडर के दोनों तरफजमी धूल की मोटी परत को भी साफ किया गया। सफाई नहीं होने से आने जाने से उठने वाली धूल लोगों के लिए नुकसानदायक था इसलिए लगातार डिवाइडर के दोनो ओर सफाई किया जा रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि वार्डों के अलावा सार्वजनिक सडकों, जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ था। मुख्य मार्ग पर सुबह झाड़ू लगने के बाद दिनभर बड़ी गाड़ियों का निकासी नालियों एवं मुख्य मार्गो के डिवाइडर किनारे मिट्टी की सफाई कराकर शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने प्रयास किया जा रहा है। स्थल निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शॉएब अहमद, एमयूएल कुणाल, राहुल सहित अमले के साथ सफाई व्यवस्था देखी, उन्होंने कहा कि शहर की सफाई कार्य में गुणवत्ता लाने प्रयास कर रहे हैं।

कृषि स्थायी समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में योगिता चंद्राकर, सभापति जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति एवं विशेष अतिथि पुष्पा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, लक्ष्मी यशवंत साहू सदस्य कृषि स्थायी समिति व अशोक साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। पूजा कश्यप साहू, उप संचालक उद्यान सह सदस्य सचिव कृषि स्थायी समिति द्वारा सभापति की अनुमति से विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें वर्ष 2024-25 के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग में संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना घटक सब्जी क्षेत्र विस्तार, फ्ल क्षेत्र विस्तार, संरक्षित खेती अंतर्गत ग्रीन हाऊस, शेडनेट हाऊस व माली प्रशिक्षण एवं राज्य पोषित योजना घटक नदी कछार, सामुदायिक फेंसिंग, पोषण बाड़ी इत्यादि योजनाओं का भौतिक/ वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया। विकास साहू, सहायक संचालक कृषि द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदाय की। अशोक साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा एस. के. बेहरा, बीज प्रबंधक, छ.ग. राज्य बीज निगम को सभी समितियों में मांग अनुरूप तिवड़ा, गेंहू, चना, सरसों बीज की भंडारण संबंधी निर्देश दिये गये। डॉ. एस.पी. सिंह, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही जिले में दुग्ध संग्रहण हेतु मिल्क कॉपरेटिव सोसायटी की गठन संबंधी चर्चा की गई। सीमा चंद्रवंशी, उप संचालक उद्यान मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें मछुआ प्रशिक्षण, मत्स्य पालन प्रसार, मत्स्य बीज उत्पादन, स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण, किसान क्रेडिट कार्ड, जाल एवं आईस बॉक्स वितरण व अन्य योजना के भौतिक वित्तीय लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा किया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा मत्स्य पालन, गौ पालन एवं उद्यानिकी हेतु लघु एवं सीमांत कृषकों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी गई। बैठक में धान खरीदी की तैयारी, तांदुला जल संसाधन दुर्ग एवं क्रेडा विभाग के विभागीय कार्यो की भी समीक्षा की गई।

कृषि विज्ञान केन्द्र में पीएम कुसुम योजनांतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

कृषक महिलाओं की सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पीएम कुसुम योजनांतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीएम-कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) घटक, भारत शासन द्वारा संचालित एक महत्वकां योजना है। इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जागरूकता के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में कवर्धा जनपद अध्यक्ष इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी शामिल हुए। कवर्धा जनपद अध्यक्ष इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कृषक महिलाओं को संगठित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने आय में वृद्धि करने की बात कही तथा कृषि कार्यो में अधिक से अधिक भागीदारी करने एवं महिला सशक्तीकरण के लिए निर्णयों में भी अपनी हिस्सेदारी निभाने हेतु प्रेरित किया। सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सिंचाई और गैर नवनीकृत ऊर्जा के स्त्रोत का उपयोग कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा मार्च 2019 में प्रधान मंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना शुरू की गई थी। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को खेती के लिए सोलर सिंचाई पंप लगाना होगा। कृषि विज्ञान केन्द्र, के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.पी. त्रिपाठी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं वर्तमान परिदृष्य में कृषि के क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण के महत्व एवं स्वच्छ एवं नवनीकरण ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारत का राष्ट्रीय कौशल फाउण्डेशन से संतोष पांडा का तकनीकी सत्र हुआ जिसमें उन्होने कृषकों को इस योजना केबारे में बताया, जिसमें किसान बंजर, परती या कृषि भूमि पर 2 मेगावाट क्षमता तक के विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकते हैं। इससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी एवं देश की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके लिये भूमि को सब स्टेशन से 5 किलोमीटर की परिधि में होना आवश्यक है। इसमें लगने वाले कुल लागत का लगभग 30 प्रतिशत कृषक को वहन करना होगा एवं लगभग 70 प्रतिशत बैंक फाईनेंस प्राप्त होगा। इसमें किसान विभिन्न प्रकार के डिजाइन अपनी सुविधा एवं आवश्यता के अनुसार तय कर सकेंगे एवं उपलब्ध भूमि में ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के साथ-साथ खेती करके दोहरा लाभ प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम में अंकित कुमार पटेल, सलाहकार ग्रामीण विकास परिवर्तन, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वैज्ञानिक गण एवं जिले के विभन्न गांवों से आये 50 कृषक ने भाग लिया।

भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में संचालित सरकारी राशन दुकान के संचालकों को निर्देश

■ राशन कार्ड में सदस्य के रूप में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति का ई-के.वाई.सी. कार्य पूर्ण कराये

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी से समक्ष प्राप्त निर्देश के अनुसार नगर निगम भिलाई-चरौदा के राशन कार्ड विभाग द्वारा ई-के.वाई.सी. की प्रक्रिया को पूर्ण करने कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में बुधवार दिनांक 16-10-2024 को आयुक्त कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत द्वारा विषय पर अपनी बात रखते हुए राशन दुकान संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा राशन कार्ड में जितने भी सदस्य दर्ज है उन सभी का ई-के.वाई.सी. कराया जाना है। ऐसे में आप सभी राशन दुकान संचालक अपने दुकान से राशन वितरण किये जाने के दौरान लोगो को इस विषय से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

संपादकीय

चुनावों की घोषणा जनता की इच्छा

चुनावों की घोषणा और उनके परिणाम लोकतंत्र में जनता की इच्छा जानने का माध्यम बनते हैं। दो राज्यों में विधानसभा चुनावों तथा कुछ उप-चुनावों की घोषणा हुई है जिससे चुनाव का मौसम फिर आ गया है। 2024 में चुनावों का अंतिम दौर नवंबर में होगा। निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया 13 नवंबर से शुरू होगी। झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि महाराष्ट्र में एक ही चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। इसके साथ ही अनेक लोकसभा उप-चुनावों की घोषणा हुई है जिनमें केरल से वायनाड भी शामिल है। राहुल गांधी द्वारा सीट छोड़ने से यहां उप-चुनाव की जरूरत पड़ी है। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव सत्तारूढ़ व विपक्षी पार्टियों के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे उनकी शक्ति परीक्षण का प्रमुख क्षेत्र बनेंगे। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा को 'महा विकास अघाड़ी'-एमवीए गठबंधन से भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है जिसमें शिवसेना-यूबीटी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा और कांग्रेस शामिल हैं। एमवीए आर्थिक परेशानी तथा प्रशासनिक विफलता जैसे मुद्दों पर जनता का असंतोष भुनाने का प्रयास कर रही है और वह आंतरिक तनावों के बावजूद स्वयं को एकजुट मोर्चे के रूप में पेश कर रही है।

झारखंड में भी मुकाबला कांटे का है जहां सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा-जेएमएम व कांग्रेस का गठबंधन भाजपा की चुनौती का सामना कर रहा है। सत्ता पर कब्जा बनाए रखने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन का विश्वास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता तथा उनके द्वारा लागू समाज कल्याण योजनाओं पर है। भाजपा यहां मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए कानून-व्यवस्था तथा आदिवासी अधिकारों जैसे मुद्दे उठा रही है। विधानसभा चुनावों के साथ 13 नवंबर को पंजाब की चार विधानसभा सीटों-डेरा बाबा नानक, छब्बेवाल, गिद्दरबाबा व बरनाला में उप-चुनाव होंगे। ये उप-चुनाव क्षेत्र में वर्तमान राजनीतिक भावनाओं को प्रकट करेंगे जिनसे संभवत: व्यापक चुनावी संघर्षों का आधार तैयार होगा। इसके साथ ही केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उप-चुनाव एक और महत्वपूर्ण मुकाबला होगा। आमतौर से अनुमान लगाया जाता है कि प्रियंका गांधी वाड्रा इस निर्वाचन क्षेत्र से चुनावी राजनीति में प्रवेश करेंगी। इससे कांग्रेस की प्रचार रणनीति में व्यापक परिवर्तन आएगा। भारत में चुनावों का समय न केवल राजनीतिक दलों की गतिविधियां बहुत तेज करने वाला होता है, बल्कि यह निर्वाचन आयोग तथा सरकारी मशीनरी की कड़ी परीक्षा भी लेता है। देश में चुनाव कराना कोई आसान काम नहीं है। इसी प्रकार शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना भी बड़ी चुनौती है। महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी चुनाव तथा उप-चुनाव भारत में विकसित होते राजनीतिक परिदृश्य की तस्वीर सामने रखेंगे। दोनों राज्यों में 'कांटे की टक्कर' वाले इन चुनावों में विभिन्न राजनीतिक परिदृश्य उभर कर सामने आ सकते हैं। ये राजनीतिक परिदृश्य विभिन्न पार्टियों की चुनावी रणनीति, क्षेत्रीय मुद्दों तथा विभिन्न नेताओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों से प्रभावित होंगे। इन राज्यों के चुनावी परिणाम देश में भावी राजनीति को भी दिशा देंगे। राजनीतिक विश्लेषक अभी से इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों के बारे में अनुमान लगाने लगे हैं, लेकिन मतदाताओं के मन की थाह पाना आसान नहीं है। इन चुनावों में मतदाता राजनीतिक पार्टियों की किस्मत तय करेंगे और उनके द्वारा पेश एजेंडे पर अपनी स्वीकृति की मुहर लगाएंगे।

हरियाणा में कांग्रेस की पराजय

हरियाणा में कांग्रेस की पराजय ने न केवल पार्टी के उभार का विमर्श ठंडा कर दिया है, बल्कि इसने गठबंधन राजनीति के दृष्टिकोण में परिवर्तन की आवश्यकता भी उजागर की है।

कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

हरियाणा में कांग्रेस की पराजय ने न केवल पार्टी के उभार का विमर्श ठंडा कर दिया है, बल्कि इसने गठबंधन राजनीति के दृष्टिकोण में परिवर्तन की आवश्यकता भी उजागर की है। हरियाणा में पराजय के कारण देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन में सहयोगियों की आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। गठबंधन सहयोगियों ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसने हालिया हरियाणा चुनाव में गठबंधन सहयोगियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। इसके कारण दस साल सत्ता में रहने के कारण पैदा 'सत्ता-विरोधी भावनाओं' के बावजूद भाजपा को तीसरी बार विजय प्राप्त कर सरकार बनाने का अवसर दे दिया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव पर अधिकांश एक्ज़िट पोलों ने कांग्रेस की स्पष्ट विजय का अनुमान लगाया था, पर इसके बावजूद भाजपा विधानसभा की कुल 90 सीटों में से 48 जीतने में सफल हुई। भाजपा की इस भारी विजय का अनुमान संभवत: पार्टी नेताओं को भी नहीं था। यदि हरियाणा में कांग्रेस एक्ज़िट पोल अनुमानों के अनुसार पूर्ण बहुमत प्राप्त करने में सफल होती तो इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं में उत्साह पैदा होता तथा देश भर में उसकी छवि में और व्यापक सुधार होता। लेकिन इसके एकदम विपरीत कांग्रेस हाल में अपने आंतरिक टकरावों के कारण पांचवां विधानसभा चुनाव हार गई है। इसके पहले वह पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में हार का मुंह देख चुकी है।

कांग्रेस की हरियाणा में इस पराजय से अब यह निश्चित नहीं है कि 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी भविष्य में भाजपा के खिलाफ मुकाबले के लिए एकजुट होंगे। ऐसे में बहस हो रही है कि यदि कांग्रेस का हरियाणा में आम आदमी पार्टी-आप से गठबंधन होता तो क्या वह चुनाव जीतने में सफल होती। इसके साथ ही कांग्रेस की रणनीति तथा 'इंडिया' के भविष्य पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरा, हरियाणा में कांग्रेस की पराजय का प्रभाव महाराष्ट्र और झारखंड के आगामी विधानसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है। हरियाणा चुनाव परिणाम का तत्काल प्रभाव आगामी दिल्ली, महाराष्ट्र और झारखंड में सीट-साझा समझौतों पर पड़ सकता है। इन चुनाव परिणामों के बाद आप ने दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने की लगभग घोषणा ही कर दी है।

तीसरा, यह अनिश्चित है कि क्या कांग्रेस और आप का भविष्य में कोई गठबंधन होगा क्योंकि आप ने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। अपने लचीलेपन तथा सुलह-समझौते की नीति के कारण 'इंडिया' ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसमें कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक ही उम्मीदवार उतारना था ताकि भाजपा-विरोधी वोटों में विभाजन को रोका जा सके। गठबंधन ने विवादास्पद मुद्दों को पीछे छोड़ कर अपने कामकाज में अच्छा प्रबंधन किया था। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों ने मोटेतौर से भाजपा को हराने का लक्ष्य सामने रखा था और वे एक सीमा तक सफल भी हुए। लोकसभा चुनाव में भाजपा का बहुमत घटा और वह जदयू व टीडीपी की सहायता से ही सरकार बनाने में सफल हुई। लेकिन अब हरियाणा में कांग्रेस की पराजय ने गठबंधन के भीतर स्थिति एकदम बदल दी है। इस पराजय के कारण अब 'इंडिया' में गठबंधन सहयोगियों को कांग्रेस पर बढ़त मिल गई है। गठबंधन सहयोगी अब संभवत: ज्यादा कठोर दृष्टिकोण अपनायेंगे जिससे कांग्रेस को झुकने पर मजबूर होना पड़ सकता है। हालांकि, अब तक किसी ने यह नहीं कहा है कि 'इंडिया' गठबंधन समाप्त हो गया है।

इसके उलट परिणाम आने के अगले दिन समाजवादी नेता अखिलेश यादव ने अपने बयान से संकेत दिया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा। अखिलेश ने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि इंडिया समूह बना रहेगा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा।' लेकिन इसके उलट आम आदमी पार्टी-आप ने कहा है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी, जबकि उसने तीन महीने पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस दिल्ली में एक भी सीट नहीं जीत सकी।

'इंडिया' समूह में अन्य गठबंधन सहयोगियों ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि वह अति-विश्वास से भरी थी तथा उसने सीट-साझा के प्रति कठोर दृष्टिकोण अपनाया था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी सीटों की संख्या दूनी कर ली थी और वह उत्साह से भरी थी, लेकिन हरियाणा में पराजय के बाद वह कमजोर हुई है और उसे भारी झटका लगा है। अधिकांश एक्ज़िट पोलों ने हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय की भविष्यवाणी की थी क्योंकि भाजपा दस साल की सत्ता-विरोधी लहर का सामना कर रही थी और जनता का एक हिस्सा उसके कामकाज से निराश था। लेकिन भाजपा ने आश्चर्यजनक रूप से न केवल हरियाणा में लगातार तीसरी बार विजय पाई, बल्कि उसका यह प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। किसी पार्टी ने अब तक इस ग्रामीण-प्रभुत्व वाले राज्य में लगातार तीसरी बार विजय पाई है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना-उद्धव तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा के बीच सीट-साझे पर बातचीत जारी है। हरियाणा में पराजय के बाद कांग्रेस को सीट-साझा फार्मूले के प्रति ज्यादा विनम्रता दिखानी चाहिए तथा उसे चुनाव के पहले उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री घोषित करने की शिवसेना की मांग पर गंभीरता से विचार भी करना चाहिए। जहां तक हरियाणा विधानसभा चुनाव का सवाल है, आप को हरियाणा में एक भी सीट नहीं मिली और उसे लगभग केवल 1.78 प्रतिशत वोट ही मिले। लेकिन यदि कांग्रेस ने आप से गठबंधन किया होता तो ये वोट निश्चित रूप से 'इंडिया' को मिलते। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा है कि कांग्रेस ने छोटी पार्टियों तथा उनके द्वारा किए जा रहे गठबंधन प्रयासों को अनदेखा किया।

तृणमूल कांग्रेस, आप, शिवसेना-उद्धव, नेशनल कान्फ्रेंस, राजद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा अन्य ने कांग्रेस की आलोचना की है कि वह अपनी गलतियों के कारण हरियाणा में पराजित हुई। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' ने अपने संपादकीय में बुधवार को कहा, 'किसी ने नहीं सोचा था कि हरियाणा में भाजपा सरकार फिर आ जाएगी। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के अति-आत्मविश्वास तथा स्थानीय कांग्रेस नेताओं का घमंड पार्टी की पराजय का कारण बना।' ऐसे में महाराष्ट्र और झारखंड में सीट-साझा के लिए लोकसभा चुनाव का फार्मूला दुहराना जरूरी हो गया है। अब अधिकांश सहयोगियों के साथ सीट-साझे में कमजोर पड़ चुकी कांग्रेस का वर्चस्व नहीं रहेगा। 'इंडिया' गठबंधन में व्याप्त वर्तमान सोच से कांग्रेस के अपने सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित होंगे।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित एवं अभूतपूर्व पराजय से स्पष्ट है कि अब विपक्ष हालिया विधानसभा चुनावों में पराजय के और झटके झेलने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में कांग्रेस को मुख्यत: उन 286 सीटों पर ही ध्यान देना चाहिए जहां वह भाजपा के साथ सीधी लड़ाई में है। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का भाजपा के खिलाफ 'स्ट्राइक रेट' 29 प्रतिशत तक पहुंच गया था, जबकि यह 2019 में केवल 8 प्रतिशत था। इस संदर्भ में यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि 2024 में कांग्रेस ने केवल 286 सीटों पर भाजपा से मुकाबला किया, जबकि इन सीटों की संख्या 2014 में 370 थी।

कांग्रेस को 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में अपने साझीदारों के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों के कारण ही विजय मिली थी। वर्तमान समय में गठबंधन को व्यापक बनाए रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है। उसे यह अवश्य समझना चाहिए कि कोई साझीदार चाहे बड़ा हो या छोटा, उसके लिए जरूरी है। कांग्रेस ने अतीत में अनेक 'चिंतन शिविर' आयोजित किए हैं, पंचमढ़ी और शिमला इनके अच्छे उदाहरण है। वर्तमान समय की जरूरत है कि लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित व अभूतपूर्व पराजय के बाद कांग्रेस ऐसा ही एक और चिंतन शिविर आयोजित करे।

तीव्र प्रगति के बीच स्वस्थ भविष्य का निर्माण

अश्वजीत सिंह
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

शहरीकरण, आर्थिक समृद्धि और संसाधनों का इंजन है, आधुनिकता के केंद्र में है और स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करता है। तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण के साथ, संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2050 तक, 10 में से 7 लोग शहरों में रहेंगे, और युवा संभवत: सबसे ज़्यादा आबादी वाले होंगे। भविष्य का निर्माण लगातार बढ़ते वैश्विक युवाओं द्वारा किया जाएगा, जो मज़बूत, समृद्ध, टिकाऊ और जीवंत समाज बनाने और बनाने में एक गतिशील और क्रांतिकारी भूमिका निभाने के लिए अभिन्न अंग हैं। हाल के वर्षों में, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने युवाओं की सार्थक भागीदारी पर ज़ोर दिया है, क्योंकि विकास वैश्विक स्तर पर जारी रहने के दौरान सतत की दिशा में प्रगति को तेज़ करने के लिए यह महत्वपूर्ण है। यह दृष्टिकोण इस वर्ष के विश्व पर्यावास दिवस के संदेश से भी मेल खाता है, जो बेहतर शहरी भविष्य बनाने के लिए युवाओं को शामिल करने पर केंद्रित है। हालाँकि, जब हम भागीदारी प्रक्रियाओं और स्थानीय नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नई पीढ़ी को उनके शहरी वर्तमान और भविष्य की योजना बनाने में शामिल करने की दिशा में काम करते हैं, तो उनकी स्वस्थ आजीविका सुनिश्चित करना अनिवार्य है। शहरीकरण के सकारात्मक गुण इसके भीतर मौजूद असमानताओं को भी छिपाते हैं। सभी शहरी निवासी इन लाभों का समान रूप से अनुभव नहीं कर पाते या उन तक पहुँच नहीं पाते। उदाहरण के लिए, 2030 तक भारत की 40 प्रतिशत आबादी शहरी सेटअप में निवास करेगी, जिसमें 24 प्रतिशत युवा (15-29) होंगे, जो इसे अपेक्षाकृत युवा देश बनाता है।

हालांकि तेज़ शहरीकरण भारत की औसत घरेलू सामाजिक-आर्थिक स्थिति और बाल स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करना जारी रखेगा, लेकिन यह शहरी युवाओं के स्वास्थ्य को असमान रूप से प्रभावित करने की उम्मीद है, जो स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति अधिक संवेदनशील होने की संभावना रखते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखे बिना शहरीकरण के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण स्वास्थ्य असमानताएँ होती हैं। जैसे-जैसे शहरीकरण के साथ जेंट्रीफिकेशन बढ़ता है, युवाओं का एक बड़ा हिस्सा

शहरी झुग्गियों और कम आय वाले क्षेत्रों में रहने की संभावना है। ये क्षेत्र अलग-अलग स्वास्थ्य चुनौतियों से जूझते हैं जो गरीबी, शिक्षा और रोजगार जैसे व्यापक सामाजिक-आर्थिक निर्धारकों से प्रभावित होते हैं। निम्न आय वाले परिवारों और क्षेत्रों के युवाओं को शिक्षा तक पहुँचने में बाधाओं का सामना करने की अधिक संभावना है, जो बदले में नौकरी के अवसरों को सीमित करता है और खराब स्वास्थ्य परिणामों के चक्र को जारी रखता है। ये अनौपचारिक बस्तियाँ किसी समृद्ध पड़ोस के बगल में स्थित हो सकती हैं। फिर भी, वहाँ रहने वाले लोगों के पास सुरक्षित पानी और स्वच्छता के बुनियादी ढाँचे तक पहुँच नहीं है, जो बाढ़, खुले सीवर और भीड़भाड़ के कारण जलजनित और वेक्टर जनित बीमारियों के लिए हॉटस्पॉट बन रहे हैं। ऐसी खराब स्वच्छता के साथ, बच्चों और युवा वयस्कों में कुपोषण की बढ़ती दर बीमारियों के बोझ को और बढ़ा देती है। संक्रामक रोगों के अलावा, निम्न आय वाले क्षेत्रों में शहरी युवा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गैर-संचारी बीमारियों के संपर्क में तेजी से आ रहे हैं, जो अक्सर खराब आहार, तनाव और शुरुआती निदान या नियमित स्वास्थ्य जांच तक पहुँच की कमी के कारण बढ़ जाती हैं। शहरी युवाओं के रहने और स्वास्थ्य की स्थिति को प्रभावित करने वाली ये पर्याप्त क्षेत्रीय असमानताएँ क्लीनिकों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों के असमान वितरण के कारण भी होती हैं, जो देखभाल के विकल्पों को सीमित करती हैं। एनएफएचएस-3 के अनुसार, शहरी गरीब बच्चों में से केवल 39.9 प्रतिशत को ही पूर्ण टीकाकरण मिल पाता है, जबकि शहरी गैर-गरीब बच्चों में यह प्रतिशत 65.4 है। कम टीकाकरण दर और चल रहे स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता की कमी स्कूल में उपस्थिति और संज्ञानात्मक विकास को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

2013 में शुरू किया गया राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) शहरी क्षेत्रों के लिए विनियामक, सुधारात्मक और विकासात्मक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं को पूरा करने में सहायक रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, एनयूएचएम ने स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है, जिससे शहरी गरीबों को महंगी निजी सेवाओं के बजाय सार्वजनिक सेवाओं को चुनने की अनुमति मिली है। शहरी युवा स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने की अन्य पहलों में, राष्ट्रीय युवा नीति (एनवाईपी) 2021 संयुक्त राष्ट्र के एसडीजी के साथ संरेखित करते हुए, 2030 तक युवा विकास के लिए 10-वर्षीय दृष्टिकोण की रूपरेखा तैयार करती है। एनवाईपी शहरी युवाओं के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य घटकों को संबोधित करके और मानसिक स्वास्थ्य को स्वीकार करके भारत के समग्र विकास और प्रगति के लिए युवा स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है। इसके अलावा, सभी को लाभ पहुंचाने वाले और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले समावेशी स्वास्थ्य के निर्माण की दिशा में भारत के अग्रणी कदम को हाल ही में 2023 में जी20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा में भी प्रमुखता मिली।

रिपोर्ट में भूख और कुपोषण को खत्म करने और अधिक स्वास्थ्य सहयोग के साथ आगे बढ़ने के तरीके शामिल हैं, खासकर चुनौतीपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य का सामना करते समय। जबकि ह॥रूऔर हङ्कक जैसी नीतियों ने शहरी युवा स्वास्थ्य को संबोधित करने में प्रगति की है, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए और अधिक करने और लागू करने की आवश्यकता है।

कई शहरी स्वास्थ्य सेवा केंद्र अभी भी कम कर्मचारियों, संसाधनों की कमी और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले युवाओं के लिए पहुंच संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत के शहरी युवा फलते-फूलते हैं, स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देना और निर्णय लेने में युवाओं को शामिल करना जारी रखना महत्वपूर्ण है।

आप की बात

मोदी की उपलब्धियां

गुजरात के सीएम और बाद में देश के पीएमके रूप में नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक सेवा में 23 वर्ष इसी 7 अक्टूबर को पूरे कर लिए। उनके शासनकाल में एक से बढ़कर एक बेहतरीन कार्य हुए, जिसके चलते आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बहुत ऊंचा हो गया है। इन सालों में विपक्ष के साथ-साथ मोदी को अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं के भी कटाक्ष सुनने पड़े। विपक्ष ने उन्हें गुजरात के मुख्यमंत्री पद से भी हटाने के भरपूर प्रयास किये थे। केंद्र में आने के बाद समूचा विपक्ष साम, दाम, दण्ड, भेद किसी भी प्रकार उन्हें कुर्सी से हटाने के लिए छटपटा रहा है। विपक्ष ने आरएसएस से उनके संबंधों में खटास की बात भी खूब उछाली। मगर हरियाणा चुनाव परिणाम ने मोदी को पुन: सर्वशक्तिमान बना दिया और विपक्ष ठगा सा खड़ा देखता रहा। केजरीवाल की पार्टी की तो एक सीट छोड़कर सभी सीटों पर जमानत जब्त हो गई। मोदी ने अपने ट्वीट में जाहिर कर दिया है कि वह पूरे जोश के साथ काम करते रहेंगे। नरेन्द्र मोदी निन्दा और प्रशंसा की चिन्ता किए बिना न्याय के पथ पर चलते रहते हैं। इसी कारण उन्होंने इन 23 वर्षों में एक दिन छुट्टी ली और न कभी अपने काम से विरत हुए। मोदी की उपलब्धियों का लाभ देश के सबसे गरीब तबके को सीधे-सीधे मिल रहा है।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

उमर अब्दुल्ला से उम्मीद

जम्मू कश्मीर में लोकतंत्र की नई महक से गठित नेशनल कान्फ्रेस सरकार से लोगों को भरोसा है कि वह केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश को प्रगति की ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए काम करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने केन्द्र सरकार के पूरे सहयोग का वादा किया है। लेकिन उमर अब्दुल्ला को कई नई चुनौतियों से रूबरू होना पड़ेगा। हिंसा और आतंक में गुजरे कई दशकों के बाद राज्य में संवैधानिक रूप से लोगों ने अपनी पसंद की सरकार चुनकर उससे उम्मीद लगाई है। लोगों ने साहस दिखाकर कई दशक बाद भारी मतदान से यह सिद्ध कर दिया है कि राज्य अब आतंक नहीं विकास की डगर चाहता है। राज्य सरकार को युवाओं को रोजगार की प्राथमिकता को पुरा करना होगा ताकि वे असंवैधानिक गतिविधियों से दूर रहें। इसके अलावा देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को प्राथमिकता देकर नेशनल कांफ्रेंस सरकार को केंद्र से दोस्ताना संबंध बनाने होंगे तभी वह राज्य के लिए जरूरी योजनाओं और उनके लिए आवंटित धनराशि प्राप्त कर सकेगी। उमर अब्दुल्ला अपने कॅरियर के ऐसे मोड़ पर हैं, जब प्रदेश और देश के साथ ही सारी दुनिया की नजरें उन पर टिकी हैं। वे जम्मू कश्मीर को भारत का स्विटजरलैंड बना सकते हैं।

- अमृतलाल मारू, इंदौर

रेलों की सुरक्षा

पिछले हादसों के बाद रेल प्रशासन व्यवस्था मजबूत करने व रखरखाव पर कठोरता से ध्यान दे रहा है। पिछली कुछ दुर्घटनाओं में मानवीय भूल, रखरखाव की शिथिल व्यवस्थाए, असामाजिक तत्वों द्वारा रेल पटरियों पर खतरनाक वस्तुएं व अवरोध रखने तथा पटरियों को नुकसान पहुंचाने जैसे कारण सामने आए हैं। नई व बेहतर रेलों के संचालन के साथ ही रेलवे प्रशासन को पटरियों, बोगियों, सिग्नल व्यवस्था आदि के रखरखाव पर ध्यान देना चाहिए। तकनीकी स्टाफ के साथ ही सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाना भी जरूरी है जिनमें आरपीएफ व जीआरपी शामिल हैं। ट्रेनों की रफ़्तार बढ़ाने के लिए पुरानी पटरियों व बोगियों को बदलना या उनमें सुधार करना जरूरी हो गया है। यात्रियों को नई ट्रेनों के साथ अन्य सुविधाएं देना तथा यात्रा को बेहद सुरक्षित बनाए रखना भी जरूरी है। विदेशों में अनेक स्थानों पर रेल पटरियां दोनों ओर दीवालों से घिरी रहती हैं, जबकि भारत में इसका ठीक उल्टा है। ऐसे में यथासंभव रेल पटरियों के दोनों ओर दीवाल उठाने की दूरगामी योजना पर ध्यान देना चाहिए। राजमार्गों को सुरक्षित करने के लिए ऐसी पहल नितिन गडकरी के नेतृत्व में शुरू हो चुकी है। रेलवे को उनका अनुसरण करना चाहिए।

-शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

फाइव आईज़ गठजोड़

फाइव आइज़ गठजोड़ के प्रति भारत को सतर्कता बरतनी जरूरी है क्योंकि यह कनाडा का समर्थन करता है। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो अपनी सरकार बचाने के लिए सिखों का समर्थन पाने हेतु भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदाराना, झूठे, मनगढ़ंत और हास्यापद आरोपों की झड़ी लगा रहे हैं। बिना प्रमाण के लगाए इन आरोपों का भारत ने कठोर जवाब दिया तो कनाडा सरकार तिलमिला गई है। सिखों का समर्थन पाने के लिए जस्टिन त्रूदो खालिस्तान-समर्थकों को शह देकर बेलगाम बना रहे हैं। इस काम में अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन, अर्थात इन पांच देशों का फइव आइज नामक कथित संगठन त्रूदो की सहायता कर रहा है। इससे वे खालिस्तानियों को मोहरा बनाकर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं, जबकि उनके दल के ही लोग इस नीति का खुला विरोध कर सरकार गिराने की चुनौती दे रहे हैं। भारत को राजनयिक स्तर पर अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन से भी बात करनी चाहिए।

-बी.एल. शर्मा, उज्जैन

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

राम मंदिर मुददे पर धरना देने पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित राम मंदिर जमीन खरीदी बिक्री मामले को लेकर किया जा रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थल राम मंदिर प्रांगण में जाकर धरना दिया इस अवसर पर आम जनता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मेरे कार्यकाल में जो लोग बढ़-चढ़कर मुझे तथा मेरे परिवार को बदनाम करने के लिए राम मंदिर जमीन अंतरण मामले में बदनाम करने में लगे हुए थे। श्रीवास्तव में भाजपा नेता द्वारा प्रभु श्री राम के जमीन मंदिर को बेच दिए जाने के मुद्दे पर मौन है जो भाजपा का चरित्र उजागर हो करता है। भाजपा के लोग जब भाजपा के नेता द्वारा राम मंदिर की जमीन को खरीद कर भरपूर मुनाफाखोरी करते हुए बेचा गया है उस मुद्दे पर मौन है। किसी भी भाजपा नेता की ओर से कोई बयान इस मामले को लेकर नहीं दिया जा रहा है। इससे यह माना जा सकता है कि कहीं ना कहीं बेमेतरा भाजपा इस मामले में संलिप्त है और भाजपा का ही समर्थन रहा है कि भाजपा के नेता, द्वारा अपने परिवार के लोगों के नाम पर राम मंदिर की जमीन को खरीद फ रोख्त कर रहे हैं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आम जनता को राम मंदिर मामले में अधिक से अधिक बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की जिससे प्रभु राम की जमीन को वापस दिलाया जा सके। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रशासन द्वारा दो पटवारी को तथा नायब तहसीलदार को निलंबित किए जाने को मात्र खाना पूर्ति कहा उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि राम मंदिर की जमीन खरीदी बिक्री करने वाले भाजपा नेता तथा इस मामले से जुड़े हुए सभी लोगों के ऊपर अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए तथा राम मंदिर जमीन खरीदी बिक्री की रजिस्ट्री को शून्य किया जाए साथी साथ उन्होंने पूरे बेमेतरा जिले में राम मंदिर की भूमि से संबंधित कोई भी जमीन हो जिसकी खरीदी बिक्री की गई है। चाहे कोई कितना भी बड़ा नेता क्यों ना हो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने के मांग प्रशासन से की है, पूर्व विधायक द्वारा यह भी कहा गया कि जो लोग यहां पूर्व में राम मंदिर जमीन अंतरण मामले को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे आज वह अपने मकसद में सफल हो चुके हैं और बेमेतरा राम मंदिर ट्रस्ट में शामिल हो गए हैं ऐसे लोगों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जानी चाहिए। राम मंदिर ट्रस्ट मे साफ सुथरे लोगों को रखा जाना चाहिए जिससे प्रभु श्री राम की जमीन का समुचित उपयोग हो सके जो राम मंदिर के विकास में काम आ सके ना कि ऐसे लोग जो नेतानुमा होते हुए राम मंदिर की जमीन को बेच खाएं, पूर्व विधायक ने इस अवसर पर कहां की राम मंदिर जमीन में अगर प्रशासन द्वारा समुचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो यह प्रशासन को भली भांति जान लेना चाहिए कि यह आंदोलन यहीं रुकने वाला नहीं है इस आंदोलन को और उग्र तथा वृहद रूप दिया जाएगा इस अवसर पर उपस्थित श्रीमती शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा टी आर जनार्दन लोकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा जोगिंदर छाबड़ा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा भुवन साहू मिथिलेश वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा रवि रजक पप्पू साहेब मनोज शर्मा मिंटा नामदेव राजू साहू आशीष राम ठाकुर रेहाना रवानी रश्मि मिश्रा जया साहू रानी डेनिम सेन धरम वर्मा जनता साहू प्रशांत तिवारी रेवेंद्र देवांगन शंकर चौहान सीताराम यदू शंकर चौहान बलवंत साहू कमल साहू सनत धर दीवान रवि गुप्ता राधेश्याम साहू ओम प्रकाश यादव उमेश वर्मा राजू रजक निहित वर्मा अब्दुल वाहिद रवानी विकास चौबे चंद्र प्रकाश शीतलानी जगजीत सिंह लक्ष्मी प्रसाद डेहरे धनंजय साहू बोधन साहू रीता पांडे कमल साहू एवं साथीगढ़ उपस्थित रहे।

दल्लीराजहरा के ग्रामीण क्षेत्रों में बेखौफ हो रहा है मुरूम का अवैध उत्खनन

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्ली राजहरा एवं कुसुमकसा ग्राम के बीच कुछ गांव के आउटर क्षेत्र से बड़े स्तर पर मुरूम का अवैध उत्खनन हो रहा है यह काम काफी चल रहा है जानकारी मिली है कि, जिला खनिज विभाग को इस बात की जानकारी है लेकिन मुरूम के अवैध उत्खनन करने वाले व्यक्ति पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पता चला है कि यह व्यक्ति काफी समय से इस प्रकार के अवैध काम में लगा हुआ है कुछ आसपास के नदी नालों से भी रेत खनन की जानकारी सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि मुरूम की अवैध उत्खनन एवं रेत खनन की जानकारी कई जिम्मेदार व्यक्तियों को भी है यहां तक की राजनीति से जुड़े लोग भी इस बात को अच्छे से जान रहे हैं बावजूद इसके इस प्रकार का काम बदस्तूर चल रहा है। मुरम के अवैध उत्खनन के कार्य में लगे व्यक्ति द्वारा दल्ली राजहरा के अलावा आसपास के क्षेत्र में भी मुरुम परिवहन का कार्य बेधड़क कर रहा है इस पर किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं होने से ऐसी जानकारी मिली है कि संबंधित विभाग की मिली भगत से शायद ऐसा हो पा रहा है। जानकार सूत्र बताते हैं कि अभी जो मुरूम निकाली जा रही है वह गांव पथराटोला के आउटर क्षेत्र से निकल रही है। इस व्यक्ति द्वारा काफी अरसे से मुरूम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है लेकिन अब तक संबंधित विभाग की नजर इस और क्यों नहीं पड़ी यह आज चर्चा का विषय है। इस प्रकार के अवैध उत्खनन एवं परिवहन से जहां शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है तो दूसरी ओर इस अवैध काम में संलग्न लोगों को आर्थिक लाभ मिल रहा है जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए परंतु इसके बाद भी बालोद जिला में कोई बड़ी कार्रवाई होते दिख नहीं रही है।

मेरी आवाज सुनो स्पर्धा में 80 बच्चों ने बिखेरा अपनी सुरो का जादू

निजी स्कूल एसोसिएशन ने किया गायन स्पर्धा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन संकुल केंद्र उतई के तत्वावधान में विद्यार्थियों की गायन कला को उभारने के उद्देश्य से दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह उतई में निजी स्कूल संकुल स्तरीय गायन प्रतियोगिता ÷मेरी आवाज सुनो÷(सुर सरिता) का आयोजन किया गया। जिसमें उतई, पुरई एवं डुंडेरा संकुल के 6 निजी स्कूल दीपशिखा विद्यालय उतई, नव मंगल हाई स्कूल पुरई, राष्ट्रीय भारती हाई स्कूल डुंडेरा, महर्षि विद्या मंदिर पुरई, द्रोणाचार्य विद्यालय उतई तथा नव मंगल मिडिल स्कूल धनोरा के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार स्तर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर संपन्न हुआ। हम सभी जानते हैं कि विद्यार्थियों में सभी प्रकार की दक्षता एवं सामर्थ्य होता है चाहे वह बौद्धिक, शारीरिक सृजनात्मक एवं अन्य कला क्यों ना हो बस उन्हें जागृत करने के लिए अवसर अर्थात प्लेटफार्म की आवश्यकता होती है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों के गायन शैली को उभारने, परखने एवं प्रोत्साहित करने हेतु दीपशिखा विद्यालय उतई में यह आयोजन किया गया । निजी विद्यालयों के द्वारा आयोजित यह तृतीय कार्यक्रम था । इसके पूर्व निजी विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग स्तर के लिए अलग-अलग विषय दिया गया। प्राथमिक में किसी प्रकार का कोई बंधन नहीं था। माध्यमिक विभाग के लिए छत्तीसगढ़ी गीत, हाईस्कूल के लिए भजन या कोई भी भगवान भक्ति तथा हायर सेकेंडरी के लिए देशभक्ति गीत निर्धारित किया गया था। सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने गायन कला के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर एवं आनंदित किया। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से कु. टुकेश्वरी साहू प्रथम दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह उतई, मोक्ष साहू व समीर साहू द्वितीय महर्षि विद्या मंदिर पुरई, कु. आरोही साहू, कु. इशिता साहू तृतीय दीपशिखा विद्यालय मोहित कुमार यादव तृतीय नव मंगल विद्यालय ,समीर साहू तृतीय राष्ट्रीय भारती हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक विभाग से कु. इशा मंडावी प्रथम दीपशिखा विद्यालय , कु. तानिया द्वितीय दीपशिखा विद्यालय , कुणाल देवांगन द्वितीय नव मंगल विद्यालय , रितेश वर्मा तृतीय दीपशिखा विद्यालय ,कु. छाया साहू तृतीय नव मंगल विद्यालय धनोरा, कु. धात्री यादव तृतीय द्रोणाचार्य विद्यालय उतई हाई स्कूल से कु. रूचि मंडले प्रथम राष्ट्रीय भारती हाई स्कूल , कु. रोशनी गजपाल द्वितीय नव मंगल विद्यालय कु. एकता वर्मा तृतीय दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई रही। सभी उत्कृष्ट योग्यता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सनद देवांगन, सचिव राजेश द्विवेदी, संगठन सचिव डी एल सिन्हा, नवमंगल हाईस्कूल के संचालक दयाराम साहू, महर्षि विद्या मंदिर के संचालिका राजेश्वरी साहू, प्राचार्य के आर सिन्हा दीपशिखा विद्यालय एवं सभी स्कूल से आए हुए शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

लगातार कार्रवाई के बावजूद नहीं थम रहा शराब का अवैध कारोबार

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

अवैध बिक्री की धर पकड़ के लिए पुलिस द्वारा सक्रियता तो दिखाई जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी शराब की अवैध बिक्री थमने का नाम नहीं ले रही है। कई लोग आज भी शराब की अवैध बिक्री में लगे हुए हैं लेकिन कुछ लोग पुलिस के पकड़ से अभी तक बाहर हैं । आबकारी विभाग भी इस मामले में लगभग सोया हुआ है जबकि उसकी जिम्मेदारी भी बनती है कि वह अवैध रूप से बेची जा रही शराब पर अंकुश लगाने के लिए कारगर कदम उठाएं। जानकारी मिली है कि वार्ड नंबर 4 में एक व्यक्ति द्वारा काफी अरसे से शराब की अवैध बिक्री की जा रही है चाहे अंग्रेजी शराब हो या देसी शराब हो इस व्यक्ति के पास सभी प्रकार के ब्रांड उपलब्ध है। राजहरा की अंग्रेजी शराब दुकान एवं देसी शराब की दुकान नगर से काफी दूर है इसलिए अनेक लोग उतना दूर नहीं जाकर वार्ड नंबर 4 में बिक्री कर रहे व्यक्ति के पास से शराब खरीद रहे हैं। यह व्यक्ति प्रति बोतल 100 से लेकर 200 तक का मुनाफा कमा रहा है ऐसा जानकार लोगों का कहना है। नगर के गांधी चौक, पंडर दल्ली क्षेत्र, 256 क्षेत्र, बस स्टैंड क्षेत्र जैसे अनेक एरिया है जहां कतिपय लोग शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं । बीच-बीच में पुलिस की धर पकड़ होती है परंतु इसके बावजूद भी शराब की अवैध बिक्री थम नहीं रही है चर्चा तो इस बात की भी है कि इतनी शराब एक साथ शराब दुकान से कैसे निकल पा रही है इससे ऐसा शक होता है कि यह सब मिली भगत से चल रहा है इस पर जिला प्रशासन को भी गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है । बताया जा रहा है कि ड्राई डे के दिन भी शराब कतिपय लोगों से बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। आशा टॉकीज के आसपास की कुछ गुमटी नुमा होटलों में लोगों को शराब उपलब्ध हो रही है।

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती : हर्षा चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

सेजस सेलूद स्कूल मैदान में शुक्रवार को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा किया गया। जिसके पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, अध्यक्षता मध्य पाटन मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, विशेष अतिथि उत्तर पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सरपंच खेमीन साहू, प्राचार्य एन. पी. देशकर, विलियम लकड़ा सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग सहित अन्य थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने कहा कि सभी प्रतिभागी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी शिक्षा के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे है। खेल में हार और जीत दो पहलू है। हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि आने वाला समय में अपने लक्ष्य को हासिल करने दुगुना प्रयास करने से निश्चित सफलता मिलती है। उसके लिए हमें लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करना चाहिए कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। पढ़ाई केवल नौकरी के उद्देश्य से ना करें बल्कि आत्म निर्भर बनने की सोच के साथ शिक्षा ग्रहण करें। 9 से 18 आयु वर्ग के 100मीटर दौड़ में प्रथम उषा साहू पाटन, द्वितीय भावना यादव पाटन, 400 मीटर दौड़ में प्रथम मुस्कान ठाकुर पाटन, द्वितीय धारा निषाद दुर्ग, तवा फेंक प्रथम तनुजा पाटन, ओमकुमारी धमधा, वेटलिफ्टिंग 40 किग्रा वर्ग में प्रथम रेशम पाटन, द्वितीय लोकेश्वरी पाटन, 45 किग्रा वर्ग में प्रथम क्षमा पाटन, द्वितीय योगेश्वरी पाटन, रस्साकसी प्रथम धमधा, द्वितीय पाटन, वालीबाल प्रथम दुर्ग, द्वितीय धमधा,कुश्ती में प्रथम अंकिता दुर्ग, द्वितीय उर्वशी दुर्ग, खोखो में प्रथम दुर्ग द्वितीय पाटन की टीम रही। 18 से 35 आयु वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम पायल पटेल दुर्ग, द्वितीय किरण साहू पाटन, 400 मीटर में प्रथम उमा साहू दुर्ग, द्वितीय तोशिका पाटन, तवा फेंक प्रथम नम्रता साहू पाटन,द्वितीय गायत्री धमधा,कुश्ती में प्रथमनेहा सेन दुर्ग,द्वितीय रमा सोढ़ी दुर्ग, बैडमिंटन प्रथम आशु राजपूत पाटन,रस्साकसी प्रथम दुर्ग की टीम रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन संतोष यादव ने एवं आभार प्रदर्शन जयंत वर्मा ने की। मौके पर पोखन साहू, शकीला देवदास, बाला राम साहू, नीता सोनी, पवन यादव, मनीष साहू, टिकेश साहू, रुक्मणि यादव, ललित साहू, संजय निषाद, अशोक रिगरी, प्रदीप भुवाल, शिव रजक, दुष्यंत मोहबीया, जयश्री बेंद्रे, उषा श्रीरंगे ,नरेश साहू,भरत साहू सहित धमधा,पाटन एवं दुर्ग विकासखंड के खेल प्रशिक्षक व प्रतिभागी उपस्थित थे।

धान खरीदी केंद्र में समय से पहले किसानों का पंजीयन करे : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ तथा धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक व राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी प्रारंभ हो रहा है। इसके मद्देनजर किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो उसको देखते हुए जिन किसानों का पंजीयन अभी तक नहीं हुआ है। उसको तत्काल पंजीयन कराए और जिन किसानों का राजस्व संबंधित प्रकरण लंबित है जिनका ऋण पुस्तिका नहीं बना हुआ है उसे तत्काल प्रभाव में लेते हुए उस समस्या को हल करें और पंजीयन कराए । समय से पहले किसानों का धान खरीदी केंद्र में पंजीयन कराना सुनिश्चित करे। जिससे किसान अपना धान समिति के माध्यम से बेच सके। धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आधी आबादी के न्याय की लड़ाई लड़ेगा महिला आयोगःप्रियवंदा सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य की विष्णु देव सरकार ने राज्य महिला आयोग में 5 नए सदस्यों की नियुक्ति की है, प्रियवंदा सिंह जूदेव जशपुर,लक्ष्मी वर्मा बलौदा बाजार,सरला कोसरिया महासमुंद ,ओजश्री मंडावी दंतेवाड़ा और दीपिका सोरी सुकुमा,जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भाजपा कार्यालय पहुंच उन्हें शुभकामनाएं दी, अपनी नियुक्ति पर प्रियवंदा सिंह जूदेव ने कहा कि आधी आबादी के हक़ की लड़ाई को लड़ने उनके अधिकरो को आवाज देने के लिए राज्य महिला आयोग की सभी नवनियुक्त सदस्य कार्य करेंगी, भौगोलिक दृष्टिकोण को भी ध्यान रखते हुए छत्तीसगढ़ के महिलाओ को आयोग में स्थान दिया गया है,सरकार की मंशा के अनुरूप महिलाओ के इस फेरम की भूमिका उल्लेखनीय रहेगी,राज्य के सुदूर ग्रामीण अंचल में निवासरत महिलाओ के अकांछाओ और अधिकारों के लिए आयोग काम करता रहेगा वही जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने आयोग की नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामना दे। बेमेतरा आने का न्योता दिया और विश्वास जताया कि राज्य महिला आयोग प्रदेश में निवासरत महिलाओ के बड़ी दीदी की भूमिका में रहेगी और उन्हें हक,अधिकार न्याय दिलाने ,उनके मान और सम्मान की रक्षा के लिए तत्पर रहेगी।

विधायक ने किया सीसी रोड एवं मिनी जिम निर्माण कार्य का भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के मुख्य आतिथ्य मे ग्राम पंचायत कोहड़िया मे सांसद निधि से 3 लाख की लागत से बनने वाली मिनी ओपन जिम निर्माण एवं विधायक निधि से 5 लाख 20 हजार की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया द्यद्य इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सीसी रोड का निर्माण होने से ग्रामवासियो को आवागमन मे सुविधा मिलेगी। अब बरसात के दिनों मे भी सीसी रोड निर्माण होने से आने जाने मे ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं होंगी। विधानसभा क्षेत्र मे लगातार विकास के साथ साथ विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है। साहू ने कहा की गावों मे मुलभुत सुविधा मुहैया कराने हर सम्भव प्रयास किये जा रहे है। अंत मे विधायक दीपेश साहू ने कहा की गांव मे किसी प्रकार की कोई समस्या या परेशानी आ रही हो तो विधायक कार्यलय मे संपर्क करें समस्या का समाधान निश्चित ही होगा। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, किसान नेता योगेश तिवारी, मानसिंह वर्मा, केवल सिँह साहू, पुनीत वर्मा अर्जुन साहू, डॉ. डीके वर्मा, पुनाराम वर्मा, तुलसी नायक, विजय वर्मा रविंद्र साहू, कमल वर्मा, संतोष साहू, नरेंद्र नायक, संजय परगनिया, राम स्वरुप नायक, देवदत्ता साहू, गजानंद साहू, शेखर साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इलेक्ट्रॉनिक दुकान चलाने वाले ने 37 हजार खर्च कर बना डाली इलेक्ट्रिक बाइक, अब एक लाख खर्च कर कार बनाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

बढ़ती महगांई ने जहां एक ओर आमजनो की कमर तोड़ दी है, लगातार बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दाम से जहां आमजन परेशान है, और रोजमर्रा की जिंदगी जीने में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं, तो ऐसे में कुछ ऐसे भी लोग है जो बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दाम से निजात पाने की जुगत में जुटे हुए है, कहते है आवश्यकता ही अविष्कार की जननी होती है, ये इसीलिए कहना पड़ रहा है क्यो की बढ़ते पेट्रोल के दाम और पेट्रोल मोटरसाइकिल के खर्चे से बचने और महंगे इलेक्ट्रिक बाइक जो बाजारों में महंगे दामों में बिकते है, उसे न खरीद पाने कारण छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के गुरुर ब्लाक के धनेली गांव के कपिल साहू ने एक पुराने मोटरसाइकिल को इलेक्ट्रिक बाइक बना डाला, जिसे वो अब बड़े आसानी से चला लेता है और जो रोजाना उसे पेट्रोल का खर्च होता था उससे छुटकारा भी पाया है, जहा ये इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल 1 बार चार्ज करने पर 45 किलोमीटर चल जाता है।

2 हजार में खरीदी पुरानी मोटरसाईकिल

कपिल साहू जो एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान चलाता है, उसे घर से दुकान जाने में रोजाना पेट्रोल का खर्च ज्यादा पढ़ रहा था, वही उसके पास इतने पैसे नही थे कि मार्केट से नई इलेक्ट्रिक बाइक खरीद सके, फिर से उसने सोशल मीडिया में इलेक्ट्रिक बाइक कैसे बनती है उसे देखा, उसके बाद इसने 2 हजार में पुरानी मोटरसाइकिल खरीदी और 35 हजार का सामान मंगाकर सिर्फ37 हजार में एक इलेक्ट्रिक बाइक बना डाली, जहा वो बड़ी आसानी से इसे चला लेता है, परिवार वालो को भी अब इसी इलेक्ट्रिक बाइक में लेकर घूमता है, जहा अब कपिल साहू जल्द इलेक्ट्रिक कार भी बनाने की सोच रहा है, जिसमे खर्च 1 लाख से अधिक होना बता रहा है, कपिल के जोश और जुनुन को देख लग रहा है कि वह यह अविष्कार भी जल्द कर लेगा।

दिव्यांग प्रधानपाठक ने बाइक को किया कार की तरह मोडिफाइड

बता दे कि इसके पहले भी डौंडीलोहारा ब्लॉक के डुपचेरा गांव के एक पिता संतोष साहू ने अपने बेटे किशोर साहू के लिए कबाड़ से जुगाड़ करते हुए इलेक्ट्रिक साइकिल बनाई थी, बेटे को करीबन 20 किमी का सफर तय कर घर से स्कूल आना जाना पड़ता था, जिला कलेक्टर ने पिता के घर पहुच इस कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर पीठ भी थपथपाई थी, तो वही ग्राम परना के प्राथमिक शाला में पदस्थ दिव्यांग प्रधान पाठक ने एक साधारण बाइक को कार की तरह मोडिफाइड किया है, जिसमे बकायदा रिवर्स का गियर भी लगता है, कार की तरह हैंड गियर भी लगी है, जिसे बनाने में कुल 70 हजार खर्च आया है।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने किया डौण्डी तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी प्रवास के दौरान तहसील कार्यालय डौण्डी का औचक निरीक्षण का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय के विभिन्न कक्षों में पहुँचकर अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य तथा वहाँ की व्यवस्थाओं का मुआयना किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने तहसीलदार न्यायालय में पहुँचकर वहाँ उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों की राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों से राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार न्यायालय के कुल प्रकरण तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में भी जानकारी ली तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के प्रगति रिपोर्ट का भी अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने तहसील कार्यालय के राजस्व निरीक्षक कक्ष में पहुँचकर वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से उनके कार्यो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों से गिरदावरी एवं फसल कटाई के प्रयोग के कार्यो की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र में पहुँचकर वहाँ आपरेटर से प्रतिदिन प्राप्त होने वाले कुल आवेदन तथा आवेदकों से ली जाने वाली शुल्क के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आनलाईन पद्धति से ली जाने वाली आवेदन एवं शुल्क का भी अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने तहसील कार्यालय के पटवारी कक्ष में पहुँचकर वहाँ उपस्थित पटवारियों द्वारा किए जा रहे रिकार्ड दुरस्तीकरण के कार्यो का भी अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने तहसील कार्यालय के कानूनगो एवं अन्य शाखाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कानूनगो शाखा में उपस्थित लिपिक से डौण्डी तहसील के अंतर्गत एक हलके से अधिक प्रभार वाले पटवारियों तथा एक स्थान पर दस वर्ष से अधिक समय तक पटवारियों के संबंध में भी जानकारी ली।

जशपुर जम्बूरी : रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, बोटिंग, ट्रैकिंग से लेकर जनजातीय परिचय का पर्यटकों ने लिया आनंद

■ कैम्पिंग, साहसिक खेलों और दोस्ती का मजेदार सफर

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जम्बूरी देशदेखा की पहाड़ियों में होने वाले इस चार दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन इस बार भी किया जा रहा है। 17 से 20 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर पर्यटन को नया आयाम देने तथा जशपुर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत से देश और दुनिया को परिचित कराने के लिए जम्बूरी में विभिन्न साहसिक गतिविधियों के साथ जनजातीय सांस्कृतिक परिचय, जनजातीय कहानी वाचन, लोक गीत, जनजातीय वेशभूषा परिचय, पारम्परिक व्यंजनों से परिचय आदि का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को देशदेखा पहाड़ी में साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यटकों को पहाड़ की खड़ी ढलानों पर रस्सियों के सहारे रॉक क्लाइम्बिंग एवं रैपलिंग का आनंद लिया। फिर देशदेखा की पहाड़ियों में जंगली रास्तों में स्थानीय वनस्पतियों का ज्ञान लिया और ट्रैकिंग करते हुए जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी पर्यटकों के साथ मयाली डैम स्थित मयाली नेचर कैम्प पहुंचे।

पारंपरिक करमा नृत्य और स्वागत गीत से किया गया स्वागत–देश भर से जंबूरी उत्सव में भाग लेने आए युवाओं का मायली नेचर पार्क पहुंचने पर उनका स्वागत पारंपरिक करमा नृत्य एवं स्वागत गीत से किया गया। युवाओं ने भी कर्मा नर्तकों के आकर्षण नृत्य देखकर अपने आप को रोक नहीं पाए और उनके साथ कदम ताल मिलाकर बड़े उत्साह के साथ नृत्य किया। स्थानीय व्यंजन और जनजातीय कलाकारों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से जनजातीय कला की जानकारी लेने के साथ पर्यटकों ने स्थानीय जनजातीय समूह से परिचय भी किया। इसके पश्चात मयाली नेचर पार्क में उन्होंने बोटिंग का भी आआनंद लिया।

केवल फिल्मों में देखा था दीपिका ने ऐसा उत्सव–रांची झारखंड की दीपिका ने बताया कि यहां आकर वह काफी उत्साहित है। उन्होंने बताया कि वह फिल्मों में ही ऐसा युवाओं का उत्सव देख पातीं थीं। यहां पर एडवेंचर स्पोर्ट के तहत बॉन फायर, रॉक क्लाइंबिंग, बोटिंग , ट्रैकिंग करना उनके सपनों को पूरा करने जैसा है।

आदिवासी संस्कृति की सरलता को जान आयुष्मान को आया मजा–रायपुर के आयुष्मान ने बताया कि यहां आकर उन्हें आदिवासी संस्कृति की सरलता और सादगी को जानने का मौका मिला जो बहुत मजेदार है। उन्होंने प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्था की तारीफकरते हुए कहा कि यहां पर सभी तरह का इंतजाम अच्छी तरह से किया है।

इंदौर के सुष्मीत को मिला नई चीजें सीखने का मौका– इंदौर के सुष्मीत जैन ने बताया कि यहां पर आकर नई नई चीजें सीखने का मौका मिल रहा है। यहां पर जंबूरी उत्सव के तहत किए जा रहे आयोजन बेहद ही शानदार है।

दीपक ने कहा ये जम्बूरी है दोस्ती का उत्सव–इस अवसर पर बिलासपुर के दीपक पटेल ने कहा कि जशपुर जम्बूरी में देश के अलग अलग हिस्सों से आये लोग एक साथ मिल रहे हैं और हमें एक दूसरे से जुड़ कर नई नई चीजें सीखने को मिल रहीं हैं ये जम्बूरी मेरे लिए दोस्ती के उत्सव की तरह है। विकास साहू ने बताया कि यहां आकर उन्हें अच्छा लग रहा है। यहां पर सभी इंतजाम अच्छे से किया गया है। एडवेंचर स्पोर्ट के तहत रॉक क्लाइंबिंग, बोटिंग, ट्रैकिंग करके उन्हें काफी आनंद आया।

विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बालिका आकांक्षा रानी अंडर-19 में बीसीसीआई टी20 ट्रॉफी के लिए खेलेगी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

क्रिकेट का जुनून भारत में ही नहीं बल्कि भारत के प्रत्येक राज्य और जिले में देखी जा सकती है। इस जुनून में जशपुर की बेटियॉ भी नजर आ रही हैं। जशपुर की बेटियां ना सिर्फ राज्य अपितु राष्ट्रीय स्तर पर जिले का परचम लहराने लगे हैं। ऐसे ही कहानी जशपुर की क्रिकेट खिलाड़ी आकांक्षा रानी की है। जो विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय से है। आकांक्षा रानी छत्तीसगढ़ के लिए अंडर-15 में बीसीसीआई ट्रॉफी खेल चुकी है। इस बार आकांक्षा रानी छत्तीसगढ़ के लिए अभी अंडर-19 में बीसीसीआई टी20 ट्रॉफी खेलने के लिए आई है। जिसमें खेलते हुए आकांक्षा रानी ने छत्तीसगढ़ की ट्रैफ से सबसे ज्यादा रन बनाया है। आकांक्षा रानी जशपुर जिले में संचालित प्री मैट्रिक बालिका छात्रावास इचकेला में पदस्थ छात्रावास अधीक्षिका पंडरी बाई की पुत्री है। उनकी माता अधीक्षिका पंडरी बाई ने बताया कि उनकी बेटी आकांक्षा रानी जब छोटी थी तब उन्होंने उसकी रुचि क्रिकेट में देखी और उसे अच्छे स्तर पर कोचिंग दिलाई और उसने राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल की। फिर जब उन्होंने अपने छात्रावास की बच्चियों की ओर देखा तो सभी में अपनी बेटी के समान ही छुपी प्रतिभा को पाया और ठान लिया की वो उन बच्चियों के लिए भी एक बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगी। उन्होंने आगे बताया कि उसके बाद उन्होंने छात्रावास में ही अभ्यास पिच का निर्माण करवाया, फिर बच्चों के लिए बेहतर क्रिकेट सामग्रियां भी ली और अपनी बेटी एवं उसके कोच के माध्यम से बच्चियों की ट्रेंनिग चालू की। जल्द ही इसका परिणाम सामने आने लगा एक एक कर छात्रावास की सभी बच्चियों की प्रतिभा बाहर आने लगी और प्री मेट्रिक बालिका छात्रावास इचकेला की 03 बालिकाओं का चयन अम्बिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 महिला अंडर-17 में अच्छे प्रदर्शन के द्वारा रजत पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के अंडर-17 दल में हो गया है। चयनित खिलाड़ियों में एंजल लकड़ा, झुमुर तिर्की और वर्षा बाई शामिल है। जो आगामी महिला अंडर-17 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 में सम्मिलित होगें।

केबल चोरी के मामले में पूछताछ के लिए लाए गए युवक की लाश बैरक के शौचालय में मिलने से सनसनी फैली

पायनियर संवाददाता ➤ मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com

केबल चोरी के मामले में पूछताछ के लिए लाए गए एक युवक की लाश बैरक के शौचालय में मिलने से सनसनी फैल गई। युवक ने आत्महत्या की है या फिर इसके पीछे कोईऔर वजह है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो पायेगा.इस घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर के सहायक सुरक्षा आयुक्त ओम-प्रकाश मोहंती भी मौके पर पहुंचे, साथ ही एसडीएम मनेंद्रगढ़ लिंगराज सिदार, एसडीओ पी एलेक्स टोप्पो एवं सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ प्रभारी सुनील तिवारी भी स्थल पर मौजूद रहे। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे के केबल चोरी के मामले में संदेह के आधार पर बिजुरी (मप्र) निवासी दिलीप तिर्की और सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ थानांतर्गत ग्राम लालपुर निवासी एक अन्य युवक को पूछताछ के लिए गुरुवार को आरपीएफ पोस्ट मनेंद्रगढ़ लाया गया था। बताया जाता है कि दिलीप तिर्की को रात में यूरीन लगने पर उसे बैरक के शौचालय में ले जाया गया। कुछ समय तक जब वह बाहर नहीं निकला तो अंदर देखने पर युवक का शव उसके लोवर की डोरी (स्ट्रिंग) के सहारे शौचालय की पाइप में फांसी के फंदे पर झूल रहा था। इस घटना से पूरे चेकपोस्ट में हडकंप मच गया। आरपीएफ पोस्ट मनेंद्रगढ़ के अंदर टॉयलेट में संदेही युवक की लाश मिलने पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मनेंद्रगढ़ सहित अंबिकापुर, बिश्रामपुर, बिलासपुर, अनूपपुर और शहडोल के रेलवे सुरक्षा बल जवानों ने मौके पर पहुंचकर पूरे चेकपोस्ट को छावनी में तब्दील कर दिया। समाचार लिखे जाने तक शाम 5:00बजे तक-शव को फंदे से नीचे नहीं उतारा गया था।

नगर पंचायत खोंगापानी क्षेत्र में 2 बालकों की तालाब में डूबने से मौत

पायनियर संवाददाता ➤ मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत खोंगापानी क्षेत्र में 2 बालकों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर लगभग 3 बजे पक्काधौड़ा खोंगापानी निवासी 8 वर्षीय सर्वेश चौधरी पिता रविंद्र कुमार एवं मुरूम दफाई निवासी 8 वर्षीय आदित्य केंवट पिता बालकरण दोनों घर से खेलने के लिए निकले थे। काफी देर तक जब दोनों बालक अपने घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी. दोनों बच्चों के गुमशुदगी की सूचना पुलिस चौकी खोगापानी में भी दी गई. बद हवास परिजन दोनों बच्चों को पूरी रात तलाश करते रहे. दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह पता चला कि पोखरी दफाई स्थित पोखरी तालाब में दोनों बच्चे नहाने के लिए उतरे थे। इस जानकारी के बाद उनके डूबने की आशंका पर गोताखोरों की मदद से तालाब में उनकी तलाश जारी थी, इस दौरान सुबह लगभग 6 बजे बालक सर्वेश का शव अपने आप पानी के ऊपर गया और इसके करीब 2 घंटे बाद दूसरे बालक आदित्य का शव भी अपने आप ऊपर आ गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर दोनों बच्चों को शवों को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

हाथी ने कुचलकर बुजुर्ग को उतारा मौत के घाट, गोमर्डा अभ्यारण के टमटोरा जंगल की घटना

सारंगढ़। जिला के गोमर्डा अभ्यारण्य में पिछले कुछ सालों से हाथियों का लगातार मुवमेंट देखा जा रहा है। ऐसे में गुरूवार की शाम को एक नर हाथी ने टमटोरा के जंगल से गुजर रहे बुर्जूग पर हमला कर दिया और उसे कुचल कर मार दिया। घटना के बाद मामले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक गोमर्डा अभ्यारण्य सारंगढ़ के दामदरहा का रहने वाला संतराम बरिहा 75 साल आज सुबह काम पर निकला था। इसके बाद शाम करीब साढ़े 4 बजे वह जंगल के शॉटकट रास्ते से वापस घर जा रहा था। तभी टमटोरा परिसर के कक्ष क्रमांक 920 पीएफमें बबलू हाथी से उसका सामना हो गया और हाथी ने उस पर हमला कर दिया।

फिजिक्स वाला (पीडब्लू) लॉन्च करेगा 77 नए टेक-इनेबल्ड विद्यापीठ ऑफलाइन सेंटर्स गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अब और भी सुलभ

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

फिजिक्स वाला (पीडब्लू), भारत की प्रमुख एडटेक कंपनी, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए शैक्षणिक वर्ष 25-26 में 77 नए ऑफलाइन टेक-इनेबल्ड लर्निंग सेंटर्स खोलने का ऐलान किया है। ये नए सेंटर्स तमिलनाडु, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कई अन्य राज्यों में खोले जाएंगे। इस विस्तार से पीडब्लू के ऑफलाइन सेंटर्स की कुल संख्या 126 से बढ़कर 203 हो जाएगी, जो 141 शहरों में होंगे। इस कदम का मकसद खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है, ताकि देश के दूर-दराज़ के इलाकों तक भी इसका लाभ मिल सके। शैक्षणिक वर्ष 24-25 में पीडब्लू के विद्यापीठ और पाठशाला सेंटर्स में 2 लाख से ज़्यादा छात्रों ने एडमिशन लिया, जो पीडब्लू के मिशन पर लोगों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। अगले शैक्षणिक वर्ष में पीडब्लू का लक्ष्य 2.5 लाख छात्रों को पढ़ाना है और कंपनी इस बात पर पूरी तरह से ध्यान देती है कि हर स्टूडेंट को उसकी पढ़ाई के लिए जरूरी गाइडेंस और संसाधन मिलें। आज लगभग हर आईआईटी और हर एआईआईएमएस में पीडब्लू का कोई न कोई छात्र पढ़ रहा है। पीडब्लू के ऑफलाइन सेंटर्स दो मॉडल्स में बंटे हुए हैं विद्यापीठ और पाठशाला। विद्यापीठ सेंटर्स टेक-इनेबल्ड हैं, जहाँ छात्र क्लासरूम में आकर अनुभवी टीचर्स से पढ़ाई करते हैं। वहीं पाठशाला मॉडल में 'दो-टीचर सिस्टम' है, जहाँ एक टीचर वर्चुअली पढ़ाते हैं और दूसरा टीचर क्लासरूम में रहकर स्टूडेंट्स के सवालों के जवाब देता है। इस मॉडल से छात्र चाहे कहीं भी हों, वे देश के टॉप टीचर्स से पढ़ाई कर सकते हैं। इन दोनों मॉडल्स को मिलाकर पीडब्लू ने डिजिटल और फिजिकल लर्निंग को एक साथ लाकर देशभर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी है।

सीएम कैंप कार्यालय की पहल पर प्रायमरी स्कूल में तत्काल हुई शिक्षकों की व्यवस्था

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर जिले के कांसाबेल ब्लॉक के ग्राम जाममुंडा के प्राथमिक स्कूल में तत्काल दो शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। ग्राम जाममुंडा के ग्रामीणों ने गुरुवार को सीएम कैंप कार्यालय बगिया में आकर आवेदन दिया था कि गांव के प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों के निलंबन के बाद वहां नए शिक्षकों की पदस्थापना नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। जिस कारण से ग्रामीणों ने स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना की मांग रखी थी। बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी इस गंभीर समस्या पर कैंप कार्यालय द्वारा तत्काल एक्शन लिया गया और उसी दिन कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने इस प्राथमिक स्कूल में दो शिक्षक नंदलाल चौहान और मुरलीधर राठिया की पदस्थापना कर दी। समस्या का तुरंत समाधान होने से प्रसन्न ग्रामीणों ने सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया है। सीएम कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा किया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्पष्ट निर्देश है कि हर मामले में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए और लोगों की समस्याएं हल होनी चाहिए। ऐसे ही एक मामले में ग्रामीणों की मांग पर तत्काल ही शिक्षकों की व्यवस्था हो जाने से ग्रामीण काफी प्रसन्न हैं।

रामानुजगंज का ड्रग माफिया चढ़ा पुलिस के हफ्ते

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत क्षेत्र के ड्रग माफिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 12 निवासी राहुल कश्यप पिता राजकुमार कश्यप उम्र 23 वर्ष के द्वारा अपने पल्सर मोटरसाइकिल में 188 नाम प्रतिबंधित इंजेक्शन रखे हुए था शंका के आधार पर पुलिस ने जब जांच की तो मामले का खुलासा हुआ। तत्पश्चात पुलिस ने अपराध क्रमांक 185/2024 धारा 21(ष्ट) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल करा दिया गया है। व्ही मोटरसाइकिल की कीमत 80 हजार रुपए एवं अवैध मादक द्रव्य नशीली इंजेक्शन की कीमत 05 हजार रुपए बताई गई है। गौरतलब हैं कि जिले के पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल के के द्वारा क्राइम मीटिंग में जिले भर के सभी थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी को मादक पदार्थ सहित अन्य प्रकरणों में तत्वरित गति से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे इसी का परिणाम है कि आज रामानुजगंज का ड्रग माफिया पुलिस के हत्थे चढ़ चुका हैं।

सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने मनाया शरद पूर्णिमा

रायपुर। सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच के पदाधिकारियो ने रायपुरा स्थित शिखासदन में शरद पूर्णिमा का आयोजन किया। उक्त अवसर पर पदाधिकारीयो ने प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में चांदनी रात में चंद्रमा की शीतलता से अमृत वर्षा पश्चात खीर पूरी व अन्य लजीज व्यंजन के साथ शरद उत्सव का आनंद लिया। देर रात तक महिला पदाधिकारी गीत, भजन के साथ झूमते रहे । सुधा शर्मा के भजन को काफी सराहा गया। संचालन महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा शारदा मिश्रा ने किया। आभार रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा ने किया। आयोजन में मुख्य रूप से रत्ना शर्मा, वीणा तिवारी, शारदा मिश्रा, सुधा शर्मा, सुनंदा दुबे, वैजयंती चतुर्वेदी, कविता शर्मा, निशा दुबे, शशि पांडे, शिवम शर्मा, रुक्मणी पांडे विशेष सक्रिय रहे।

शरद पूर्णिमा को खारुन गंगा महाआरती ने पूर्ण किए 02 वर्ष

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

महादेव घाट रायपुर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर माँ खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति एवं करणी सेना छत्तीसगढ़ द्वारा खारुन गंगा महाआरती के 2 वर्ष पूर्ण कर लिए गए। निरंतर रूप से प्रत्येक माह की पूर्णिमा की संध्या को होने वाली यह महाआरती महाकवि महर्षि वाल्मीकि जी जयंती के अवसर पर 24 वीं बार संपन्न हुई। बनारस की तर्ज पर करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष तथा माँ खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के प्रमुख वीरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा नदियों के संरक्षण और स्वच्छता के साथ-साथ जन मानस में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदना का भाव जगाने एवं सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने की भावना से रायपुर के प्राचीन देवस्थान महादेव घाट में रायपुर शहर को अपने जल से जीवन देने वाली खारुन मैया को गंगा मैया का स्वरूप मानकर पूजा करने का यह जो चलन शुरु किया गया वह 02 वर्षों में एक लोक संस्कृति और मासिक त्यौहार के रूप में अपना एक विशेष स्थान बना चुका है साथ ही 04 विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर चुका है। इस माह भी सुंदर भजनों के रसमय प्रवाह के मध्य आरंभ होकर संपूर्ण विधि विधान से प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा खारुन गंगा महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में समस्त श्रद्धालुओं ने भारत की सभी नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ ली। आरती आचमन के पश्चात् आगंतुक श्रद्धालुओं ने प्रदान किये हुए दीप खारुन मैया को अर्पित किए एवं खीर प्रसादी ग्रहण कर आरती स्थल से प्रस्थान किया।

श्री खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर फाफाडीह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल

रायपुर। आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज के जन्मोत्सव पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के 76 दिगम्बर जैन मंदिरों में एक साथ एक ही समय पर आचार्य गुन छत्तीसी का पाठ किया गया, जो कि गोल्डन बुक में दर्ज किया गया। जिसमें श्री खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर, सन्मति नगर, फाफाडीह को भी सम्मननित किया गया। श्री खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर की ओर से मंदिर के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव अतुल गोधा ने दी।

सडकोड्ड के किनारे रखे रेती गिट्टी, ज्यातातर आवागमन को बाधित करते है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

पालिका मुंगेली और यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर नगर पालिका और यातायात विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया । जिससे त्यौहारो के समय होने वाले लंबे जाम से बचा जा सके। गौरतलब हो कि वाहनो के अवयवस्थित पार्किंग दुकानो के सामने रखे बोर्ड, सडको के किनारे रखे रेती गिट्टी, ज्यातातर आवागमन को बाधित करते है। जिसे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जिसको देखते हुए नगर पालिका मुंगेली और यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। जिसमें पडाव चैक से लेकर दाउपारा तक विभाग द्वारा अवयवस्थित रूप से रखे दुकानो के बोर्ड को नगर पालिका द्वारा जप्त किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुंगेली ने कहा कि आज से संयुक्त कार्यवाही प्रारंभ की गई है, जिसमें सडको में रखे भवन निमार्ण सामग्री, अव्यवस्थित खडी गाडियां सहित दुकानो के सामने रखे दुकानो के साईन बोर्ड पर कार्यवाही की गई है,साथ ही ऐसे लोगो को भी नोटिस जारी किया जायेगा, जो सडको पर रेती गिट्टी डंप रखे है , जिससे आगामी त्यौवाहर के समय यातायात बाधित न हो और लोग त्यौवहार का मजा ले सके । इस पुरे मामले में यातायात विभाग के प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि आगामी त्यौवार को देखते हुए संयुक्त रूप से कार्यवाही की है । और लोगो एवं दुकानदारो को समझाईश दी गई है। कि सडक में बोर्ड न रखे और यातातात को बाधित न करें । नियमो का पालन करे।

अमेजन बिजनेस ने कॉरपोरेट गिफ्टिंग स्टोर पर दर्ज की 134 प्रतिशत की वृद्धि

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में फेस्टिव सीजन व्यवसायों के लिए अपने चैनल भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने, कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और सह-कर्मियों के साथ जश्न मनाने का एक बहुत महत्वपूर्ण समय होता है। इस महत्वपूर्ण कॉरपोरेट जरूरत को पूरा करने के लिए, भारत के प्रमुख बी2बी ऑनलाइन मार्केटप्लेस, अमजेन बिजनेस ने एक समर्पित कॉरपोरेट गिफ्टिंग स्टोर की शुरुआत की है।

जहां उपहार विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ 8,500 से अधिक जीएसटी-सक्षम उत्पाद शामिल हैं, जो पूरे भारत के व्यवसायों के साथ मजबूती से जुड़ गया है। यहां मिक्सर ग्राइंडर और जूसर सबसे अधिक उपहार में दिए जाने वाले आइटम के रूप में उभरे हैं। इसमें पिछले साल की तुलना में 5.5 गुना वृद्धि देखने को मिली है। वहीं इसके बाद कुकर जैसे अन्य रसोई के सामान आते हैं, जहां 3 गुना ग्रोथ देखने को मिली है।

पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी, जवानों को प्रोत्साहित कर किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

रक्षित केंद्र में आयोजित जनरल परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल के द्वारा लीं गई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यालय में तैनात एवम् नजदीकी थाना चौकी में पदस्थ पुलिस बल का संयुक्त जनरल परेड में शामिल हुए जहां परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन के द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान जवानों का टर्न आउट वेष भूषा को विधिवत चेक कर अच्छे टर्न आउट वाले जवानो को इनाम देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। परेड निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक के द्वारा जवानों की ओ.आर.पेशी लेकर उनकी समस्याएं भी सुनि गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडे,उप पुलिस अधीक्षक याकूब मेनन,निरीक्षक देवेंद्र ठाकुर, कमलेश्वर भगत,उप निरीक्षक किरणेश्वर प्रताप सिंह व्ही सहायक उप निरीक्षक 05,प्रधान आरक्षक 07, महिला प्रधान आरक्षक 01,आरक्षक 62,महिला आरक्षक 22,एम.टी.आरक्षक 07 उपस्थित रहे।

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के फैमिली एडाप्सन प्रोग्राम अंतर्गत चटौद में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस रायपुर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा ग्राम चटौद के शासकीय हाइस्कूल परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका साहू, सहा. असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रावणी आर, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनुप्रिया सीनियर रेसीडेन्ट डॉ. भाव्या मेडीकल सोशल वर्कर मनोज साहू सहायक विकास साहू उर्मिला राजपूत साथ ही हाईस्कूल के प्रिंसीपल मनोज जांगड़े सभी शिक्षकगण व कक्षा नवमीं व दसवीं के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में बालाजी मेडीकल कालेज के एमबीबीएस के बैच 2023 के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसके अंतर्गत नशे की बढ़ती परेशानी नशे के कारण पारिवारिक विवाद व बढ़ते अपराध आदि को बताया गया सभी छात्र-छात्राओं ने ध्यान पूर्वक नुक्कड़ नाटक को देखा व आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत मे शासकीय हाइस्कूल के प्रिंसीपल मनोज जांगडे द्वारा विद्यार्थियो की प्रस्तुती की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र छात्राओ में सही गलत की पहचान होती है। वे अपने परिवार के सदस्यों, मित्रो से भी इसके बारे में चर्चा करते है, जिससे कि कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार होते रहता है। अंत में डॉ. श्रावणी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोताओं का आभार व्यक्त किया गया।

एमबीबीएस का पहला बैच शुरू, 15 दिन चलाया जाएगा फाउंडेशन कोर्स

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च कॉलेज में सोमवार से एमबीबीएस के पहले बैच का फाउंडेशन कोर्स की शुरुवात हो गयी है। कोर्स में छात्र-छात्राओं को मेडिकल कॉलेज के बारे में जानकारी दी जा रही है। इससे 2024 बैच के छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। फाउंडेशन कोर्स दो सप्ताह तक चलेगा, जिसमें स्किल डेवलपमेंट, लोकल भाषा, कॉलेज के रूल्स रेगुलेशन के बारे में जानकारी दी जा रही है। अलग-अलग दिन नई-नई बातें छात्र-छात्राओं को बताया जा रहा है। पहले दिन सोमवार को छात्रों को जिले की लोकल भाषा व मेडिकल कॉलेज के नियमों से अवगत करवाया गया। इसके साथ ही अन्य दिनों में छात्रों को स्पोर्ट्स एवं एक्स्ट्रा एक्टिविटी कराया जाएगा। जिसमें नए छात्र कॉलेज के स्टाफ फैकल्टी तथा अपने सहपाठी से फ्रेंडली हो जाए, दो सप्ताह बाद 29 अक्तूबर से प्रथम वर्ष के विषय का पठन पाठन कार्य शुरु हो जाएगा। प्रथम वर्ष में छात्रों को एनाटमी, बायोकेमिस्ट्री, फीजियोलॉजी व कम्युनिटी मेडिसिन की पढ़ाई शुरू की जाएगी। डीन डॉ कुंदन गेडाम ने बताया कि नए बैच के छात्रों का फाउंडेशन कोर्स शुरु हो गया। छात्रों को जिला व मेडिकल कॉलेज से जुड़ी सभी जानकारियां दी जा रही है। दीपावली के बाद से एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। कार्यकारी निदेशक एस एस बजाज ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी।

रामकृष्ण केयर अस्पताल में एक 6 वर्षीय बच्ची का ऑपरेशन नवीनतम नेविगेशन तकनीक से किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व स्तर पर 10000 बच्चों में से एक सुनने में अक्षम है। कॉकलियर इम्प्लांट मूक-बधिर बच्चे की सुनने की शक्ति पुनर्स्थापित करने के लिए उसके अंदरूनी कान में उपकरण फिट करने की प्रक्रिया है। बधिर बच्चों के लिए रामकृष्ण केयर अस्पताल में पिछले साल 20 से अधिक मामले किए गए हैं, सभी मरीज का स्वस्थ्य ठीक हैं। रामकृष्ण केयर अस्पताल में एक 6 वर्षीय बच्ची का ऑपरेशन नवीनतम नेविगेशन तकनीक (स्मार्टनेव) से किया गया, जिसका उपयोग मध्य भारत में पहली बार इस सर्जरी में किया गया है। इस डिवाइस को ऑस्ट्रेलिया में विकसित किया गया है। यह उपकरण सर्जन को ओटी कक्ष में ऑपरेशन के दौरान इम्प्लांट के सही प्लेसमेंट और कामकाज की निगरानी करने में सक्षम बनाता है, इसलिए शत-प्रतिशत कार्यक्षमता पूर्ण सफल है। डॉ. सुरभि ने नवजात काल के दौरान बच्चों में श्रवण हानि का पता लगाने के महत्व पर जोर दिया क्योंकि सर्जरी जीवन के पहले वर्ष की शुरुआत में ही की जा सकती है। यह सर्जरी डॉ. सुरभि चोपड़ा चतुरमोहता (सलाहकार, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर), डॉ. हेतल पटेल (एचओडी, केम अस्पताल, मुंबई), जूडी एंड्रयूज (मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया से), डॉ. रुचिरा राज (भाषण और भाषा रोगविज्ञानी) और अनुज टंडन की टीम द्वारा की गई थी।

आयुर्वेद, उपचार की प्राचीन और कारगर पद्धति : गौर

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा है कि आयुर्वेद उपचार की प्राचीन पद्धती है। यह वर्तमान में भी उपचार की एक महत्वपूर्ण पद्धति है। गौर शरद पूर्णिमा के अवसर पर यहां के अयोध्या नगर दशहरा मैदान में आयोजित 34वें आयुर्वेदिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहीं थी। राज्यमंत्री ने कहा कि परमार्थ और परोपकार करनेवालों के साथ अपने आप लोग जुडते जाते हैं। उन्होंने कहा कि नाड़ी वैद्य पंडित चंद्रशेखर तिवारी शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर परोपकार का कार्य कर रहें हैं। गौर ने शिविर में भाग लेने वाले नागरिकों से कहा कि हमें उपचार की प्राचीन पद्धति आयुर्वेद पर विश्वास करना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से रोगों का स्थाई समाधान होता है। गौर ने नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम में महापौर मालती राय ने कहा कि आयुर्वेद से उपचार के लिए लगाया गया निःशुल्क शिविर सराहनीय है।

स्नेह सम्बल वृद्धाश्रम में हेल्थ कैंप एवं टीबी स्क्रीनिंग

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित और सबरी सेवा संस्थान द्वारा संचालित स्नेह सम्बल वृद्धाश्रम में पिरामल फाऊंडेशन के एडवोकेसी से हेल्थ कैंप एवं टीबी स्क्रीनिंग स्पूटम कलेक्शन कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त संचालक बी तिर्की एवं संस्था प्रमुख सुरेश कुमार साहू के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। वृद्धजनों के लिए बनाया गया यह सेवा केन्द्र में बड़े बुजुर्ग आकर शकुन का जीवन व्यतीत करते हैं। पिरामल फाऊंडेशन भी चाहती है कि समय-समय पर इन सभी बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण होता रहे इसलिए नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पचीरा से सम्पर्क कर हेल्थ कैंप का आयोजन करने का सुझाव दिया। हेल्थ कैंप में टीबी, सुगर, बीपी आदि का जांच भी हुआ। इस दौरान पिरामल फाऊंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र तिवारी ने कहा कि टीबी बिमारी से अब घबराने या डरने की बातें नहीं है। यह कोई ला-ईलाज बिमारी नहीं है। जांच में यदि किसी को पाजिटिव आता भी है तो वह दवा खायेगा और ठीक-ठाक हो जायेगा। परन्तु जांच इस लिए जरूरी है कि यदि किसी को इस बिमारी का लक्षण है तो जांच में पता चल जायेगा। टीबी की बिमारी हवा के माध्यम से फैलती है। एक पाजिटिव व्यक्ति दस से पंद्रह लोगों को संक्रमित कर सकता है। जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि वृद्धजनों का सेवा करना पूर्ण का काम है हमलोग स्वास्थ्य परीक्षण कर यश का भागी बनेंगे। टीबी की पुष्टि होने के बाद भी अस्पताल जाने की जरूरत नहीं है इस की दवा आपके पास पहुंच जायेगी, दवा प्रतिदिन आपको खिलाने वाले भी उपलब्ध है। किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। कार्यक्रम का संचालन पायल गुप्ता ने किया। सीएचओ नौरिन अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य परिक्षण से व्यक्ति को राहत मिलती है। प्रारंभिक चरण में बिमारी पकड़ में आ जाती है। इस लिए समय समय पर हेल्थ चेकअप करवाना लाभदायक है। एएनएम ममता पैकरा ने कहा कि बुढ़ापा कोई बिमारी नहीं है एक दिन इस अवस्था से सभी को गुजरना है। आपलोग जितना प्रसन्नचित्त रहेगा बिमारी दूर रहेगी शेष सेवाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में अधिक्षिका पायल पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता मोहित राजवाड़े, नर्स अमृता राजवाड़े, ललीता राजवाड़े आदि उपस्थित रहे ।

होली क्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन विज्ञान प्रौद्योगिकी से स्थायी भविष्य पर केंद्रित

विद्यार्थियों की रचनात्मकता का प्रदर्शन

प्रदर्शनी में कई उल्लेखनीय मॉडलों को देखा गया, जिनमें से एक था सौर ऊर्जा संचालित सिंचाई प्रणाली, जिसे कक्षा 10वीं के छात्र समूह ने प्रस्तुत किया। इस मॉडल ने दिखाया कि किस तरह किसान सौर ऊर्जा का उपयोग कर सिंचाई प्रक्रिया को प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल बना सकते हैं। इसके साथ ही कक्षा 12वीं के छात्रों ने 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्मार्ट शहर' का मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें शहर की बुनियादी सुविधाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर सस्टेनेबल विकास की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

अतिथियों और शिक्षकों की सराहना

मुख्य अतिथि डॉ. कमल किशोर प्रसाद ने छात्रों की मेहनत और उनके रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे अपने नवाचारों को प्रस्तुत कर सकते हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का सही उपयोग कर ही हम एक सस्टेनेबल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, और ऐसे कार्यक्रम छात्रों को सही दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों को मार्गदर्शन दिया और उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

प्रिंसिपल सिस्टर नूतन एक्का का आभार व्यक्त

इस सफल आयोजन के अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर नूतन एक्का ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, इस प्रदर्शनी का उद्देश्य न केवल छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक करना है, बल्कि उन्हें एक बेहतर और स्थायी भविष्य की ओर प्रेरित करना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे, जिससे छात्रों की वैज्ञानिक सोच और तकनीकी ज्ञान को और बढ़ावा मिलेगा। इस प्रकार, होली क्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल की यह विज्ञान प्रदर्शनी न केवल छात्रों के लिए एक सीखने का अवसर बनी, बल्कि जशपुर क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शहर के नजदीक घोलेंग होली क्रॉस इंग्लिश मीडियम स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी (साइंस एग्जीबिशन) का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी से स्थायी भविष्य था, जिसमें विद्यालय के कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों के भीतर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता पैदा करना, उनकी वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना, और वर्तमान युग की तकनीकी चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनाना था। इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कमल किशोर प्रसाद, भौतिकी विभागाध्यक्ष, एन.ई.एस. कॉलेज, जशपुर थे। डॉ. प्रसाद ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और परियोजनाओं का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, ÷आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है, और युवाओं को इस दिशा में अपनी रचनात्मकता और नवाचार को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सस्टेनेबल भविष्य की नींव मजबूत तभी होगी जब हम विज्ञान का सही उपयोग करेंगे। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, जिनमें सौर ऊर्जा, पानी का संरक्षण, पर्यावरणीय समस्याएं, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे विषय शामिल थे। छात्रों ने यह दिखाने की कोशिश की कि कैसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी का सही उपयोग करके पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों का स्थायी उपयोग संभव हो सकता है।

दंतेवाड़ा में छात्र-छात्राओं के नेत्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण पहल

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिले के सभी स्कूलों,आश्रमों और पोटा केबिनों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण चल रहा है।यह कार्यक्रम जिला के नेत्र सहायक अधिकारी और चिरायु टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है।इस जांच में मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, रेटीना अलग होना, भेंगापन आदि की जांच की जा रही है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 55 स्कूलों के 5199 छात्र-छात्राओं की जांच की है। इस दौरान 254 छात्रों में दृष्टि दोष पाया गया है, और 18 छात्रों को आंखों से संबंधित समस्याओं के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।यह पहल छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आंखों से संबंधित समस्याएं अक्सर समय पर पहचान नहीं होने पर गंभीर रूप धारण कर सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके ने कहा कि यह अभियान सभी छात्रों को उचित उपचार और देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक कदम है।इस जांच के दौरान किसी भी छात्र को आंखों की समस्या पाए जाने पर तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है, जिससे उन्हें समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा मिल सके। इसके अलावा, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, ताकि छात्रों को आंखों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके।जिला प्रशासन का यह प्रयास निश्चित रूप से दंतेवाड़ा के छात्रों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक साबित होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के इस संगम से आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सकेगा। दंतेवाड़ा जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा शुक्रवार शाम 5 बजकर 20 मिनट में उक्त जानकारी मीडिया को दी गई।

जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में 7 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ, कलेक्टर ने भी किया रक्तदान

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत महाविद्यालय के टीचर एवं स्टाफ द्वारा 7 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर में कलेक्टर सुश्री चौधरी ने भी रक्तदान किया। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, मलेरिया नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, सीएस डॉ. हेमंत साहू, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार नायक, डीपीएम डा. भूमिका वर्मा, हॉस्पिटल कंसलटेंट डॉ. ओपी वर्मा, मैट्रन चित्ररेखा बोरकर, नर्सिंग इंचार्ज मंजू राय, देव जनिक शिवहरे, ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. अविनाश, नर्सिंग आफिसर सती गुप्ता तरुणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी, लैब टेक्नोलॉजीस्ट रोशन सिंह, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, निगार, मिनाक्षी, सूरज, हिमांशु चंद्राकर, कौशल साहू, माला प्रशिक्षणार्थी रिया, धनेश्वरी, यशवंत एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, जीवन दीप समिति के सदस्य प्रशांत डोंगावकर की उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा और सभी ने रक्तदाताओं को साधुवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

नित्य नये आयाम छूते डॉ अभिमन्यु साहू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ अभिमन्यु पेन रिलीफ सेंटर पिछले 5 वर्षो से रायपुर के समता कॉलोनी में संचालित है। जहां पिछले 5 वर्षो में जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के दर्द के लगभग 12500 मरीजों का सफलतापूर्वक ईलाज किया जा चुका है। जिसकी सबसे बड़ी खासियत है, यह ईलाज पूर्णतः आयुर्वेदिक है जिसके कोई साईड इफेक्ट नहीं है तथा लागत भी कम आती है। डॉ अभिमन्यु साहू ने बताया हमारे यहां ना सिर्फ छ.ग. बल्कि भारत के विभिन्न हिस्सों जैसे उड़ीसा, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात से मरीज आते है। कुछ मरीज विदेशो से भी सलाह लेते है उनकी तकलीफ दूर करने के लिए हमने 2 वर्षे पहले अष्ठवेदा टेलीमेडीसीन सुविधा की शुरूवात की, इस सुविधा का सैकडो मरीज लाभ उठा रहे है। हम हमारी बहुत सी दवाईयां पिछले 4 वर्षो से खुद ही निर्मित कर रहे है ताकि मरीज़ों को सर्वोत्तम दवा व उपचार मिल सके, यह दवाईयां बाजार में आयुर्जीनोमिक्स बोटेनिकल के नाम से उपलब्ध है। डॉ अभिमन्यु ने बताया जल्द ही हम छ.ग. का पहला मल्टीस्पेशिलिटी 20 बेड का हॉस्पिटल ला रहे है, जहां मरीजो के दर्द के रोगो के अलावा बाकि विभागो जैसे गायनी, स्किन, पीडियाट्रिक, पाईल्स आदि के उपचार की सुविधा मिलेगी। हमारे यहां प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धतियां जैसे पंचकर्म, शिरोधारा, क्षारसूत्र, लेजर आदि की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

पाठ्यक्रम के साथ शास्त्रों का अध्ययन गुरुकुल, नई परम्परा का आरम्भ

जमरूवा स्थित गुरूकुल में सनातन धर्म पर गोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर जमरूवा स्थित गुरुकुल में सनातन धर्म पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक सिंह ठाकुर को बुलाया गया जिसमे संघ से बड़े बड़े दायित्ववान एवं समाज से बहुप्रतीष्ठित लोग भी सम्मिलित हुए। श्रीराम गुरुकुल एवं लोकशिक्षण सेवा केन्द्र में योगशाला, संस्कार शाला, वेद शालाए यज्ञ शाला, विद्यापीठ, देव मंदिर, गौशाला आदि की शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम में 15 बच्चे भी जो अध्ययनरत हैं, उनसे भी साक्षात्कार एवं वेद प्रदर्शन करवाया गया। बच्चों का सनातन के प्रति लगाव एवं उनकी योग्यता ऋषियो के समान थी। संदीप अग्रवाल ने भी अपना उद्बोधन दिया जिसमे गुरुकुल परम्परा पर और आधुनिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में गुरुजी द्वारा मुख्य अतिथि दीपक सिंह ठाकुर को उद्बोधन हेतु बुलाया जिसमे बच्चों को मार्गदर्शन हेतु प्रेरित करने की बात कही गई। अपने उद्बोधन में दीपक ठाकुर ने कहा कि सारे बच्चों को अपने कुल देवता के अलावा एक देवता को अपना आराध्य या इष्ट बनाना चाहिए। चूंकि अवस्था सबकी छोटी है और ब्रम्हचर्य व्रत के पालन करते हुए सप्तचिरंजीवी में से एक प्रभु श्री राम के भक्त हनुमानजी को अपना इष्ट बनाए। हनुमान जी बल, बुद्धि, विद्या के दाता हैं। अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता हैं। इस कलियुग में सभी संकटों को हरने वाले हैं। इसलिए विद्या और शक्ति की आराधना हेतु शुद्ध रूप से हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, हनुमानाष्टक आदि का पाठ नियमित रूप से करने हेतु बच्चों को प्रेरित किया। उद्बोधन के उपरांत महादेव की आरती की गई एवं भोग प्रसाद वितरण किया गया। वर्तमान समाज में इस तरह की शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है जहां पाठ्यक्रम के साथ ही साथ शास्त्रों का भी अध्ययन करवाया जाता हो।

मितानिन दीदियों ने घिवरी स्कूल के बच्चों को बताया सर्पदंश, दस्त से बचाव के उपाय

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी में बाल सहयोगी मितानिन दीदियों द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को सर्पदंश से बचाव के तरीके व सांप के काटने पर क्या कार्य करना चाहिए।और क्या नहीं करना चाहिए, की जानकारी दी। वहीं अगर किसी बच्चे को या परिजन को दस्त संबंधित समस्या हो तो उसके समाधान स्वरूप हम क्या-क्या कार्य कर सकते हैं जैसे कि ओ.आर.एस. का घोल हम घर में कैसे बना सकते हैं। इसकी जानकारियों से बच्चों को अवगत कराया। छात्राओं में महीना संबंधित होने वाली मासिक चक्र की जानकारियां भी दिए जैसे कि कोई समस्या हो तो अपने परिजन, शिक्षक शिक्षिकाओं, मितानिन दीदीयों को अवगत अवश्य कराएं और विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क कर सहायता जरूर लेवें। छात्रों को नशापान करने से होने वाली गंभीर बिमारियों से तथा समस्याओं का हमारे जीवन में क्या दुष्परिणाम भविष्य में सामने आते हैं इनकी जानकारी दिया गया। विद्यार्थियों को दो कक्षाओं में विभाजित कर इन विषयों पर विस्तार से जानकारी दिया गया। बाल सहयोगी मितानिन दीदीयों के प्रशिक्षक पुष्पा सिन्हा ने विद्यार्थियों को बताया है कि सांप दिखाई दे तो जबरदस्ती सांपों को नहीं छेड़ना चाहिए। रात्रि के समय घर में या घर के बाहर आवश्यक कार्य से यदि जान पड़ा तो प्रकाश हेतु टार्च का उपयोग अवश्य करें। अनावश्यक चीजों को इकट्ठा नहीं करें। कपड़े या जूते चप्पल पहनते समय ध्यान रखें कि कहीं कुछ विषैले जीव उनके अंदर तो नहीं है। हमें जमीन पर नहीं सोना चाहिए आदि। यदि गलती से कहीं सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। तो डरना नहीं चाहिए। बल्कि डॉक्टर से सलाह मशविरा ले लेना चाहिए। बैगा के भरोसे इलाज नहीं कराना चाहिए। घबराना नहीं चाहिए या मुंह से जहर उतारने का प्रयास आदि ना करें। दस्त हो जाने पर घर में जीवन रक्षक घोल बनाने के उपाय को भी बताया कि कैसे हम शक्कर और नमक का घोल बनाकर इसका समाधान कर सकते हैं। बीमार व्यक्ति को समय-समय पर कुछ पोष्टिक आहार अवश्य खाने को देवें।

किवंदती बन चुकी माताओं के दर्शनार्थ उमड़े नागरिक

पौराणिक संस्कृति व मान्यताओं से नागरिक हुए रूबरू, माता देवालय दर्शन यात्रा में आस्था का जनसैलाब

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

प्राचीनतम पौराणिक संस्कृति व मान्यताओं से ओतप्रोत तथा ग्रामीण क्षेत्र में विराजित देवी देवताओं के प्रति नई पीढ़ी में आस्था और श्रद्धा जगाने की दृष्टि से माता देवालय दर्शन यात्रा का आगाज हुआ। विधायक दलेश्वर साहू के निर्देशन में आयोजित माता देवालय दर्शन यात्रा के प्रथम चरण का शुभारंभ डोंगरगांव नगर के शीतला व चंडी मंदिर में विधिवत पूजन उपरांत जनपद अध्यक्ष के गृहग्राम मनेरी में समापन हुआ। लोक मंड़ई के सृजेता, लोक कलाकार तथा क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू द्वारा तैयार किये गये कांसेप्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में पहली बार अपने तरह के इस अनूठे दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है। इसी तारतम्य में विधानसभा मुख्यालय डोंगरगांव नगर में विराजित कालेज रोड स्थित शीतला मंदिर में कात्रो की कुँवारी माता एवं सोनेसरार की डामेश्वरी माता के सानिध्य में विधायक दलेश्वर साहू द्वारा सपत्निक विधिवत पूजन उपरांत प्रथम चरण की यात्रा का शुभारंभ हुआ। कृषि उपज मंडी परिसर में एकत्रित अंचल की लगभग 25 जस भजन मंडली व झांकी मंडलियों के चलित प्रस्तुतियो एवं 2 रथनुमा वाहनों में सवार कुँवारी माता व डामेश्वरी माता के साथ 4 अन्य वाहनों में देवी देवताओं व ग्राम सरहदों के प्रतीकों की झाँकी निकाली गईं। इनमें ग्राम्य अंचल की मान्यताओं वाली शीतला माता के अलावा, बघरन पाठ, घटोरिया देव, भैंसासुर, बूढ़ी माई, धुकी माता, सहाड़ा देव, बघधरा, परेतिन दाई सहित अनेक ग्राम्य मान्यता के प्रतीक, निशान, बैरग व बाना पताका सुशोभित थे। यात्रा नगर के कालेज रोड स्थित शीतला मंदिर से निकलकर मेनरोड होते हुए चंडी मंदिर में कुँवारी माता व डामेश्वरी माता द्वारा पूजन उपरांत किलापारा शीतला मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर, बरगांव शीतला मंदिर, नवगांव शीतला मंदिर व जामसरार शीतला मंदिर होते हुए मनेरी स्थित शीतला मंदिर में जाकर विसर्जित हुई। इस दरम्यान रात्रि में भजन सम्राट विवेक शर्मा की प्रस्तुति के साथ यात्रा के प्रथम चरण का समापन हुआ।

कुंवारी माता व डामेश्वरी माता दर्शन

नगर में यात्रा दौरान स्थानीय व्यापारी व नागरिकों के अलावा स्वस्फूर्त पहुंचे आसपास के ग्रामीणजन तथा राहगीर भी अपने वाहन रोककर कुंवारी माता व डामेश्वरी माता के दर्शन तथा चढ़ावा भेंट करने लगे। इस दरम्यान नगर के मेनरोड में लगभग एक घण्टे तक स्टेटहाइवे में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। बता दें कि स्टेटहाइवे के एक लेन में यात्रा थीं, तो दूसरे लेन में कालेज चौक से पुराने बस स्टैंड तक लगभग 10 हजार से अधिक लोग धर्ममय नजर आए।

विधानसभा भ्रमण करेगी यात्रा : विधायक

यात्रा के संयोजक व संरक्षक दलेश्वर साहू ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य नई युवा पीढ़ी को हमारे माता देवालय व ग्रामीण देवी देवताओं से संबंधित मान्यताओं और वैज्ञानिक कारणों से अवगत कराना है। उन्होनें बताया कि माता देवालय दर्शन यात्रा के संबंध में वरिष्ठ साहित्यकारों के सहयोग से एक पत्रिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है, जिसमें अंचल में विराजित विभिन्न देवी देवताओं की सचित्र जानकारी होगी।

नीलामी के बाद नहीं जमा किया प्रीमियम, दो दुकानें सील

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम द्वारा हाट बाजार में भूतल एवं प्रथम तल में व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। निर्मित दुकानों को नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है।

आवंटियों को प्रीमियम राशि का भुगतान करने नोटिस जारी किया गया। नोटिस उपरांत भूतल के 18 दुकानदारों ने प्रीमियम का भुगतान किया तथा शेष 2 दुकानों में एक दुकानदार द्वारा प्रीमियम जमा नहीं करने व 1 दुकानदार द्वारा अनुबंध नहीं कराने पर निगम आयुक्त के निर्देश पर भूतल के क्रमशः दुकान क्रं. 14 व 20 को निगम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्यवाही की गई।

प्रीमियम की राशि का भुगतान नहीं करने व अनुबंध नहीं कराने पर आयुक्त गुप्ता के निर्देश पर राजस्व उप निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे, राजस्व लिपिक प्रकाश साहू एवं निगम की टीम हाट बाजार के पास भूतल की दुकान क्रं. 14 जो बलराम सोनकर को आबंटित है इनके द्वारा बकाया प्रीमियम राशि 3.74 लाख रुपए जमा नहीं किया गया, इसी प्रकार दुकान क्रं. 20 जो हीरालाल साहू को आवंटित है जिन्होंने अनुबंध नहीं कराकर किराया जमा नहीं किया जिस पर कार्यवाही करते हुए उपरोक्त दोनों दुकान में तालाबंदी कर सील की कार्यवाही की गई।

रिक्त पदों पर नियम विपरित भर्ती की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के क्रेडर समिति प्रबंधक के रिक्त पदों पर नियम विपरीत नियुक्ति देने का आरोप लगा है। इस मामले को लेकर सेवायुक्त कर्मचारियों ने सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को मांग पत्र सौंपा है। सेवायुक्त कर्मचारियों ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के क्रेडर समिति प्रबंधक के रिक्त पदों पर पहले सीधी भर्ती के रिक्त पदों की भर्ती के बाद द्वितीय चरण में सीमित चयन से भर्ती के लिए रिक्तपदों पर भर्ती की कार्यवाही को शीघ्र बदलने की मांग रखी है।

सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास व कोषाध्यक्ष जागेश्वर साहू ने बताया कि बैंक क्रेडर समिति प्रबंधक कुल रिक्त पदों के 50 प्रतिशत पद समिति के सेवायुक्तों से लेने का प्रावधान किया है, परंतु यहां पहले सीधी भर्ती के रिक्त पदों की भर्ती उसके बाद द्वितीय चरण में सीमित चैन से भर्ती के लिए रिक्त पदों की कार्यवाही करने का आदेश जारी किया गया है, जो नियम विपरीत है।

उन्होंने बताया किए ऐसे में यहां 30-40 सालों से सेवा दे रहे कर्मचारियों के अनुभव व सीनियारिटी के साथ कुठराघात व अन्याय हो रहा है। आल इंडिया से बैंक क्रेडर समिति प्रबंधक पहले नियुक्ति आदेश जारी होने पर बैंक में सीनियर हो जाएंगे और समिति के कर्मचारियों को सीमित चयन भर्ती प्रक्रिया बाद में होने पर जूनियर कहलाएंगे। बैंक में पदोन्नति का अधिकार सीधी भर्ती वालों को होगी, जिससे वे पहले सुपरवाइजर बनेंगे। बताया गया कि ससे 13 हजार समिति के कर्मचारियों में शासन-प्रशासन के प्रति भयंकर आक्रोश है, कर्मचारियों ने न्यायालय में जाने की बात कही है।

होटल-ढाबों में मिले 15 घरेलू गैस सिलेंडर, कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

घरेलू गैस सिलेंडरो के व्यावसायिक उपयोग की लगातार शिकायत पर खाद्य विभाग द्वारा जिले भर में की गई कार्रवाई में 5 विभिन्न प्रतिष्ठानों से 15 नग घरेलू सिलेंडर जप्त की गई।

जिला खाद्य विभाग द्वारा 15 और 16 अक्टूबर को जिले के विभिन्न होटल एवं ढाबों में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एव वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत उपयोग किए जाने वाले गैस सिलेंडरों की जांच की गई। जिनमें घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर 5 प्रतिष्ठानों से 15 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया।

जांच कार्रवाई के दौरान अशोक सिन्हा होटल नर्मदा से 5 नग, सीजी 33 बिरयानी सेंटर खैरागढ़ से 3 नग, सिटी ढाबा, लांजी रोड से 3 नग, माँ अन्नापूर्ण मेस एंड कैफे खैरागढ़ से 3 नग एवं अग्रवाल भोजनालय खैरागढ़ से 1 नग घरेलू गैस सिलेन्डर का व्यावसायिक उपयोग किए जाने पर जब्ती की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही में सहायक खाध अधिकारी संजय ठाकुर, खाद्य निरीक्षक विनोद सागर, मनीष ध्रुव, गरिमा सोरी एवं डालेश्वरी देवहारे शामिल रहे।

शरारत या नक्सली हरकत.. पुलिस की जांच जारी

■ ग्राम आटरा में मिला पर्चा और बैनर

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया ब्लॉक के ग्राम आटरा में कथित नक्सल पर्चा मिला है। पर्चे को स्कूल के पिछले हिस्से में चिपकाया गया था, वहीं एक लाल रंग का बैनर भी लगाया गया था, जिसमें माओवादी संगठन गढ़चिरौली का उल्लेख है। पर्चे में गांव के कुछ युवाओं पर मनमानी करने का आरोप है। गुरुवार सुबह गांव के लोगों ने स्कूल के पीछे वाले हिस्से में पर्चा चिपका देखा। वहीं करीब ही लाल बैनर भी लगा था।

जिसमें लाल सलाम और माओवादी संगठन का उल्लेख है। पर्चे में लिखा गया है कि गांव के पटेल का बेटा और उसके कुछ साथी गांव में मनमानी कर रहे हैं। गांव के लोगों को परेशान कर रहे हैं। अपने फैसले उन पर थोप रहे हैं। वहीं बात नहीं मानने पर जुर्माना लगाने और गांव से बाहर करने जैसी धमकी दी जा रही है। जो सीधे तौर पर गलत है। पर्चे के माध्यम से ऐसे लोगों को धमकी देते हुए अपनी हरकत में बदलाव लाने की बात कही गई है। जानकारी मिलते ही छुरिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जिन्हें बैनर और कथित नक्सल पर्चा जब्त किया है। हालांकि पुलिस ने दावा किया है कि पर्चा नक्सलियों का नहीं हैं, किसी ने ऐसी शरारत की है। जांच जारी है।

सायबर क्राईम व नशा से बचने किया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचल में लोगों को नशा व सायबर क्राईम से बचाने, व ठगी से सतर्क रहने के लिए जागरूक करने पुलिस विभाग द्वारा महती अभियान नवा बिहान जारी है। इसी क्रम में पुलिस थाना डोंगरगांव के बैनरतले नगर व थाना क्षेत्र के प्रमुख स्कूलों में विद्यार्थियों सहित टीचर्स को जागरूक रखने नवा बिहान कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल, शासकीय स्कूल खुज्जी, नादिया, कुमरदा, आसरा, महरूम, बरगांव, खुर्सीपार सहित अर्जुनी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर एसडीएम श्रीकान्त कोराम ने विद्यार्थियों सायबर क्राइम से सतर्क रहने एवं नशा से बचने अपील की। कार्यक्रम में तहसीलदार नाग, एसडीओपी दिलीप सिसोदिया, टीआई उपेन्द्र शाह एवं अनेक पुलिसकर्मी सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

बारुद फैक्ट्री को एनओसी, ग्रामीणों का विरोध

राजनांदगांव। घुमका क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में पंचायत की ओर से बारूद गोदाम खोलने के लिए एनओसी दी गई है। गुरुवार को ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए एनओसी को रद्द करने की मांग की। घुमका थाना पहुंचकर आवेदन के साथ ही बारूद गोदाम खुलने वाले नुकसान के बारे में बयान दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बरबसपुर के कोबरा खार में खसरा क्रमांक 1055/1,2,3 में भूमि स्वामी के द्वारा विस्फोटक पदार्थ बारूद भंडारण करने के लिए आवेदन बीके बी रायपुर की कंपनी वाले के द्वारा किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में बिना ग्राम सभा लिए गोदाम खोलने के लिए अनुमति दे दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के समीप बारूद गोदाम खोलने से हादसे का खतरा रहेगा।

कार्तिक मास में सरयू स्नान के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

राजनांदगांव। मिथिला धाम मंदिर के महिला मंडल के वयो वृद्ध सदस्य उषा देवी चौधरी के नेतृत्व में पवित्र सरयू नदी में कार्तिक स्नान के लिए रवाना हो गए हैं। पूज्य मोनी बाबा के निर्देशानुसार सरयू नदी तट पर स्थित लक्ष्मण किला आश्रम में सभी भक्तगण निवास करेंगे और एक महीने कार्तिक एकम से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक प्रतिदिन सूर्योदय के पूर्व पवित्र सरयू नदी में स्नान ध्यान करेंगे। ज्ञात हो कि अयोध्या में कार्तिक महीने में एक माह का कल्प कुंभ लगता है। इसी तरह इलाहाबाद में माघ महीने में कल्प कुंभ लगता है। इस वर्ष इलाहाबाद में कुंभ मेला भी लगने वाला है।

आरोपियों को फांसी की सजा, परिजनों को एक करोड़ की मदद मिले

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला सर्व यादव समाज ने धमतरी में 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग मुख्यमंत्री व राज्यपाल से की गई है। समाज ने जिला प्रशासन को शुक्रवार को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिला सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते कहा कि पीड़ित मासूम का उच्च स्तरीय इलाज, पीड़ित को शासन-प्रशासन के माध्यम से बेहतर उच्च शिक्षा निःशुल्क व्यवस्था, घटना की उच्च स्तरीय व्यवस्था, पीड़ित परिवार के सदस्य को जीवनयापन के लिए शासकीय नौकरी तथा एक करोड़ की सहायता राशि, आरोपी को फांसी की सजा तथा उक्त प्रकरण में दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के ऊपर कठोर कार्रवाई तथा परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग रखी।

कांग्रेसी ओछी राजनीति कर रहे : अशोक चौधरी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानो की आड़ में धान खरीदी को लेकर ओछी राजनीति कर रहे हैं ।ज्ञात हो कि कांग्रेस ने 1 नवंबर से धान खरीदी की मांग की है। सभी को मालूम है कि दीपावली पर्व 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलेगा और इन दिनों दीपावली पर्व की छुट्टी भी रहेगी। ऐसे में धान खरीदी कैसे की जा सकती है। वर्तमान समय में इक्का-दुक्का धान कटाई शुरू हुआ है। वास्तविक धान कटाई आठ से 10 नवंबर के आसपास प्रारंभ होगी। इस हिसाब से भाजपा की विष्णु देव सरकार ने 14 नवंबर से धान खरीदी का निर्णय सही है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि पिछले साल 31 जनवरी तक धान की खरीदी नहीं पाई थी। तब विष्णु देव सरकार ने 5 फरवरी तक धान खरीदी का समय बढ़ाया था। कांग्रेस से अधिक भाजपा सरकार को किसानो की चिंता है। ऐसे में कांग्रेस ओछी राजनीति छोड़कर किसानों के हित में कार्य करने की नीति अपनाए। भाजपा किसान हितैषी पार्टी है हरियाणा चुनाव मे किसानो ने कांग्रेस के झूठ को सिरे से खारिज कर दिया। ये पब्लिक है सब जानती है।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का डोंगरगांव नगर आगमन

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ। उनके आगमन से कांग्रेसी में बेहद उत्साहित नजर आए। कांग्रेसजनों ने विधायक दलेश्वर साहू के अगुवाई में स्टेटहाइवे में रेस्टहाउस के सामने बघेल का फूलमालाओं एवं पटाखे की आतिशबाजी से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू व दिग्गजनेता नवाज खान भी मौजूद थे। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री अपने मोहला-मानपुर प्रवास में जा रहे थे। विधायक की गुजारिश पर लगभग एक घण्टे तक स्थानीय रेस्टहाउस में रुके। इस दौरान बघेल स्थानीय कांग्रेसजनों से अप्रत्याशित तौर पर सहज ढंग से मिल रहे थे। इस मौके पर चेतन साहू, संध्या नरेंद्र साहू, बलीराम साहू, हीरा निषाद, ललित लोढ़ा, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, वीरेंद्र बोरकर, सतीश वैष्णव, किशोर बोहरा सहित अनेक युवा कांग्रेसी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद थे।

सांसद की अनुशंसा पर विकास के लिए खैरागढ़ को मिले 3 करोड़

■ नाली, सीसी रोड, बाउंड्रीवाल और हाईमास्ट लाइट के लिए राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◀ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

लोकसभा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नगरपालिका खैरागढ़ में 2 करोड़ 98 लाख 42 हज़ार की प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। वित्तीय वर्ष के लिए निम्नानुसार 55 कार्यों के लिए अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि रुपए 298.42 लाख की अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है।

बताया गया कि शहर वार्ड 3 गायत्री नगर सीसी रोड कार्य के लिए 2.75 लाख, मोंगरा सड़क पुलिया से आरसीसी. नाली निर्माण कार्य के लिए 5 लाख, गायत्री नगर में सीसी रोड 7.30 लाख, वार्ड 4 सीसी रोड 3.25 लाख, राधा कृष्ण मंदिर के सामने सीसी रोड 3.25 लाख, सीसी रोड कार्य 1 लाख, वार्ड 5 जमातपारा नदी तक सीसी रोड 4.35 लाख।

इसके अलावा वार्ड 9 सीसी रोड कार्य 2.60 लाख, वार्ड 11 किल्लापारा सीसी रोड कार्य 0.85 लाख,वार्ड 12 अमलीपारा सीसी रोड 11.75 लाख, ठाकुर राम के घर तक सीसी रोड कार्य 19.11 लाख, वार्ड देवारी भाट रोड तक सीसी रोड कार्य 3.25 लाख, वार्ड 16 सीसी रोड कार्य 5.90 लाख, सुखमा के घर तक सीसी रोड कार्य 7.87 लाख, नदी तक सीसी रोड कार्य 11.75 लाख, वार्ड 17 दुर्गामंच तक सीसी रोड कार्य 5.55 लाख,

जल्द ही शहर के पांच चौक जगमगाएंगे

नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न इलाको में हाईमास्ट लाइट लगवाने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी देते शहर के वार्ड 4 में हाई मास्क लाइट,जय स्तंभ चौक में, ईतवारी बाजार में प्रत्येक 6 लाख 37 हजार की लागत से हाईमास्क लाइट लगाए जाएंगे। वार्ड क्रमांक 19 टिकरापारा में सामुदायिक भवन निर्माण 10. लाख, वार्ड.20 सिविल लाइन में सामुदायिक भवन निर्माण 10. लाख, वार्ड 17 में सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 5 लाख खर्च किए जाएंगे। नगरवासियों की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी। इसके अलावा भी कई अन्य विकास कार्यों के लिए लाखों की स्वीकृति मिली है।

गांव के करीब पहुंचा हाथियों का एक बड़ा दल, मशाल जलाकर रातभर बैठे रहे लोग

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में बीती रात हाथियों का एक बड़ा दल गांव के करीब पहुंच गया। इसके बाद गांव के ग्रामीण एकजुट होकर मशाल जलाकर, फटाखे फोड़कर एवं ट्रैक्टर पर बैठकर हो-हल्ला कर हाथियों को भगाया। इसका एक वीडियो सामने आया है। रायगढ़ जिले के घने जंगलों में एक लंबे अर्से से जंगली हाथियों ने डेरा डाला हुआ है। यहां के जंगलों में भोजन और पानी की पर्याप्त मात्रा होने से रायगढ़ वन मंडल के अलावा धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग गांवों में साल भर हाथियों की मौजूदगी रहती है। हालांकि बीच-बीच में हाथियों के दल की संख्या में कमी और बढ़ोतरी होते रहती है। रायगढ़ जिले में विचरण करने वाले हाथी रोजाना जंगलों से निकलकर रिहायशी इलाकों में पहुंचकर ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। साथ ही साथ कई बार ऐसा भी होता है कि हाथियों के दल के सड़क पर आ जाने के दौरान कई घंटों तक सड़क में अघोषित जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। बताया जाता है कि धरमजयगढ़ वन मंडल में कई गांव ऐसे भी है जहां के ग्रामीण अपनी फसलों को बचाने रतजगा करने पर आज भी विवश हैं। रायगढ़ वन मंडल के बिलासखार, डेहरीडीहि एवं पाकादरहा गांव के करीब बीती रात तकरीबन 35 हाथियों का दल अचानक पहुंच गया।

जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। हाथियों से अपनी बेशकीमती फसल के अलावा अपने मकानों को बचाने गांव के ग्रामीण इकजुटे हुए और फिर कुछ ग्रामीण जहां हाथों में मशाल जलाकर एवं पटाखे फोड़कर हाथी को भगाने का प्रयास किया तो वहीं कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर से ही हो हल्ला करते हुए हाथियों के दल को दौडाया शुरू कर दिया।

रातभर आवागमन रहा बंद–गांव के ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय हाथियों का बड़ा दल उनके गांव के करीब पहुंच गया था जिसके बाद देर रात भेंगारी से बिलासखार रोड पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया था। साथ ही उन्होंने इस मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाये हुए है। साथ ही साथ ग्रामीणों को हाथियों से दूरी रहने की हिदायत भी दी गई है।

दो ग्रामीणों को हाथी ने किया घायल–बताया जा रहा है कि रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज में कल शाम बटुराकछार के जंगल लकड़ी लेने गए घसिया राम 42 साल निवासी बटुराकछार का जंगल में एक हाथी से सामना हो गया जिसके बाद हाथी ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। घायल ग्रामीण को उपचार हेतु धरमजयगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इसी हाथी ने मछली पकड़कर घर लौट रहे भगतराम उरांव 45 निवासी कमतरा को भी घायल कर दिया। परिजनों के द्वारा घायल को रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

कुपाकानी बिरसिंघा जंगल में भी 32 हाथी–बुधवार की शाम 5 बजे के आसपास लैलूंगा रेंज के अंतर्गत आने वाले कुपाकानी बिरसिंघा जंगल से निकलकर 32 हाथियों का दल एक ग्रामीण के खेतों में पहुंच गया। अचानक हाथियों के बस्ती के करीब पहुंचने से गांव के ग्रामीणों में जहां दहशत का माहौल निर्मित हो गया। वहीं मौके पर लोगों की भारी भीड भी जुट गई थी।

बम्हनीडीह में धूम धाम से मनाया गया विजयादशमी का पर्व

असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक रूप में किया गया रावण दहन

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह में विजयादशमी के अवसर गुरुवार को रावण दहन किया गया जिसमे समस्त ग्रामवासियों में खूब उत्साह रहा, बम्हनीडीह दशहरा आयोजन ग्राम पंचायत बम्हनीडीह की ओर से किया गया जिसमे आयोजक मालती राजकुमार पटेल रही बम्हनीडीह ग्राम पंचायत के समस्त पंचों का भारी योगदान रहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गढ़ विजय की रैली रामदास वैष्णव के निवास से निकल कर रावण मैदान तक गई सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार पटेल ने बताया कि इस वर्ष विजयादशमी का पर्व और भी धूम धाम से मनाया गया जिसमे हर वर्ष के भांति इस वर्ष और भी ज्यादा भीड़ रही लोग दूर दूर से दशहरा देखने आए, दशहरा मे बच्चों को श्रीराम सीता और हनुमान के वेश भूषा में तैयार किया गया था श्रीराम के धनुष से रावण दहन किया गया रावण दहन के पश्चात रीना सूरज सुरभी द्वारा रात्रिकालीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका ग्रामवासियों ने खूब लुफ्त उठाया।

गढ़विजय का आयोजन, भारी संख्या में युवाओं ने लिया भाग

बम्हनीडीह में गढ़विजय का आयोजन दशकों से चलता आ रहा है गांव के नियमानुसार रावण दहन के मैदान में लगभग 20 फूट गढ़ बनाया जाता है जो कि ईट व मिट्टी की होती है जिसमे भाग लिए युवाओं को दूर से दौड़ कर गढ़ ऊपर चढ़ना होता है और वह लगे झंडे को निकाल कर हवा में लहराना होता है जिससे प्रतिभागी की जीत सुनिश्चित की जाती है, हर वर्ष की भांति गढ़ विजय का कार्यक्रम हुआ जिसमे बाराद्वार के युवक विजय हुए उनको अनिल सिंघानिया की ओर से 5001 रु की राशि सहित श्रीफल भेंट किया गया।

अवैध खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन में जिला खनिज विभाग ने 13 वाहनों पर की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिला सक्ती में खनिज रेत के अवैध उत्खनन् एवं परिवहन पर 17 अक्टूबर 2024 को महानदी निकट स्थित ग्राम करही, डोटमा एवं मिरौनी क्षेत्र से अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 07 ट्रेक्टरों पर कार्यवाही कर खनिज मय वाहन को थाना हसौद के सुरक्षार्थ में रखा गया है तथा डभरा क्षेत्र से कुल 06 वाहन में से 04 वाहन (01 हाईवा, 03 ट्रेक्टर गिट्टी) एवं 02 वाहन रेत को कार्रवाई कर थाना डभरा के सुरक्षार्थ में रखा गया है, कुल 13 वाहनों पर खनिज के अवैध परिवहन पर कार्यवाही कर थाना के सुरक्षार्थ में रखा गया है। सभी वाहनों पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 के तहत् कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर तोपनो के निर्देशानुसार सतत् कार्यवाही सभी क्षेत्रों में की जा रही है

नाली का अधुरे निर्माण होने से पूरा नगरवासी परेशान

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर के वार्ड क्रमांक 5 एवं 7 में ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है वहीं पस वार्ड क्रमांक 7 में एक वर्ष से भी ऊपर हो गए हैं अधूरा नाली निर्माण का कार्य किया गया वहीं पर अभी 6 माह से ऊपर 5 वार्ड क्रमांक नाली निर्माण का कार्य अधूरा अटका हुआ है जिसे नाली में सडै गले एवं गंदे पानी होने के कारण बदबू आने के साथ-साथ राहगीरों को आने-जाने एवं दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है ।आए दिन चोटिल वार्ड क्रमांक 5 में देखने को मिल रहा है वहीं पर नगर पंचायत जैजैपुर के वाड क्रमांक 7 में अधूरा निर्माण कर ठेकेदार विक्रम कुमार चंद्रा जो की आधे अधूरे निर्माण कार्य कर पूरे नगरवासियों को परेशानी में डाल दिए हैं वहीं पर राहगीर भी अनेकों प्रकार की चोटील का शिकार होते हुए दिखाई देते हैं गंदे पानी की वजह से वहां पर अनेको प्रकार की बीमारियां फैलने की आशंका है ।इस निर्माण कार्य को विक्रम चंद्रा के द्वारा कराया जा रहा है जो भाजपा के होने के नाते आधे अधूरे निर्माण कार्य किया हैं जिनसे पूरे वार्ड क्रमांक 7 एवं वार्ड क्रमांक 5 के नगर वासिको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अवैध महुआ शराब के आबकारी विभाग ने दर्ज की दो अलग-अलग मामले

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन कुमार शुक्ला के विशेष मार्गदर्शन में जिला-सक्ती में आबकारी विभाग की अवैध शराब धारण कर विक्रय करने वाले व्यक्तियों पर दबिश की कार्यवाही की गई। इस तारतम्य में 17 अक्टूबर को वृत्त मालखरौदा के ग्राम सपिया में कार्तिक राम जोशी पिता जगसाय उम्र 58 वर्ष के बाड़ी से 16 ली महुआ शराब बरामद इसी तरह सपिया में ही रामप्रसाद जोशी पिता जगसाय उम्र 45 वर्ष के रहवासी मकान की विधिवत तलाशी में मकान के कमरे से 05 ली वाली दो पीले रंग की प्लास्टिक जरिकेन में भरी 08 ली महुआ शराब बरामद होने से 34(2) आब अधि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया, उक्त कार्यवाही में स. जि. आ. अ. आशीष उप्प, वृत्त मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, आब. आर रघुनाथ पैकरा, संजीव भगत, आबकारी स्टाफ परसराम कहरा, भारती यादव व वाहन चालक कमलेश यादव का योगदान रहा।

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में ''बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान'' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई के साथ कानूनी अपराध भी है। बाल विवाह से जहां बालिकाओं एवं बालकों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है, वहीं बाल अधिकारों का हनन भी होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत विवाह हेतु बालिका की आयु 18 वर्ष व बालक की आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है। विवाह हेतु निर्धारित उम्र से कम में होने पर बाल विवाह माना जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तारकेश्वर सिन्हा ने बताया कि बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का उल्लंघन करने पर 02 साल तक के कठोर कारावास या 01 लाख रूपये तक जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह की सूचना परियोजना कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस थाना एवं चाईल्डलाइन 1098 या जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मोबाईल नंबर 7000296589 में दे सकते है।

जानकारी देने से कतरा रहे हैं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

■ पत्रकार को भी नहीं देना चाह रहे हैं जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सूचना के अधिकार के तहत 06 -08 -2024 को जिला स्वास्थ्य अधिकारी के पास जानकारी शासन की ओर से दिए गए 2024 में वाटर कूलर, कूलर, आरो, एवं 3 शीटर चेयर के बारे में शक्ति जिले के एच डब्बलू सी/ पी एच सी से जानकारी शक्ति, डभरा, मालखरौदा एवं जैजैपुर को दिए गए सामान की जानकारी चाहिए गई थी जानकारी ना मिलने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सक्ति के पास प्रथम अपील 13-09-2024 को प्रस्तुत किया गया लेकिन वहां भी आज तक की ना तो कोई पत्र व्यवहार किया गया न हीं जानकारी दिया गया इससे साफ यह जाहिर होता है कि समान में भारी घपला देखने को मिल सकता है । शक्ति जिले के शक्ति, मालखरौदा ,डभरा एवं जैजैपुर को शासन के द्वारा जो समान दिया जाने वाला सामान आज तक सही मात्रा में नहीं मिलने के कारण इस प्रकार घोटाले की बू आ रही है यदि छ ग शासन के द्वारा सही मात्रा में उन लोगों को सामान मिलता तो आज तक की जानकारी प्रथम अपील के पहले ही मिल जाती लेकिन प्रथम अपील 13.09.2024 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शक्ति के पास करने के बाद आज दिनांक तक किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है ना ही कोई पत्र -व्यवहार आज तक नहीं किया गया है इससे साफ यह जाहिर होता है कि जहां पर शक्ति, डभरा, मालखरौदा एव जैजैपुर में आज तक सही मात्रा में समान का वितरण नहि किया गया है इससे साफ यह जाहिर होता है कि जो वितरण वाटर कूलर ,कूलर,आरो एवं तिन सिटर चेयर की मात्रा में कमी है जिनके वजह से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी जानकारी देने से कटरा रहे हैं यह बहुत बड़ा घोटाले होने की संभावना बनती हुई नजर आ रही है। इस समाचार छपने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सक्ती भरपाई करते हैं या फिर जानकारी देते हैं यदि जानकारी नहीं देते तो अपिलाथि को राज्य सूचना आयोग का शरण लेना पड़ेगा ।

> इसके संबंध में र ाकर ही बता जाएगा जो अब बाहर गया हुआ है कार्य से
>
> -डॉ के एस कवर
> मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शक्ति

जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रा ने किया शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जाजंग एवं परसदा खुर्द का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती विकासखंड के शा हाईस्कूल परसदा खुर्द में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षा में परिणाम को उत्कृष्ट करने विद्यार्थीयों और शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। औचक निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थीयों से विषय संबंधित प्रश्न पूछे, कोर्स की पूर्णता की जानकारी ली तथा बच्चो को प्रतिदिन प्रत्येक विषयों के अनुसार कार्य योजना बनाकर तैयारी में जुटने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय प्रभारी प्राचार्या सविता चौधरी को सतत मॉनिटरिंग करते रहने तथा प्रभावशाली कार्ययोजना बनाकर परीक्षा परिणाम हेतु गुणवत्ता को और अधिक बढ़ाने कहा, शिक्षकों को नियमित अध्यापन कराने के साथ साथ परीक्षा के ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र बनाकर निरंतर अभ्यास कराने पर जोर दिया व पालकों को बैठक लेकर पेपर दिखाकर विद्यार्थियों को अध्ययन में सहयोग प्राप्त करने, नियमित विद्यालय भेजने, विद्यालय के पुस्तकालय, प्रयोगशाला, गणित विज्ञान कक्ष, प्रेक्टिकल व्यवस्था से संबंधित अन्य दिशा निर्देश भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों में हर्ष जाहिर करते हुए संभाग स्तर जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त 6 विद्यार्थियों कुनाल, रोहन, राहुल महिमा हिमांशी, सोनिया को जिला शिक्षा अधिकारी ने शिल्ड प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी तथा एक अन्य कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 10वी की छात्रा महिमा सिंह सिदार के बिलासपुर संभाग से वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल की सहभागिता पर छात्रा और मार्गदर्शक प्रेरक शिक्षिका कमला दपी गवेल को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया। निरीक्षण में समस्त स्टाफ उपस्थित थे तथा विद्यालय रखरखाव स्वच्छता, अन्य गतिविधियों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने हर्ष जाहिर किया।

पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, कोतरारोड़ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। 13 अक्टूबर को थाना कोतरारोड़ प्रार्थी इसरार खान, निवासी नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा, ने अपने छोटे भाई रियाज खान पर हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसरार ने बताया कि मारपीट की घटना में रियाज खान बुरी तरह घायल है, जिसका उपचार वर्तमान में जिंदल अस्पताल पतरापाली में चल रहा है। प्रार्थी के अनुसार, घटना की जानकारी उनके भाई के मित्र कैलाश द्वारा 13 अक्टूबर सुबह 05 बजे दी गई, जब उसने फोन पर बताया कि रियाज खान को भानुप्रताप अस्पताल लाया गया है। इसरार खान और उनकी मां अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि रियाज खान के सिर, कान और आंखों पर गंभीर चोटें है। रियाज खान के दोस्त प्रकाश जाते और कुणाल पटेल भी इस घटना में घायल हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि 13 अक्टूबर के करीब 02:30 बजे रियाज खान के साथ रायगढ़ से लौट रहे थे।

एक की मौत, दूसरा गंभीर, स्थानीय विधायक के साथ आक्रोशित ग्रामीण बैठे धरने पर

करमागढ़ मेला देखकर लौट रहे बाईक सवार को ट्रेलर ने कुचला

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मेला देखकर घर लौट रहे बाईक सवार दो युवकों को ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरे युवक को भी काफी चोट आई है। घटना के बाद गुस्साये ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाईन लग गई है। मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करमागढ़ में शरद पूर्णिमा के अवसर पर मनकामेश्वरी देवी मंदिर में भव्य मेले का आयोजन होता है। जहां आसपास के दो दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों के अलावा ओडिसा राज्य से भी लोग यहां पहुंचते है।

तमनार थाना क्षेत्र के लमडांड खुरूसलेंगा निवासी नरेन्द्र टोप्पो व राम कुमार टोप्पो करमागढ से मेला देखकर वापस अपने घर जा रहे थे। बाईक सवार दोनों युवक जब ओडिसा बार्डर के पास स्थित पेट्रोल पंप के नीचे धौराभांठा रोड के पास पहुंचे ही थे कि पीछे की तरफ से रहे ट्रेलर वाहन क्रमांक ओडी 16 एल 5381 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार दोनों युवक को जोरदार ठोकर मार दिया। इस घटना में नरेन्द्र टोपो का बाया हाथ व दाया पैर व गुप्तांग एवं राम कुमार टोप्पो का बांया पैर में गंभीर चोंट पहुंचा था जिसके बाद दोनों को उपचार के लिये रायपुर रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान नरेद्र टोप्पो की मौत हो गई।ह्य बीती रात हुई इस घटना में एक युवक की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने गांव के अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर घटना स्थल पहुंचकर मुआवजा की मांग को लेकर चक्काजाम शुरू कर दिया है। इस मामले की जानकारी मिलते ही तमनार थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटी हुई थी।

कई घंटे रहा आवागमन बाधित

ट्रेलर की चपेट में आकर जहां एक युवक की मौत हो जाने और दूसरे युवक के पैर में गंभीर चोट आने के बाद घटना स्थल पर चक्काजाम होनें की वजह से तमनार से ओडिसा मार्ग में चलने वाले समस्त भारी वाहनों के पहिये पूरी तरह से थम गए हैं और कई किलोमीटर दूर तक लंबा जाम लग गया है। जिससे तमनार थाना क्षेत्र में स्थित कंपनियों में कोयला के अलावा अन्य सामानों का परिवहन पूरी तरह ठप्प हो गया है।

ग्रामीणों के साथ विधायक विद्यावती भी बैठीं धरने पर

बुधवार की रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो जाने के बाद आज सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने घटना स्थल पहुंचकर चक्काजाम शुरू कर दिया और इस चक्काजाम से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर तक लंबा जाम लग गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार भी घटना स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए धरने पर बैठ गई हैं। आखिर कई घंटे पश्चात मुआवजा की घोषणा के बाद ही यहां से जाम हट सका।

ग्राम सेतगंगा में शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कौशल विकास योजनांतर्गत अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए आज मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम सेतगंगा में शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार शिविर में 702 शिक्षित बेरोजगार युवाओं का पंजीयन किया गया। साथ ही वहां उपस्थित लोगों का आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा विभिन्न विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, स्वरोजगार हेतु ऋण लेने की प्रक्रिया के संबंध में बताया गया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने आईटीएमएस सिग्नल्स और कैमरों के संचालन के संबंध में ली बैठक



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) के अंतर्गत शहर के चौक-चौराहों पर लगे रोड सिग्नल्स व कैमरों का प्रचालन दुरूस्त रखने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नगर निगम के जोन अधिकारी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, 24*7 जलापूर्ति, सूचना प्रौद्योगिकी, अमृत मिशन के प्रभारी व एलएंडटी समूह के प्रतिनिधि शामिल थे। मिश्रा के निर्देश पर यातायात पुलिस, नगर निगम व स्मार्ट सिटी ने इन कैमरों व सिग्नल्स की संयुक्त टीम बनाकर जांच की थी, जिसके आधार पर बैठक में संबंधितों को सीधे निर्देश दिए गये। बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल भी शामिल रहे। एम.डी. मिश्रा ने कहा कि चौक-चौराहों में लगे सिग्नल व कैमरे निरंतर कार्यशील रहे यह सुनिश्चित करने का दायित्व सभी विभाग आपसी समन्वय से सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि आवश्यक निर्माण कार्यों के कारण 8 सिग्नल व 12 कैमरे इस समय बंद हैं, मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 7 दिवस के भीतर निर्माण संबंधी कार्य पूर्ण कर इन्हें कार्यशील करें। उन्होंने यह भी कहा कि पारस्परिक समन्वय से जिम्मेदारी तय करें एवं संबंधित जोन भी इस प्रणाली की सतत् निगरानी करें। श्री मिश्रा के निर्देश पर अंतर विभागीय टीम हर सप्ताह प्रचालन का निरीक्षण कर संबंधित विभागों से अपनी रिपोर्ट साझा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आईटीएमएस प्रणाली के तहत् शहर में वर्तमान में 470 कैमरे व 50 आईटीएमएस सिग्नल्स कार्यरत है। इन सिग्नल्स का संचालन यातायात पुलिस के निर्देश पर हो रहा है, इनमें से 10 सिग्नल यातायात पुलिस की निगरानी में ब्लिंकर्स मोड पर संचालित हैं।

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं अधिवक्ता संघ रायपुर के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन, एवं अधिवक्ता संघ रायपुर के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुक्रवार को प्रातः 12 बजे से शाम 5 बजे तक नई बिल्डिंग, जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की, जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. आशुतोष अग्रवाल, नेत्र रोग से डॉ. स्वाति तामस्कर, हड्डी रोग से डॉ. अर्चित वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ दीपा नायक, ई एन टी से डॉक्टर सुमति गोयल अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा एवं नर्सिंग स्टाफ मानहरण साहू, जुली, शेरोन, रेशमा खलको एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी सचिव अरुण कुमार, उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार एवं ऋतु बुंदेला तथा रायपुर प्रधान न्यायाधीश मनमेंद्र सिंह और यहां के कर्मचारी एवं रायपुर के अधिवक्तागण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, ई एन टी का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

नगर पालिक निगम रायपुर की वार्डवार तैयार निर्वाचक नामावली लोगों के लिए निःशुल्क उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1984 के अनुसार नगर पालिक निगम, नगरपालिका परिषद्, रायपुर की वार्डवार निर्वाचक नामावली तैयार है और लोगों के निःशुल्क निरीक्षण के लिये उपलब्ध है। निर्वाचक नामावली 1 जनवरी 2024 के आधार पर तैयार की गई है। नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने या किसी प्रविष्टि को संशोधित करने के लिये दावा करना चाहे या किसी व्यक्ति

का नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में आपत्ति करना चाहे, वह इस संबंध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्ररूप (फार्म) में कार्यालय समय के दौरान कभी भी, दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने की आखरी तारीख 23 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग रायपुर, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं राजस्व विभाग तहसीलदार तहसील कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर में प्रस्तुत कर सकता है।

एआईसीसी ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को ओड़िशा कांग्रेस के संगठनात्मक कार्य की जिम्मेदारी सौंपी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत को ओड़िशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक कार्य की महती जिम्मेदारी सौंपी है। बतादें, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के हवाले से पत्र जारी कर यह आदेश निकाला है। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष एवं ओड़िशा संगठनात्मक प्रभारी डॉ. चरणदास महंत ने इस भरोसे और विश्वास के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्षा सोनिया गाँधी, महासचिव एवं सांसद राहुल गाँधी, महासचिव प्रियंका गाँधी, के.सी.वेणुगोपाल का आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि इस महती जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी से पूर्ण करने का भरोसा दिलाता हूँ।

एथेनॉल प्लांट बंदी आंदोलन का 26 वां दिन आंदोलनकारियों पर झूठा केस थोपने का सिलसिला शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनॉल प्लांट को बंद करने की मांग को लेकर पथर्रा में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 26वां दिन भी शांतिपूर्ण जारी है। इस बीच आंदोलन कारियों ने आरोप लगाया है कि बिना कारण एसडीएम द्वारा खेमाराम साहू और बसंत जोशी को नोटिस जारी कर 25 अक्टूबर को पेशी बुलाई गई। झूठे प्रकरण पर प्रशासन की इस रणनीति का आंदोलन कारी मुंह तोड़ जवाब देंगे। आंदोलनकारी ताकत बढ़ाने प्रतिदिन धरना के बाद आसपास के गांव में समर्थन और जन जागरण रैली निकल रहे है। इस तारतम्य में आज सरदा में जागरण अभियान चलाया गया। बायोटेक फ्यूल्स के प्रबंधन द्वारा ग्राम पथर्रा से इस प्लांट की लिए ग्राम सभा की अनापत्ति प्राप्त करने की बात को पथर्रा वासियों ने झूठा करार दिया पथर्रा गांव के लोगों का कहना है ग्राम सभा द्वारा इस प्लांट को किसी प्रकार की अनुमति प्रदान नहीं की गई है बल्कि ग्राम पंचायत द्वारा इस प्लांट के दी गई अनुमति को ग्राम सभा द्वारा निरस्त किया जा चुका है। पंचायती राज में ग्राम सभा ही सर्वोच्च संस्था है जिसके प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी निरस्त नहीं किया जा सकता है। परंतु इसे प्रशासन द्वारा ही पालन नहीं किया जा रहा है।

धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू किया जाये तथा अवधि बढ़ाई जाये : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रही है। सरकार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है पहले ही सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरूआत देर से की जा रही है तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिये। ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। खरीदी अवधि कम करना भाजपा सरकार बदनीयती का प्रमाण है। पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है। रकबा बढ़ा है। पैदावार भी ज्यादा हुआ है। प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट भी बढ़ी है, फिर खरीदी की अवधि कम करने का आधार क्या है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रू. में करे क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार किसानों का बकाया राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान दीपावली से करें ताकि किसान दीपावली मना सकें।

राज्य में श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने त्वरित कार्यवाही करें : लखनलाल देवांगन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने के लिए त्वरित कार्यवाही करें और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने स्थानीय होटल में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों का सशक्तिकरण, भविष्य का निर्माण' विषय पर आयोजित कार्यशाला के समापन अवसर पर कहा कि प्रत्येक श्रमिक को काम देने के लिए श्रम विभाग द्वारा 84 लाख श्रमिकों का पंजीयन कर योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्माण कार्य बिना श्रमिकों के संभव नहीं है, सरकार श्रमिकों का सम्मान कर योजनाओं का लाभ दिलाकर स्वाभिमान से जीवन जीने का अधिकार दिला रही है। इस अवसर पर श्रम मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग के मैदानी अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्रम मंत्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र एवं जरूरतमंद श्रमिकों को मिले, इस दिशा में श्रम विभाग के मैदानी अधिकारी त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की सोच है कि प्रदेश के श्रमिकों को इन योजनाओं का बेहतर लाभ मिले। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा भी श्रमिकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में 237 करोड़ रूपये का लाभ श्रमिकों को प्रदान किया गया। डीबीटी के जरिए यह राशि श्रमिकों के बैंक खाते में अंतरित की गई। श्रम मंत्री ने कहा कि श्रमिकों को किसी भी कार्य के लिए भटकना न पड़े। इस दिशा में विभाग के अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में 70 योजनाएं संचालित की जा रही है। सचिव सह श्रमायुक्त अलरमेलमंगई डी. ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र और जरूरतमंद हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित करें। पंजीकृत श्रमिक परिवार के बच्चों को शासन की छात्रवृत्ति योजना से भी लाभान्वित करें।

19 Oct. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email ID - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किस्तों में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

KSR KisaN Parryware always in fashion
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

9575261555
VASTU समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं कारपोरेट सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403